रांची
बुधवार
30.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 07
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-294 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
इंसान कभी हार नहीं सकता यदि वह अपने अहंकार और क्रोध को मार दे तो..!

## जेएमएम नेता को धमकी देने मामले में दो गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** सोमवार की रात 9:30 बजे गंगा हॉस्पिटल में कुख्यात अपराधी अमन साहू के नाम पर दो अपराधियों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश स्तर के नेता संजीव तिवारी को धमकी दी है। वहीं, घटना के बाद इसकी जानकारी पलामू एसपी चंदन सिन्हा को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी के आदेश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जोर-शोर से छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान एक युवक विपुल पांडेय को हाउसिंग कॉलोनी से और दूसरे अपराधी धीरज शर्मा को बाईपास रोड से गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाना लाया गया। पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने अपना जुर्म कबूल किया है। पूछताछ के बाद दोनों अपराधियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। वहीं, जेएमएम नेता संजीव तिवारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 9:35 बजे दो युवक बाइक पर सवार होकर उनके रेड़मा स्थित गंगा हॉस्पिटल पहुंचे और मुख्य गेट पर संजीव तिवारी के बारे में पूछने लगे। अपराधियों ने उनसे मिलने के लिए कहा तो चालक द्वारा मना किया गया। इस पर अपराधियों ने चालक के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। सीसीटीवी में फुटेज देखकर झामुमो नेता जब बाहर निकले तो उन्हें देखकर दोनों युवकों ने स्वयं को अमन साहू गैंग का बताया और जान से मारने की धमकी दी। झामुमो नेता ने तत्काल इसकी सूचना शहर थाना पुलिस को दी।

**टिप्पणी** ❍ रिम्स की बदहाली व अन्य मामलों से जुड़े जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, कोर्ट बोला -

# रिम्स निदेशक काम नहीं करना चाहते हैं तो दें इस्तीफा

### सुनवाई के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सचिव अरुण कु. सिंह कोर्ट में सशरीर हुए उपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) के निदेशक की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। रिम्स की बदहाली और नियमों के विपरीत आउटसोर्सिंग के जरिये कर्मियों की नियुक्ति के मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मौखिक तौर पर कहा कि ऐसा लगता है कि रिम्स निदेशक काम नहीं करना चाहते हैं। वे रांची की बजाय दिल्ली या विदेश में ज्यादा समय बिताना चाहते हैं। ऐसे में उन्हें रिजाइन कर देना चाहिए। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए।

■ रांची की बजाय दिल्ली या विदेश में ज्यादा समय बिताना चाहते हैं रिम्स निदेशक

#### कोर्ट ने पूछा - आउटसोर्सिंग पर क्यों की गयी नियुक्ति



**कोर्ट** ने मौखिक तौर पर कहा कि रिम्स में स्वीकृत पदों पर नियमित नियुक्ति करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था। उसके बाद भी आउटसोर्सिंग पर नियुक्ति क्यों की गयी? रिम्स ने इस संबंध में राज्य सरकार से मार्गदर्शन क्यों मांगा, जबकि स्वीकृत पदों पर स्थायी नियुक्ति का कोर्ट का आदेश था। इस मामले में रिम्स निदेशक पर अवमानना का मामला चलाया जायेगा। खंडपीठ ने कहा कि सरकार की ओर से रिम्स में आउटसोर्सिंग के आधार पर नियुक्ति के लिए सरकार की ओर से संकल्प जारी करना सही निर्णय नहीं था, क्योंकि इससे संबंधित मामला अभी कोर्ट में चल रहा है।

#### रिम्स ने माना- विज्ञापन में हुई है गलती

**खंडपीठ** ने पूछा कि कि रिम्स में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति के विज्ञापन में यह कैसे लिखा है कि झारखंड के नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं? नागरिक देश का होता है, राज्य का नहीं। कोर्ट ने कहा कि हालांकि बाद में सरकार ने नये विज्ञापन में इसमें संशोधन कर दिया। लेकिन इससे कई उम्मीदवार वंचित हो गये और उनकी उम्र सीमा बीत गयी। सुनवाई के दौरान रिम्स ने भी माना कि विज्ञापन में गलती हुई है। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई छह दिसम्बर को निर्धारित की है।

**निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण का मामला**

## सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस किया जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को अवमाननावाद का नोटिस जारी किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह नोटिस गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गयी अवमाननावाद याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार ने पक्ष रखा। मालूम हो कि गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में झारखंड सरकार के खिलाफ अवमाननावाद याचिका दायर की है। उन्होंने यह अवमाननावाद याचिका झारखंड में बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने के विरुद्ध दायर किया है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपनी याचिका में कहा था कि राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव के पहले सर्वोच्च न्यायालय में जो शपथ-पत्र दायर किया था उसका पालन नहीं किया। सरकार ने उक्त शपथ-पत्र के विरुद्ध बिना ओबीसी के आरक्षण का निकाय चुनाव कराने का निर्णय ले लिया।

इस क्रम में उल्लेखनीय है कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पंचायत चुनाव से पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण लागू करने के संबंध में एक याचिका दायर की थी, तब झारखंड सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को बताया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है और झारखंड सरकार भविष्य में होनेवाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गये निर्देश का अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है।

**गिरिडीह सोलर सिटी के रूप में हो रहा विकसित**

## 2023 तक राज्य के 200 गांवों को सोलराइज करने का लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य सौर नीति 2022 के तहत एक हजार गांवों को सोलराइज करने के लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिये प्रथम चरण में 2023 तक झारखंड के 200 गांवों को सोलराइज करने को दिशा में सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है ताकि गांवों को सोलराइज करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास को बढ़ावा, बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में सुधार, ग्रामीण आय को बढ़ाना, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सौर को एकीकृत करके रोजगार का अवसर प्रदान किया जा सके। इस कड़ी में गिरिडीह को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां घरेलू उपभोक्ता के लिए कुल 17 मेगावाट एवं वाणिज्यिक सेक्टर के लिए पांच मेगावाट का रूफटॉप पॉवर प्लांट, एक मेगावाट सोलर स्ट्रीट लाइट एवं ग्राउंड माउंटेड सोलर पॉवर प्लांट 18 मेगावाट का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पांच मेगावाट रूफटॉप लगाने की कार्यवाही चल रही है।

■ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के प्रति संजीदा सरकार

#### कम्युनिटी बेस्ड सौर प्रतिष्ठानों के माध्यम से गांवों को मिलेगी बिजली

**सौर** नीति के तहत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों और ग्रामीणों को सशक्त करना चाहती है। इसके लिये सभी अड़चनों को दूर करने का कार्य किया जायेगा। जिससे स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, पुलिस स्टेशनों जैसी संस्थागत केंद्रों को सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध करायी जा सके। साथ ही ग्रामीणों द्वारा उपयोग किये जानेवाले दुकानों एवं कृषि कार्य में सौर ऊर्जा का उपयोग हो सके। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित एमएसएमई को सशक्त करना भी है।

**रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान :** नीति के तहत बिजली की अधिक खपत वाले गांवों को प्राथमिकता देने का कार्य किया जायेगा। मध्यम आकार के गांवों या अधिक छोटे समूहों की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## कांटाटोली फ्लाईओवर के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के आलोक में योगदा सत्संग आश्रम, बहुबाजार से शांति नगर, कोकर तक (वाया कांटाटोली चौक) फ्लाई ओवर परियोजना अंतर्गत मौजा-कोनका एवं सीरम में भूमि अधिग्रहण का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया गया है। अर्जित भूमि की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत अंजना दास, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रांची द्वारा कुंवर सिंह पाहन, अपर नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, रांची को परियोजना निदेशक जुडको अरविंद मिश्रा की उपस्थिति में अधिपत्य मंगलवार को सौंप दिया गया। गौरतलब है कि दिनांक एक नवम्बर 2022 को कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य का निरीक्षण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा 30 नवम्बर 2022 तक भू-अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण कर लेने का निर्देश रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को दिया गया था। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा उक्त के आलोक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रांची से परियोजना की भूमि अधिग्रहण की प्रगति के संबंध में लगातार समीक्षा की गयी और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया गया।



## दावा : शराब के ठेके में बड़ा घोटाला राजस्व को 600 करोड़ का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद विभाग में शराब टेंडर को लेकर घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में सरकार के टेंडर में गड़बड़ी की वजह से 600 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान हुआ है। बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि झारखंड में छत्तीसगढ़ से घोटाला करने के लिए ही लायी गयी शराब नीति और छत्तीसगढ़ी कंपनियों का प्रकोप अब सामने आ गया है। चेहरा बचाने के लिए उत्पाद विभाग ने ठेके से पहले ही चुन कर रखे गये पसंदीदा कंपनी जिन कंपनियों पर टार्गेट पूरा नहीं करने के लिए जुर्माना लगाया है, उनमें तीन ने उच्च न्यायालय में सरकार पर मुकदमा कर दिया है। बाबूलाल ने कहा कि शराब बेचनेवाली मैन पावर सप्लाई कंपनियां कह रही है कि उन्हें ब्रांडेड शराब/बीयर की सप्लाई मिल ही नहीं रही ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

■ बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की



#### अफसरों पर कार्रवाई करें सीएम : बाबूलाल

**बाबूलाल** मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा है कि इससे पहले की इस शराब घोटाले के मामले में आप भी फंसे बिना देरी किये उन अफसरों पर कठोर कारवाई करिये, जिन्होंने दिल्ली की तर्ज पर शराब घोटाले में आपकी गर्दन फंसाने का पक्का इंतजाम कर दिया है।

## पंकज मिश्रा ने न्यायिक हिरासत में किये तीन सौ से अधिक फोन कॉल

**ईडी ने रांची के पीएमएलए कोर्ट को दी है जानकारी** ❍ बड़े अफसरों और पुलिस पदाधिकारियों से होती थी बात

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि अपने राजनीतिक प्रभाव व संरक्षण का इस्तेमाल न्यायिक हिरासत में होने के बाद भी कर रहे थे। पंकज मिश्रा के द्वारा 27 जुलाई से 20 अक्टूबर 2022 के बीच 300 से अधिक फोन कॉल किये गये। अधिकांश फोन कॉल राज्य के बड़े नौकरशाहों व पुलिस पदाधिकारियों को किया गया। वहीं, चौकानें वाली बात यह भी है कि रिम्स में पंकज मिश्रा की पहरेदारी पर लगे पुलिसकर्मियों के मोबाइल से भी बातचीत की गयी थी। पूरे मामले में ईडी ने यह तथ्य रांची के पीएमएलए कोर्ट में रखा है। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि पंकज मिश्रा अपने पद का प्रभाव करते हुए अपने सहयोगियों व पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया करते थे। ईडी ने इस मामले में चार मोबाइल फोन जब्त करने की जानकारी कोर्ट को दी है।

■ रिम्स में कैदी पंकज मिश्रा की पहरेदारी में लगे पुलिसवालों के मोबाइल से भी हुई बातचीत



**प्रभावी व उच्च पदों पर आसीन लोगों को किया कॉल :** ईडी ने कोर्ट को बताया है कि 27 जुलाई से 20 अक्टूबर की सुबह तक पंकज मिश्रा ने राज्य के कई प्रभावी व उच्च पद पर आसीन लोगों से बातचीत की। साथ ही कोर्ट को यह बताया गया है कि राज्य की वर्तमान सरकार के द्वारा भी पंकज मिश्रा को संरक्षण प्राप्त है।

#### दो सहयोगियों से होनी है पूछताछ

**पंकज** मिश्रा के द्वारा न्यायिक हिरासत में होने के बावजूद मोबाइल फोन के इस्तेमाल के मामले में 20 अक्टूबर को ईडी ने सूरज पंडित व चंदन यादव को पकड़ा था। इस मामले में नये सिरे से दोनों का बयान दर्ज कराया जायेगा। ईडी सूरज पंडित को छह दिसम्बर जबकि चंदन यादव को सात दिसम्बर को पूछताछ के लिए समन किया है।

### विशाल चौधरी ने ईडी से दो सप्ताह का मांगा वक्त

**रांची।** ईडी के समक्ष सोमवार को हाजिर नहीं होनेवाले विशाल चौधरी ने एजेंसी से दो हफ्तों का वक्त मांगा है। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने 24 नवम्बर को थाइलैंड रवानगी के पहले विशाल चौधरी को रोककर 28 नवम्बर को रांची जोनल ऑफिस में हाजिर होने का समन दिया था, लेकिन विशाल 28 नवम्बर को हाजिर नहीं हुआ। अब अपने अधिवक्ता के माध्यम से पत्र भेजकर विशाल ने दो हफ्तों का वक्त मांगा है। विशाल के पत्र पर एजेंसी विचार कर रही है।

## सुको में केंद्र ने कहा- कोविड वैक्सीन से होनेवाली मौतों के लिए हर्जाना देने को बाध्य नहीं

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपने हलफनामे में कहा है कि कोविड वैक्सीन से होनेवाली मौतों के लिए उसे जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। केंद्र का जवाब उस याचिका पर था जिसमें वैक्सीन लेने के बाद दो लड़कियों की मौत हो गयी थी। केंद्र ने अपने जवाब में कहा कि वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत लगाये जा रहे टीके थर्ड पार्टी ने तैयार किये हैं। हमारे अलावा दूसरे देशों ने भी इसका रेगुलेटरी रिव्यू किया है। सरकार का कहना था कि एक-दो मौतों के लिए उसे जिम्मेदार ठहराना कानूनी तौर पर जायज नहीं है। ऐसा कोई दस्तावेज नहीं है जो ये साबित करे कि इस तरह की मौतों के लिए वो जिम्मेदार है। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने हलफनामे में कहा कि वैक्सीन लेने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। कोई भी इसे अपनी इच्छा से ही लेता है। केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में यह बात कही है।

# अब 'एमपॉक्स' के नाम से जाना जायेगा मंकीपॉक्स

**डब्ल्यूएचओ ने किया ऐलान** ❍ अगले एक साल में पूरी तरह हटा दिया जायेगा मंकीपॉक्स नाम को

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मंकीपॉक्स बीमारी को अब 'एमपॉक्स' के नाम से जाना जायेगा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने यह ऐलान किया है। दुनिया भर के विशेषज्ञों के साथ विमर्श कर डब्ल्यूएचओ ने मंकीपॉक्स का नाम बदला है। दरअसल, डब्ल्यूएचओ को शिकायतें मिली थीं, जिसमें मंकीपॉक्स नाम का इस्तेमाल आपत्तिजनक और नस्लवादी टिप्पणियों के लिए किया जा रहा था। इसके बाद इसके नाम को बदलने पर विचार किया गया। फिलहाल मंकीपॉक्स और एमपॉक्स दोनों ही नाम का इस्तेमाल होगा, लेकिन अगले एक साल में मंकीपॉक्स नाम को पूरी तरह हटा दिया जायेगा।

■ आपत्तिजनक और नस्लवादी टिप्पणियों के लिए किया जा रहा था नाम का इस्तेमाल



#### मंकीपॉक्स के लक्षण

- मंकीपॉक्स चेचक की तरह होता है।
- 7-10 दिन में व्यक्ति में संक्रमण के लक्षण दिखने लगते हैं।
- इसमें लक्षण को तौर पर संक्रमित व्यक्ति को बुखार महसूस होता है।
- शरीर में दर्द और थकान भी महसूस हो सकती है। यह पहला चरण है।
- संक्रमण के दूसरे चरण में त्वचा पर कहीं-कहीं गांठ दिखने लगती हैं और चकते आ जाते हैं और फिर यही चकत्ते बड़े दानों में बदल जाते हैं।

#### इसलिए दिया गया था मंकीपॉक्स नाम

**मंकीपॉक्स** को इसका नाम इसलिए मिला क्योंकि इस बीमारी से जुड़े वायरस की पहचान सबसे पहले 1958 में डेनमार्क में शोध के लिए रखे गये बंदरों में हुई थी। हालांकि, यह बीमारी कई जानवरों में पायी जाती है और चूहों आदि जैसे रोडेन्ट्स जानवरों में खूब मिलती है। इस साल की शुरुआत में कई देशों में इस बीमारी से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए थे। यह वायरस पशुओं से फैलना शुरू हुआ और इंसानों में बहुत तेजी से फैला। 1970 में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में पहली बार मनुष्यों में इस बीमारी के लक्षण नजर आये थे। इसके बाद से इसका प्रचार मनुष्यों में मुख्य रूप से कुछ पश्चिम और मध्य अफ्रीकी देशों तक सीमित रहा। हालांकि, इस साल इसके केस भारत सहित कई देशों में भी मिले। इस साल 110 देशों से लगभग 81,107 पुष्ट मामले मंकीपॉक्स के मिले। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 55 लोगों की मौत भी दुनियाभर में इस साल मॉकीपॉक्स से हुई।

**व्यवसायियों को डर**

## रुपये के डिजिटलीकरण से ब्याज पर उधार लेकर धंधा करनेवालों को होगा नुकसान

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक दिसम्बर से खुदरा केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा शुरू करने की घोषणा की है। डिजिटल रुपया एक डिजिटल टोकन के रूप में होगा जो लीगल टेंडर होगा। इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए कुल आठ बैंकों की पहचान की गयी है इसके पहले चरण में कुल चार बैंक शामिल होंगे इनमे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं। डिजिटल रुपया जैसे कागजी नोट जारी किये जाते थे, वैसे ही जारी किये जायेंगे। यह बैंकों के माध्यम से वितरित किया जायेगा। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि उपयोगकर्ता संग्रहीत डिजिटल वॉलेट के माध्यम से डिजिटल रुपये के साथ लेन-देन करने में सक्षम होंगे। लेकिन लोगों को डर है कि नोट को डिजिटल करके, ब्याज पर उधार लेकर धंधा करनेवालों को नुकसान होगा। इस बारे में कई व्यवसायियों का आपसी बातचीत में कहना है कि छोटे व्यवसायियों को व्यवसाय करना दिन पर दिन दूभर होता जा रहा है।

इस बारे में आरबीआई ने बताया कि लेन-देन पर्सन टू पर्सन और पर्सन टू मर्चेंट दोनों हो सकते हैं। व्यापारिक स्थानों पर लगे क्यूआर कोड का उपयोग करके व्यापारियों को भुगतान किया जा सकता है। सेंट्रल ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

■ एक दिसम्बर से मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु व भुवनेश्वर में शुरू होगा डिजिटल रुपया

■ पहले चरण में एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में होगा शुरू

## न्यूज गैलरी

### खुशी का पल मातम में बदला बाराती गाड़ी और ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर में 2 की मौत

मांडर। एनएच 75 में मांडर थानाक्षेत्र के चीलटोली तिग्गा पेट्रोल पंप के निकट सोमवार देर शाम हो हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वही दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार देर शाम करीब 8 बजे की है। मृतकों में चान्हो के पतरातू निवासी अनंत महतो 50 वर्ष व विजय कुमार गुप्ता लगभग 35 साल शामिल हैं।वहीं चान्हो के भाजपा मंडल अध्यक्ष पतरातू के ही रहने वाले विजय महतो 40 वर्ष व बोलेरो चालक सूरज उरांव 25 वर्ष घायल हुए हैं। सूरज उरांव को मांडर रेफरल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है, जबकि विजय महतो को ईलाज के मांडर के मिशन स्थित निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि बोलेरो जेएच03आर-8472 पर चालक सहित छह लोग सवार थे,जो चान्हो के पतरातू से रामवृत महतो के बेटे के बारात में शामिल होने गोला चितरपुर बारात जा रहे थे। इसी क्रम में चीलटोली के निकट उनके आगे जा रही ट्रैक्टर ने अचानक यू टर्न मार दिया,जिससे ट्रैक्टर की ट्राली से बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि बोलेरो के बीच के हिस्सा का परखच्चा उड़ गया।टक्कर के बाद मौके पर पहुंची मांडर पुलिस ने सभी घायलों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया।लेकिन इससे पहले ही विजय कुमार गुप्ता व अंनत महतो की मौत हो चुकी थी। हादसे में बोलेरो पर सवार पतरातू के ही ही परयाग महतो व लखन साहू को मामूली चोट आयी है।जानकारी के अनुसार घटना में मृत विजय कुमार गुप्ता पतरातू का पीडीएस डीलर था वहीं अनंत महतो सब्जी का व्यवसाय से जुड़ा था। हादसे के बाद बारात जा रहे अन्य लोग रास्ते से ही लौट गए। गांव में खुशियों का माहौल पर मातम में बदल गया।वही गांव के नागेश्वर महतो, भाजपा नेता सतीश शाह, चंदन गुप्ता, अमरनाथ कुमार,रामबालक ठाकुर, शिवनाथ तिग्गा, पीडीएस डीलर जियाउल रहमान, तनवीर आलम सहित बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे थे।

### अवैध बालू लोड वाहन को पुलिस ने पकड़ा

**मांडर।** मांडर थानाक्षेत्र अंतर्गत टांगरबसली चौक पर से एक टर्बो गाड़ी जेएच 01डी क्यू/ 0291, जिस पर अवैध बालू लोड किया हुआ था, पकड़ा गया है। इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के निर्देश पर हो गई है।

### कौन हैं शिव ? रहते कहां हैं?

रांची। परमात्मा शिव देवों के भी देव महादेव ब्रह्मा विष्णु और शंकर के रचीयता है, जिन्हें हम त्रिमूर्ति तीनों लोकों के मालिक त्रिलोकीनाथ और तीनों कालों के जानने वाले त्रिकालदर्शी कहते हैं। विश्व की सभी आत्माओं चाहे वे देवात्मा हैं। महान आत्मा है, पूज्य आत्मा है, धर्मात्मा है की पिता परमपिता परमात्मा शिव है। वाह अजन्मा है, उपभोक्ता है। उनका रूप निराकार ज्योति बिंदु है, वह परमधाम निवासी है। शिव का अर्थ कल्याणकारी है। परमात्मा निराकार है इसका अर्थ यह नहीं कि उसका कोई आकार नहीं है बल्कि उसका कोई शरीर नहीं है। आकार का अर्थ स्थूल आंखों से ना दिखने वाला सूक्ष्म ज्योति बिंदु स्वरूप है। देवताओं सूक्ष्म लोक से भी ऊपर एक असीमित रूप से फैला हुआ तेज सुनहरे लाल रंग का प्रकाश है जिसको अखंड ज्योति महत्त्व ब्रह्म तत्व कहते हैं। यह तत्व प्राया प्राकृतिक तत्वों से अति सूक्ष्म है इसका भी सचेत कार दिव्य चक्षु द्वारा ही हो सकता है। इस स्थान को ब्रह्म लोक, परमधाम, मुक्तिधाम, शांति धाम, निर्वाह धाम, मोक्षधाम अथवा शिवपुरी कहा जाता है। इस लोक में ना संकल्प है ना कर्म है। हम अपना हाथ अथवा मुख ऊपर की ओर ही उठाते हैं क्योंकि जाने अनजाने यह स्मृति परमपिता परमात्मा की है जो ऊपर परमधाम में निवास करते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए अपने नजदीकी ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं जहां पाठशाला चलती है तथा वहां प्रवेश निशुल्क रहता है।

### पिस्कानगड़ी में महिलाओं ने जागरुकता रैली निकाली

पिस्कानगड़ी। नगड़ी के बलालौंग गांव में महिलाओं ने लिंग आधारित हिंसा के विरोध में मंगलवार को जागरुकता रैली निकाली। ग्रामीण महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए गांव टोलों में गई। जिला परिषद सदस्य पूनम देवी ने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर किसी भी प्रकार की हिंसा को लेकर जागरूक रहें। पुरुषों द्वारा महिलाओं पर की जानेवाली अनावश्यक लैंगिक हिंसा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर हैं।

### ईडी के गवाह का आरोप, पंकज मिश्रा पर दर्ज केस रफा-दफा करना चाहती है पुलिस

# ईडी के गवाह का आरोप, जबरन सादे कागजात पर पुलिस ने कराया हस्ताक्षर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में 1000 करोड़ के अवैध खनन व उससे जुड़े मामलों में मामला गंभीर होता जा रहा है। बरहेट के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ अवैध खनन का केस कराने वाले साहिबगंज के विजय हांसदा ने साहिबगंज के जिला व सत्र न्यायाधीश के यहां आवेदन देते हुए कहा है कि उससे सादे कागज पर उससे हस्ताक्षर करवा लिया था। इसके बाद केस की वापसी के लिए साहिबगंज एसपी के यहां आवेदन डलवा दिया गया। साथ ही पुलिस इस केस को रफा दफा करना चाहती है। ईडी के गवाह विजय का आरोप है कि उसपर लगातार केस वापस करने का दबाव डाला जा रहा है। विजय हांसदा निंबू पहाड़ पर अवैध खनन के मामले में दर्ज केस के आधार पर ईडी का गवाह बना था।

### जेल में बंद है विजय हांसदा, 11 नवंबर को पुलिस ने भेजा था जेल

**ईडी का गवाह विजय हांसदा फिलहाल साहिबगंज जेल में बंद है। विजय व उसके बेटे मनोज हांसदा को 11 नवंबर को साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थाने की पुलिस ने जेल भेजा था। आरोप था कि विजय हांसदा व उसके बेटे के द्वारा हथियार के बल पर ग्रामीणों को धमकी दी जा रही थी। पुलिस ने तब प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि दरोगा अनुपम प्रकाश को मिली सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां राइफल के साथ विजय को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।**

**क्या है ईडी के गवाह विजय हांसदा का मामला :** विजय हांसदा ने पंकज मिश्रा, विष्णु यादव, पवितर यादव, राजेश यादव, संजय यादव, बच्चू यादव, संजय कुमार यादव, सुभेष मंडल समेत अन्य लोगों के खिलाफ कोर्ट कंप्लेन कर अवैध खनन में संलिप्तता का आरोप लगाया था। इस मामले को भी ईडी ने अपने अवैध खनन संबंधी ईसीआईआर का आधार बनाया था। लेकिन रविवार को दुमका डीआईजी सुदर्शन कुमार मंडल ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा था कि विजय हांसदा ने केस को फर्जी बताते हुए इसे बंद करने का एक आवेदन साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा को दिया है। वहीं विजय हांसदा ने मंगलवार को साहिबगंज जेल से एक आवेदन साहिबगंज जिला एवं सत्र न्यायधीश को भेजा है। जिसमें उसने बताया है कि वह फिलहाल जेल में बंद है। लेकिन उसे जानकारी मिली है कि पुलिस इस केस को बंद करना चाहती है। विजय ने आरोप लगाया है कि जब वह बाहर था, उससे जबरन सादे पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिया गया था। उसी सादे कागज को अब केस वापसी का पेपर बनवा कर दुरूपयोग किया जा रहा है। विजय ने कोर्ट को बताया है कि पंकज मिश्रा समेत अन्य आरोपियों के साथ उसका कोई मेल मिलाप नहीं हुआ है। केस बिल्कुल सही है। विजय ने बताया है कि विष्णु यादव नाम के व्यक्ति ने केस वापसी का दबाव डाला था। साथ ही पुलिस केस को दबाना व मैनेज करना चाहती है। विजय ने परिवाद पत्र के जरिए मांग की है कि उसके केस को जारी रखा जाए। विजय हांसदा ने केस मैनेज करने को लेकर बनाए जा रहे दबाव की मोबाइल में वीडियो रिकार्डिंग की बात भी कही है।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**





नाम-बुधी देवी उम्र-20 वर्ष, रंग-गोरा, नाम-कृष्ण सिंह मुण्ड़ा उम्र-3 वर्ष उँचाईं- 5फीट, पहनावा-नीला रंग का साड़ी और नीला रंग का ब्लौज पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला बुधी देवी पति-अजीत कुमार मुण्ड़ा, पता-चिरूडिह थाना-तमाड़, जिला-राँची, जो दिनांक 30.10.2022 को घर से बिना बताए अपने बेटा कृष्ण सिंह मुण्ड़ा, उम्र-3 वर्ष के साथ कहीं चली गईं जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में तमाड़ थाना सनहा संख्या-10 / 22 दिनांक-07.11.2022, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, तमाड़, राँची। -9431706144

थाना प्रभारी, तमाड़ राँची। -9431706193

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 283714 Police(22-23)#D


### इक्फाई विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह तीन दिसंबर को

# राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि, 139 छात्रों को दी जायेगी डिग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का तीसरा दीक्षांत समारोह तीन दिसंबर (शनिवार) को अपराह्न दो बजे से आर्यभट्ट सभागार, मोरहाबादी में आयोजित किया जाएगा। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने और मुख्य अतिथि बनने की सहमति दी है। समारोह में विशिष्ट अतिथि जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय, सिटिंग जज, झारखंड उच्च न्यायालय और प्रभारी न्यायाधीश, नेशनल यूनिवर्सिटी फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च इन लॉ, रांची के होंगे। वर्ष 2022 में स्नातक करने वाले 139 छात्रों को दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री प्रदान की जाएगी। इसमें सात पीएचडी डिग्री शामिल हैं।

विश्वविद्यालय प्रबंधन ने वर्ष 2022 में स्नातक करने वाले सभी छात्रों से अनुरोध किया है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर दीक्षांत समारोह के लिए तुरंत ऑनलाइन पंजीकरण कराएं।



### अनुस्मरण-2022 का आयोजन तीन दिसंबर में शाम साढ़े छह बजे से

इक्फाई विश्वविद्यालय के सभी पूर्व छात्रों की बैठक (अनुस्मरण-2022) तीन दिसंबर 2022 (शनिवार) को शाम 6.30 बजे काव्स रेस्टोरेंट, हरमू रोड, रांची में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी इक्फाई विश्वविद्यालय की ओर से अमर कुमार गुप्ता ने दी।

### आदर्श सम्मान समिति का गठन, डॉ. विष्णु राजगढ़िया प्रांतीय संयोजक बने

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने मंगलवार को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन 'आदर्श सम्मान समिति' के गठन का निर्णय लिया है। इस समिति का दायित्व है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा निर्धारित आचार संहिता के संबंध में जागरूकता फैलाना। साथ ही, इसके अनुपालन की दिशा में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने वाले बंधुओं को सम्मानित करना। डॉ विष्णु राजगढ़िया को इस समिति का प्रांतीय संयोजक मनोनीत किया गया है। सभी जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव इस समिति के मानद सदस्य होंगे। साथ ही प्रांतीय संयोजक द्वारा सभी जिलों में आदर्श सम्मान समिति जिला संयोजक का मनोनयन किया जाएगा।


## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या- DWSD/KH-08(CLUS/SVS)/2021-22(9th Call), Dt.- 02.11.2022 P.R. No.- 281245 Drinking Water & Sanitation (22-23)#D के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (Name of Work- Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District- Khunti under D.W. & S. Division, Khunti.) के तिथियों में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| Date Revision | Previous Date | Revised Date |
|---|---|---|
| Bid Submission End Date | 30.11.2022/05.00 PM | 15.12.2022/05.00 PM |
| Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 01.12.2022/05.00 PM | 16.12.2022/05.00 PM |
| Date of Opening of Tender | 02.12.2022/11.00 AM | 17.12.2022/11.00 AM |
| निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी। | | |

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर), कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 283747 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D


### आजसू पार्टी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बिजली की अनियमितता को लेकर आजसू पार्टी के सभी इकाइयों बुद्धिजीवी मंच, महिला समिति, आजसू युवा के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज समय 11 बजे पावर ग्रिड परिसर में किया जाएगा। प्रायः कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि दिन की शुरूआत होते ही सुबह 5:00 बजे बिजली काट दी जाती है। दिनभर बिजली का आंख मिचौली का खेल जारी रहता है और शाम 5:00 बजे पुनः काट दी जाती है जिससे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में बाधक बनता है। एक झलक रात 9:00 बजे दिखाई देती है। रात भर तो बिजली रानी अपनी मनमानी करती रहती है कब आती है, कब चली जाती है वह तो सिर्फ ऊजामंत्री ही जानते हैं। अतः इन परेशानियों को देखते हुए तथा सिल्ली विधानसभा के जन भावनाओं को देखते हुए आजसू पार्टी ने सभी इकाइयों से अपील किया है।

# व्यवसाय के कारकों के बीच संतुलन बनाये रखना आपको एक अच्छा उद्यमी बनाता है : अनिल कुमार निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के फैकल्टी, रिसर्च स्कॉलर्स और छात्रों ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के एंटरप्रेन्योर एंड इनोवेटर्स क्लब के तत्वावधान में उद्यमिता विकास पर सत्र में भाग लिया। यह उन छात्रों के लिए एक बड़ी पहल थी जो उद्यमिता में अपना करियर शुरू करना चाहते हैं। यह उद्यमिता की दिशा में एक प्रकार का प्रेरक सत्र है। सत्र का विषय 'एमबीए स्नातक की एक उद्यमी तक की यात्रा' था । मुख्य वक्ता अनिल कुमार निदेशक, ट्रू ट्रस्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने छात्रों के साथ अपनी यात्रा साझा की कि कैसे उन्होंने अपनी उद्यमिता यात्रा में विषम परिस्थितियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि व्यवसाय के कारकों के बीच संतुलन बनाए रखना आपको एक अच्छा उद्यमी बनाता है। डीन और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. भगवान सिंह ने कहा कि आपका काम आपके जीवन का एक बड़ा हिस्सा भरने वाला है, और वास्तव में संतुष्ट होने का एकमात्र तरीका वह करना है जो आपको लगता है कि अच्छा काम है। और अच्छा कार्य करने का एक ही तरीका है कि आप जो करते हैं उससे प्यार करें। इस सत्र के बाद छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे। क्लब समन्वयक मोहम्मद रिजवान नूरी ने इस पहल का मार्गदर्शन किया। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने इस शानदार सत्र की सफलता पर विभाग को बधाई दी है।


## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या:- 125/2022-23/RWD/GUMLA | दिनांक :- 28.11.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ GUMLA/ 05/2022-23 | हंसलता से अम्बाटोली तक पथ निर्माण कार्य (लं- 1.620 कि0मी0) | 1,37,38,600.00 | एक करोड़ सैंतीस लाख अड़तीस हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- **09.12.2022**
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- **21.12.2022** अपराह्न 5.00 बजे।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **गुमला** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:- **22.12.2022** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- **23.12.2022** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गुमला** के पक्ष में एवं **गुमला** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR283723 (Rural Work Department)22-23*D


# संगोष्ठी का उद्देश्य न केवल ज्ञान साझा करना है बल्कि भविष्य में सहयोगी अनुसंधान को बढ़ावा देना भी है : अशोक भगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मांडर।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में आईजीएनसीए के सहयोग से पीवीजीटी का विकास स्थिति और रणनीतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का मंगलवार को उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। झारखंड के केंद्रीय विश्वविद्यालय और आईजीएनसीए के गणमान्य व्यक्तियों के एक समूह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ। प्रो.क्षिति भूषण दास (कुलपति केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड), प्रो. के.के. मिश्रा (पूर्व कुलपति उत्कल संस्कृति विश्वविद्यालय) और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म अशोक भगत, प्रो. के. अनिल कुमार (प्रमुख, जनपद संपदा प्रभाग, आईजीएनसीए, नई दिल्ली) सीयूजे के प्रशासनिक ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रो. के. अनिल कुमार ने औपचारिक रूप से मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों और देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागियों, प्रतिनिधियों और छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने राष्ट्र के समग्र विकास के महत्व के बारे में उल्लेख किया और संगोष्ठी का उद्देश्य न केवल ज्ञान साझा करना है बल्कि भविष्य में सहयोगी अनुसंधान को बढ़ावा देना भी है। मुख्य भाषण प्रो. के.के. मिश्रा ने दिया। उन्होंने सभी को संगोष्ठी में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में, केके मिश्रा ने भारत में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के विकास विषय के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हमारे देश में पीवीजीटी की अवधारणा का संक्षिप्त इतिहास दिया है। उन्होंने पीवीजीटी की वर्तमान स्थिति, पीवीजीटी के लिए विकास प्रयासों के विस्तृत विवरण पर चर्चा की। बाजारों, उद्योगों, संरक्षण प्रयासों, पर्यटन और वन नौकरशाही की घुसपैठ के कारण पारंपरिक आजीविका, संसाधनों और निवासियों की हानि प्रा.जीएस विकास में विभिन्न चुनौतियां हैं। उन्होंने संगोष्ठी की सफलता की कामना की और प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने वीसी सर से पीवीटीजी के लिए झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में एक विरासत संग्रहालय खोलने का भी अनुरोध किया। प्रो. के.के. मिश्रा ने पीवीटीजी के विकास के लिए आगे बढ़ने के तरीके के रूप में कुछ सुझाव देकर भाषण का समापन किया।

### मरीज को मदद के नाम पर परिजनों से ठगे 50,000

**रांची।** साइबर अपराधी मरीज को मदद के नाम पर भी उसके परिजन को ठगी का शिकार बना रहे है। ताजा मामला बरियातू थाना क्षेत्र के रिम्स का है। यहां भर्ती एक मरीज के परिजन से साइबर अपराधियों ने 50000 की ठगी कर ली है। इस संबंध में चतरा निवासी नीरज कुमार ने बरियातू थाने में शिकायत दर्ज कराइ है। नीरज ने पुलिस को बताया कि उनके पिता गंभीर रोग से ग्रसित है। उनका इलाज रिम्स में चल रहा है। उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब है। इसी वजह से उन्होंने सोशल मीडिया में लोगों से मदद की गुहार लगाई थी। इसी क्रम में एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ठग ने उन्हें एक लिंक भेजा और ओपन करने के लिए कहा। इस दौरान ठग उनसे ओटीपी मांगा। ओटीपी का नंबर बताते ही नीरज के खाते से 50000 की अवैध निकासी हो गई। इसके बाद नीरज सीधे बरियातू थाना पहुंचा और मामला दर्ज कराया। इधर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


## Office of Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

**Very Short Tender e-Procurement Notice**

**(1st Call)**

**Tender reference:-HZB/JJM/SIKRI_KERI/07/2022-23(1st call) Date :- 28.11.2022**

| Sl. No. | Name of the work | Value of work (Rs in Lakhs) | Bid Security (Rs. in Lakhs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, Infiltration Gallery, R.C.C. Gangway 50 M long and 3.00 M wide, 1.20MLD capacity Unconventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir- 1 no., Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for Sikri, Keri and Adjoining villages Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Hazaribagh on turnkey basis." | 1364.83 | 13.65 | 10,000.00 | 18 Months+ 03 Months (Trial and run) |
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:- 03.12.2022 up to 02:00 PM | | | |
| 3. | Date of Pre-bid Meeting | Date:- 08.12.2022 at 12:30 PM in the office of Engineer-in-Chief, D. W. & S. Department Jharkhand Ranchi | | | |
| 4. | Last date receipt of Bid | Date:- 17.12.2022 upto 05.00 PM | | | |
| 5. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 19.12.2022 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi | | | |
| 6. | Date of opening tender | Date:- 20.12.2022 upto 03.00 PM | | | |
| 7. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 8. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 9. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 | | | |
| 10 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division,Hazaribag

PR 283758 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### झारखंड के नेताओं से बातकर राहुल गांधी राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात से हुए अवगत



**रांची।** मंगलवार को मध्यप्रदेश के इन्दौर के सांबेर से भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रातः 06 बजे से शुरू हुई, जिसमें झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंत्री मिथलेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, भारत जोड़ो यात्रा के राज्य संयोजक सुबोधकांत सहाय सहित विधायकगण यात्रा में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि यात्रा के दौरान हीं मध्याह्न भोजन के समय राहुल गांधी ने झारखंड के नेताओं से बातकर राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात और राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे विकास के कार्यक्रमों पर चर्चा की और कहा कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दे में जो कार्य कर रही है वो काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि सरकार के विकासशील चेहरे को बदनाम करने का जो षड़यंत्र भाजपा के द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में इसका डटकर मुकाबला कीजिए। नफरती माहौल, महंगाई, देश की गिरती अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर जो लड़ाई कांग्रेस लड रही है उसी लड़ाई का परिणाम है कि भाजपा बेचौनी में संवैधानिक संस्थाओं द्वारा उस आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है।

### फिशरीज साइंस कॉलेज के 15 छात्रों को जेआरएफ परीक्षा में सफलता मिली

**रांची।** आईसीएआर, नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) परीक्षा- 2022 में फिशरीज साइंस कॉलेज, गुमला के 15 छात्रों को सफलता मिली है. एसोसिएट डीन डॉ एके सिंह ने बताया कि कॉलेज के कुल 23 छात्रों ने इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया था. सभी सफल 15 छात्रों को आईसीएआर से संबद्ध फिशरीज साइंस के संस्थानों में विभिन्न विषयों के पीजी प्रोग्राम में प्रवेश मिलेगा और पुरे दो वर्षीय पीजी प्रोग्राम में फेलोशिप भी मिलेगी. जेआरएफ रैंक के मुताबिक कॉलेज के 5 छात्रों को आईसीएआर झ केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई में प्रवेश मिलेगा. अन्य 10 छात्रों को देश के अन्य फिशरीज साइंस कॉलेज में नामांकन लेने का अवसर मिलेगा। कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित फिशरीज साइंस कॉलेज, गुमला के छात्रों की सफलता पर खुशी जाहिर की। उन्होंने इस सफलता के लिए एसोसिएट डीन डॉ. एके सिंह, सफल छात्रों और प्राध्यापकों को बधाई दी।

### रांची जिले में धान खरीद की तैयारी शुरू, स्टॉक में गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई

**रांची।** रांची जिले में धान क्रय केंद्रों की व्यवस्था दुरुस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मिलरों, संबंधित विभाग के अधिकारी, लैंपस और पैक्स को पूरी व्यवस्था सुचारू कर लेने का निर्देश दे दिया गया है। जिले में 15 दिसंबर से किसानों से धान की खरीद की जाएगी। इस बार सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2050 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। उपायुक्त ने धान क्रय केंद्रों की व्यवस्था को सुद्दढ़ करने का निर्देश देते हुए मिल संचालकों से कहा है कि वह लैंपस और पैक्स से नियमित तौर पर अनाज का उठाव करें और इस प्रक्रिया को पूरी तरह दुरुस्त रखें। धान की नमी जांचने वाली मशीन और वजन में ज्यादा अंतर नहीं होना चाहिए। सभी केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि वह किसानों को लौटने नहीं दें। यदि धान में नमी ज्यादा रहे तो उसका भंडारण कर किसानों को दो-तीन दिन बाद बुलाया जाए। उपायुक्त ने वैसे किसान जिनके पास 10 एकड़ से ज्यादा जमीन है और जिनकी धान उपज 200 क्विंटल से ज्यादा है, उनका राशन कार्ड होल्ड करने का निर्देश दिया है। 10 क्विंटल की उपज पर सत्यापन सुनिश्चित करने का भी निर्देश उपायुक्त ने दिया है। एफसीआई से एसएफसी तक अनाज उठाव के स्टॉक में अनियमितता मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात भी उपायुक्त ने कही है। बता दें कि किसानों से धान क्रय करने के लिए जिला अनुश्रवण समिति की बैठक भी हो गई है।

### मनरेगा, आवास, जेएसएलपीएस की योजनाओं के संदर्भ में दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

# मनरेगा के योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : सचिव




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य भर में ग्रामीण विकास विभाग की कई विकास और कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। जिलों में इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने में उपायुक्तों एवं विकास आयुक्तों का अहम रोल है। लोगों को इन योजनाओं का लाभ कैसे मिले, इसमें आपको पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है। ग्रामीण विकास विभाग, सचिव प्रशांत कुमार ने मंगलवार को विभाग के अनुसमर्थन मिशन दल के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास को गति देने के साथ सरकार की योजनाओं को उन लोगों तक पहुंचाएं जिनके लिए इन योजनाओं को बनाया गया है। सचिव प्रशांत कुमार ने कहा कि राज्य में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में अनुसमर्थन प्रदान करने हेतु राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन दल का गठन किया गया है यह ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का सघन पर्यवेक्षण तथा जिलों को सतत मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जो अनुसमर्थन मिशन दल के सदस्य नामित हैं वे क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का निरंतर अनुश्रवण करें। सचिव ने कहा कि यह अभियान सिर्फ अभी तक ही नहीं बल्कि आगे भी निरंतर चलती रहेगी।

#### सरकार और ग्रामीणों के बीच संवाद का मॉडल बनाएं : सचिव

अनुसमर्थन मिशन दल के सभी सदस्य क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और उसकी गति का नियमित निरीक्षण करें। समीक्षा बैठक में सचिव ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत संचालित कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से आमजनों के जीवन में अपेक्षित सुधार किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि संवेदनशील होकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही निरन्तर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजना की पूर्णता में तेजी लाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, विशेष सचिव, ग्रामीण विकास विभाग श्री राम कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव श्रीमती शैल प्रभा कुजुर, संयुक्त सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, उप सचिव श्री प्रमोद कुमार, अवर सचिव श्री चंद्रभूषण, अवर सचिव श्री अरुण कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**कुछ क्षेत्रों में अच्छी उपलब्धि तो कुछ में गति देने की जरूरत :** सचिव ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में विभिन्न जिलों ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है तो इसमें कई जिले पीछे भी हैं । ऐसे में जहां विकास की गति धीमी है, उसे तेज करने के लिए सभी ठोस कदम उठाए जाने चाहिये। सचिव ने यह भी कहा कि जिलों के सामने कई चुनौतियां होती है। उन्हें समय और परिस्थितियों के अनुकूल तत्काल निर्णय भी लेने होते हैं । ऐसे में आप अपने निर्णय को इस तरह लें कि उसका लाभ ज्यादा से ज्यादा राज्य वासियों को हो सके।

### एचईसी कॉलोनी में दो दर्जन से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त

**रांची।** एचईसी आवासीय परिसर में मंगलवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया गया। आवासीय परिसर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर करीब दो दर्जन मकान और दुकानें ध्वस्त की गईं। अभियान अब हर दिन चलेगा। इसमें जिला पुलिस, सीआईएसएफ के जवानों और एचईसी के सुरक्षाकर्मियों ने सहयोग किया। जिला प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों के मौजूद रहने के कारण किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ। करीब पांच घंटे तक अभियान चला। अभियान अभी जारी रहेगा। एचईसी प्रबंधन ने कॉलोनी में रहने वाले सभी अतिक्रमणकारियों को अपने निर्माण हटाने का नोटिस दिया था। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी लोगों ने अपने निर्माण नहीं हटाए।

## राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए आचार्यकुलम रांची के 2 विद्यार्थी चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से डीवीसी के तत्वाधान में रांची में 26 नवंबर 2022 को राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में आचार्यकुलम रांची के विद्यार्थियों ने विजयी ध्वजा लहराया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा जी ने छात्रों को बधाई दी। प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से एक सौ छात्रों का राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। जिनमें जूनियर ग्रुप ए मैं आचार्यकुलम् राँची की छात्रा निधि रानी को द्वितीय पुरस्कार के रुप में 30,000 और शिवम् कुमार कौशल को तृतीय पुरस्कार के रुप में 20000 का पारितोषिक प्राप्त हुआ। सीनियर ग्रुप बी में प्रत्यूष कुमार को सांत्वना पुरस्कार के रुप में 7500 का पारितोषिक प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या सुजाता कौरा जी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आचार्यकुलम रांची के विद्यार्थी कला के क्षेत्र में कला शिक्षक बिजय कुमार जयसवाल के मार्गदर्शन में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। ग्रुप ए में चयनित प्रतिभागी निधि रानी और शिवम कुमार कौशल नई दिल्ली में 11 दिसंबर को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने कला शिक्षक के साथ दिल्ली जाएंगे। विद्यालय के प्रबंधक स्वामी दिव्य देव जी व आचार्यकुलम का प्राचार्या सुजाता कौरा जी ने बच्चों को विशेष शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

### किसान सम्मेलन में जैविक खेती में क्रांति लाने पर हुआ मंथन

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके में मंगलवार को राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन आयोजित हुआ. इसमें 10 जिलों के प्राकृतिक कृषि एवं जैव विविधता जैविक खेती करनेवाले 200 किसान शरीक हुए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर जगरनाथ उरांव (डायरेक्टर एक्सटेंशन एजुकेशन बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी) ने झारखंड के सभी जिलों में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए मदद करने का भरोसा दिलाया. अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया. विशेष अतिथि डॉक्टर महालिंगा शिवा (ओफाज) ने किसानों को जैविक खेती के लिए क्रांति लाने के लिए और खेती करने के लिए आह्वान किया. किसानों ने उनसे सहमति जताते कहा कि वे जैविक खेती की विरासत को और समृद्ध करेंगे. कार्यक्रम के अतिथि नेशनल बीरो ऑफ जेनेटिक शीड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर शशि कुमार चौहान ने भी किसानों को अपने पारंपरिक बीजों को बढ़ाने के लिए मदद करने में मदद की बात कही.

## सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 347वां शहीदी गुरुपर्व मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब, कृष्णा नगर कॉलोनी में हिंद की चादर सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 347वां शहीदी गुरुपर्व मनाया गया.इस उपलक्ष में दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत समूह साथ संगत द्वारा श्री सुखमनी साहिब जी के सामूहिक पाठ से हुई तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई भरपूर सिंह जी एवं साथियों ने तिलक जंजु राखा प्रभ ता का किनो बडो कलु मह साका.... एवं हर को नाम सदा सुखदायी जा कऊ सिमर अजामल उधरिउ गनिका हू गत पाई.... तथा साधो मन का मान तियागो काम क्रोध संगत दुरजन की ता ते अहनिसि भागो....शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया। अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ विशेष दीवान की समाप्ति शाम 6:00 बजे हुई, उपरांत कमिटी द्वारा साध संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। आज सजाए गए विशेष दीवान में प्रकाश गिरधर, गिरीश मिढ़ा, हरजीत बेदी, जग्गी मुंजाल, बबली दुआ, विशनी देवी, आरती खत्री, सीमा मिढ़ा, सांची मिढ़ा, सुमन किंगर, योगिता किंगर, चांद नागपाल, रमेश गिरधर, कृष्णा देवी, उषा झंडई, मुस्कान, सुनीता गिरधर, अंकिता गिरधर, माहिरा गिरधर, पूनम मिढ़ा समेत अन्य उपस्थित थे।



## रांची वेटनरी कॉलेज में स्थापना दिवस एवं फ्रेसर्स डे का आयोजन

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके अधीन संचालित रांची वेटनरी कॉलेज द्वारा बुधवार को स्थापना दिवस सह फ्रेसर्स डे समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम कॉलेज के ऑडिटोरियम में प्रातः 10.30 बजे से होगा. इसके उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अबू बकर सिद्दीकी पी, सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निदेशक डॉ. एके पटनायक होंगे। समारोह की अध्यक्षता बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह करेंगे। डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने बताया कि इस 62 वां स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को वेटरन-ओ-थोन नामक रन फॉर वेटनरी कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर कॉलेज के छात्र झ छात्राओं, कर्मचारियों एवं प्राध्यापकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में भाग लिया। छात्रों के लिए भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को मुख्य समारोह में सम्मानित किया जायेगा। स्थापना दिवस के उपरांत नव नामांकित छात्रों के लिए फ्रेसर्स डे का आयोजन होगा। मौके पर वरीय छात्र झ छात्राओं द्वारा फ्रेसर्स का स्वागत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### नगर निगम की मदद करेंगे रांची यूनिवर्सिटी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स

**रांची।** रांची नगर निगम ने निगम क्षेत्र की सभी सड़कों की विस्तृत जानकारी एकत्रित करने का फैसला लिया है। नगर आयुक्त, रांची नगर निगम ने इसके लिए रांची यूनिवर्सिटी और उससे संबद्ध कॉलेजों के अलावे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के भूगोल संकाय के स्टूडेंट्स की मदद लेने का निर्देश जारी किया है। ये स्टूडेंट्स निगम क्षेत्र के पथों का सर्वे कर निगम को देंगे। निगम के मुताबिक इस जानकारी से निगम की भावी कार्ययोजना, शहरों की साफ-सफाई, सड़कों के साथ-साथ नाली निर्माण और उसकी सफाई जैसी योजनाओं को सफल करने में मदद मिलेगी। इसके अलावे केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हर साल आयोजित होनेवाले स्वच्छ सर्वेक्षण में भी इससे मदद मिलेगी।

### दिखावे की शादी में हो रही फिजूलखर्ची से लोग परेशान

## चांदनी और संभ्रांत की शादी श्याम मंदिर में सादगीपूर्ण व विधि-विधान के साथ आचार्य अनूप दाधिच ने कराई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फिजूलखर्चा, दिखावा, आडम्वर के साथ समाज में विवाह समारोह हो रहे हैं। दूसरी तरफ पढ़े लिखे युवक-युवती चाह रहे हैं कि विवाह सादगीपूर्ण हो, लेकिन हिम्मत वाले लोग आगे बढ़ रहे हैं। दिखावा, आडम्वर, फिजूलखर्ची से लोग परेशान हैं। विवाह के नाम पर अनावश्यक खर्च हो रहा है। बरियातु रोड निवासी सतीष अग्रवाल के सुपुत्र पीयूष कुमार व कांके रोड निवासी स्व. रमेशचन्द्र बूबना की सुपुत्री चांदनी ने यह हिम्मत दिखाई। दोनों पेशे से बी.टेक इलेक्ट्रीकल व साफ्टवेयर इन्जीनियर हैं। संभ्रांत- प्रतिष्ठित परिवार के हैं। इन दोनों और इन दोनों के परिवारवालों ने श्री श्याम मन्दिर, हरमू रोड में विवाह करने का निर्णय किया। विवाह भी आडम्वर, दिखावा व फिजूलखर्चा से दूर सादगीपूर्ण तरीके विधि-विधान से आचार्य अनूप दाधिच ने करवाया। दोनों पक्ष के परिवारजनों की ओर से सीमित संख्या में मेहमान आमंत्रित किये गये थे। विवाह विगत शुक्रवार 25 नवम्बर को सम्पन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने कहा कि दोनों परिवार वाले चाहते तो विवाह किसी बड़े होटल या विवाह भवन में हो सकता था। लेकिन परिवारजन व वर-वधू ने आगे बढ़कर सादगीपूर्ण विवाह का उदाहरण प्रस्तुत कर विवाह योग्य युवक-युवतियों को नया संदेश दिया है। इस तरह के सादगीपूर्ण विवाह समारोह समाज को नई दिशा देगा। वैभवशाली पीयूश-चांदनी के रूप में आगे आए हैं, अब अन्य को आगे आना होगा तभी समाज में आडम्वर, दिखावा, फिजूलखर्ची समाप्त होगा। श्री श्याम मन्दिर परिवार इस नई जोड़ी के इस कार्य की सराहना करता है एवं उनके सुखमय जीवन की प्रार्थना बाबा ष्याम से करता है।



### अरहर उत्पादन प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

## डॉ. नीरज ने फसलों पर रोंगों के लक्षण व उनके बचाव की जानकारी दी

**नवीन मेल संवाददाता**



◆प्लांट ब्रीडर डॉ. सीएस महतो ने फसल लगाते समय अरहर के प्रभेदों, खाद, शस्य कार्य के विषय में विस्तृत जानकारी दी. मास के अध्यक्ष विजय भरत ने अरहर फसल के बीज उपचार के विभिन्न अवयवों पर प्रकाश डाला।

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित आईसीएआर- अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (अरहर फसल)-जनजातीय उपरियोजना के तहत अनगड़ा में अरहर उत्पादन प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. अनगड़ा के मोबाइल एग्रीकल्चर स्कूल एंड सर्विस (मास) के प्रशिक्षण भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड के लालगढ़, सिमलिया तथा सोसो गाँव के करीब 50 पुरुष एवं महिला जनजातीय किसानों ने भाग लिया। परियोजना अन्वेंषक (अरहर शोध परियोजना) डॉ. नीरज कुमार के मार्गदर्शन में बीएयू वैज्ञानिकों के दल ने किसानों की समस्या को जाना और निदान के उचित उपायों को बताया. मौके पर डॉ. नीरज कुमार ने अरहर फसल के उचित देखभाल से सबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। कीट वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार ने अरहर फसल में लगने वाले कीड़े-मकोड़े के हानि पहुंचाने के तरीके, उनसे बचाव के तरीके, समय पर उपयुक्त दवा एवं उसकी उचित मात्रा के प्रयोग की विधि के सबंध में जानकारी दी। पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ. एचसी लाल ने अरहर की खड़ी फसल पर रोंगों के लक्षण, उनकी तीव्रता का समय तथा उपचार के विधियों के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। प्लांट ब्रीडर डॉ. सीएस महतो ने फसल लगाते समय अरहर के प्रभेदों, खाद, शस्य कार्य के विषय में विस्तृत जानकारी दी. मास के अध्यक्ष विजय भरत ने अरहर फसल के बीज उपचार के विभिन्न अवयवों पर प्रकाश डाला। बीएयू वैज्ञानिकों ने परियोजना अधीन अनगड़ा प्रखंड के लालगढ़, सिमलिया तथा सोसो गांव में जनजातीय किसानों के खेतों में अरहर के उन्नत किस्मों का अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण का भी भ्रमण किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को दवा छिड़काव के लिए छिड़काव मशीन एवं दवा का वितरण किया, ताकि किसान समय रहते दवा का उचित उपयोग से फसलों को हानि से बचाया जा सके। मौके पर संतोष कुमार, अर्जुन महतो, रविन्द्र कुमार, संजय कुमार एवं दीपू उपाध्याय आदि भी मौजूद थे।

### राज्य की विद्युत वितरण व्यवस्था प्रोफेशनल्स के हाथों में देना जरूरी : चैंबर

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी नागरिकों से नियमितीकरण योजना के प्रारूप का अध्ययन कर, अपने सुझाव से सरकार को अवगत कराने की अपील की और यह भी कहा कि चैंबर द्वारा भी विभिन्न व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों के साथ 7 दिसंबर को एक वृहद् बैठक का आयोजन किया जायेगा। जहां जनता से सुझाव लेकर, सभी सुझावों से सरकार को अवगत कराया जायेगा। ताकि राज्य में एक जनप्रिय नीति बन सके और अधिकाधिक लोग इस नीति से लाभान्वित हो सकें। राज्य में जारी पावरकट पर चिंता जताते हुए सदस्यों ने कहा कि किसी भी प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए क़्वालिटी एवं क्वांटिटी विद्युत आपूर्ति की पर्याप्त उपलब्धता अनिवार्य है।

### झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी ने चौथे दिन का प्रशिक्षण कार्य हुआ आरंभ

## 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल होकर हुए लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। मंगलवार को प्रशिक्षण के चौथे दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया। जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। मुख्य प्रशिक्षकों ने अपने अनुभव को उन्होंने लाभुको से साझा साझा किया। मुख्य प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः पराग, रायल जेली, इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बताया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।



## न्यूज गैलरी

### सीसीवाईए एवं एसीए संयुक्त रूप से अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में करेगी क्रिसमस गैदरिंग

**सिमडेगा।** अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार की अध्यक्षता एवं अंचल अधिकारी प्रताप मिंज, मैजिस्ट्रेट पंकज भगत की उपस्थिति में अनुमंडल कार्यलय में दिसंबर को होने वाली गैदरिंग के आयोजन के संबंध में सीसीवाईए एवं एसीए के कमिटियों से सात सात सदस्यों के साथ बैठक हुई। जिसमें सामुहिक विचार कर यह निर्णय लिया गया कि दोनों मिलकर एक साथ गैदरिंग करेंगे। जिसकी तिथि 16 से 19 दिसंबर होगी। जिसमे बारी बारी से बसंत लोंगा , शिशिर मिंज, दिलीप तिर्की एवं अन्य ने भी अपने विचारों को रखा। जिसमे अनुमंडल अधिकारी के सफल प्रयास से दोनों कमिटी को एक साथ गैदरिंग आयोजन करते हुए जिले को एक सुंदर संदेश देने की पहल की गई। अंचल अधिकारी प्रताप मिंज जी को दोनों कमिटी की कोर्डिनेशन कमिटी के मेंबर के साथ हर जरूरी सामूहिक बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश भी दिए। बैठक में पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा, शिशिर मिंज, दिलीप तिर्की, जॉनसन मिंज, विशाल तिर्की, पतरस एक्का, गाब्रिएल लकड़ा, अनुग्रह मिंज, बिपिन तिग्गा, शीतल एक्का, अंजली रानी, लीला नाग, माइकल पूर्ति, बिनय तिग्गा, समीर कुल्लू उपस्थित थे।

### 01 दिसंबर को कुडू जिन्गी रोड से बलपूर्वक हटेगा अतिक्रमण

**लोहरदगा।** कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल, लोहरदगा के पत्रांक 49 दिनांक 21.01.2022 के आलोक में चट्टी से कुडू (टाटी चौक) तथा कैरो नया टोली से जिंगी मोड पथ के सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से स्थायी एवं अस्थायी संरचना का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है, जो कि झारखंड लोक भूमि अनावाद सर्वसाधारण की भूमि है। झारखंड लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 की धारा 6 (क)(ई) के अंतर्गत सर्वजनिक भूमि है। उक्त अतिक्रमण वाद संख्या 04/2022-23 में आदेश पारित किया गया है। जिसमें अतिक्रमणकारियों को दिनांक 03.08.2022 तक अवैध संरचना को हटाने का आदेश निर्गत किया गया था परंतु निर्धारित तिथि तक मो0 नईम पिता मो0 नेसार, गंगा सागर महतो पिता स्व0 शंकर महतो, गोपी लोहरा पिता स्व0 गणेश लोहरा, राजू टाना भगत पिता स्व0 मदुवा टाना भगत, बंदे भगत पिता स्व0 फगुवा उरांव, अध्यक्ष-सचिव कांग्रेस भवन जिंगी, राजेंद्र प्रसाद साहू पिता स्व0 बनारसी साहू व मनीष टाना भगत पिता विनोद टाना भगत सभी ग्राम जिंगी के द्वारा सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से निर्मित अवैध संरचना को नहीं हटाया गया। जिसे लोकहित में बलपूर्वक पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुलिस बल के साथ हटाया जाना है। अतिक्रमण हटाने हेतु अनन्त शयनम विश्वकर्मा, अंचल निरीक्षक को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति करते हुए दिनांक 01.12.2002 को तिथि निर्धारित की गई है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए बालक बालिका हॉकी खिलाड़ियों का हुआ ट्रायल

**सिमडेगा।** 20 से 30 दिसंबर 2022 तक भुवनेश्वर में हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित क्वालीफायर खेलो इंडिया यूथ गेम अंडर 18 बालक एवं बालिका हॉकी प्रतियोगिता के लिए सोमवार को रांची के बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हॉकी झारखंड के बालक बालिका हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया गया। जिसमें झारखंड के सिमडेगा ,रांची, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, चाईबासा, सहित एकलव्य, टाटा , साई इत्यादि के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनका लगातार 6 घंटा तक ट्रायल चलने के उपरांत बालक एवं बालिका वर्ग से 25 25 खिलाड़ियों को चयनित किया गया है। इनका विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उनमें से बेहतर 18-18 खिलाड़ियों को चयनित कर उन्हे भुनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड टीम से खेलने का मौका दिया जाएगा। सोमवार के चयन ट्रायल में मुख्य रूप से हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी कोषाध्यक्ष आश्रिता लाकड़ा संयुक्त सचिव माइकल लाल, मनोज प्रधान इत्यादि उपस्थित थे।

### सेरीकल्चर आजीविका योजना के तहत बैठक आयोजित की गयी

**बसिया।** सेरी कल्चर आजीविका योजना के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की पुष्टि करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि स्वयंसेवी संस्था कॉग्निस्फेयर के प्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी, बसिया व पालकोट के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जेएसएलपीएस कर्मी, बीटीएम, एटीएम आदि अधिकारियों की उपस्थिति दर्ज की गई।इस बैठक में तसर सेरी कल्चर के तहत बसिया में चयनित सुकुरडा, दलमादी, मोरेंग, सरूडा, कुड़लगा आदि गांवों के नब्बे एकड़ खेतों में की जा रही खेती को तकनीकी सहायता दिए जाने को लेकर गंभीर व विस्तृत चर्चा की गई। बताते चलें कि बसिया क्षेत्र की आबोहवा को तसर उत्पादन के अत्यंत अनुकूल माना जा रहा है। ऐसे में तसर वाणिकी को यहाँ व्यापकता प्रदान करने के लिए प्रशासन गंभीर है और आज की बैठक में ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करने का निर्णय लिया गया इसे लेकर किसानों को किसी प्रकार की हताशा का सामना करना न पड़े। तसर के पौधों को सुरक्षित रखने, किसानों को जागरूक करने,पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मनरेगा मद से अभिसरण व लिफ्ट एरिगेशन का प्रस्ताव की प्रक्रिया को अविलंब गति देने का निर्णय लिया गया और इस कार्य योजना को गति देने के लिए बैठक में ही कॉग्निस्पेयर प्रतिनिधि को अधिकृत किया गया।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को महिला हिंसा उन्मूलन के प्रति दिया गया प्रशिक्षण

# कानूनी अधिकारों के बारे में दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** ब्लॉक सभागार में मंगलवार को आंगनबाडी सेविकाओं को महिला हिंसा के उन्मूलन के वैश्विक 16 दिवसीय अभियान के तहत डायन कुप्रथा और यौनिक हिंसा के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में 135 से भी ज्यादा आंगनबाड़ी बहनों ने भाग लिया। इसका संचालन सखुआ की एडिटर मोनिका मरांडी और नेशनल कौंसिल फॉर वूमेन लीडर्रस की अगुस्टीना सोरेंग ने किया। इस प्रशिक्षण में महिलों को हिंसा से पीड़ित महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे विस्तार से बताया। साथ ही, महिला हिंसा के खिलाफ वैश्विक 16 दिवसीय अभियान के बारे भी जानकारी दिया कि महिलाओं को सुरक्षित और हिंसामुक्त वातावरण दिलाने के लिए



यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलाया जाता है। जिससे कि समाज को महिलाओं के लिए गरिमापूर्ण वातावरण बनाने के लिए जागरुक किया जा सके और महिलाओं को हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित कर सकें तथा महिलाओं के लिए बने कानूनों को और जवाबदेह बनाने के लिए सभी मिलकर काम कर सकें। और समाज को महिलाओं को बराबर मनाने और सम्मान देने के लिए उत्प्रेरित करना इस अभियान का उद्देश्य है। इसलिए आंगनबाडी सेविकाएं जो कि जमीनी स्तर पर महिलाओं और लडकियों के साथ काम करती हैं को कानूनी रुप से जागरुक कर गांवों तक जानकारी पहुँचाने के लिए उन्हें उत्प्रेरित कर सामाजिक बदलाव में एकजुट होने के लिए इस अभियान के माध्यम से महिलाओं की गरिमा और सम्मान स्थापित करने की दिशा में और सक्रिय पहलकदमी हो सके। आंगनबाडी सेविकाओं नें आतंरिक समिति का गठन करने से महिला कर्मियों को सहूलियत और जागरुकता की बात साझा किया चूंकि समिति नहीं है और कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन कानून का प्रचार प्रसार करने का भी निवेदन किया है ताकि महिलाएं सशक्त हो सकें। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर विजयालक्ष्मी कुमारी सुपरवाईजर सिमडेगा, तारामती देवी सुपरवाईजर, अंजलि कुमारी , मेरी भैलेट बाः, मनीष मिंज और आंगनबाडी सेविकाएँ उपस्थित थीं।

## ठेठईटांगर में मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मैदान में मंगलवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, एव प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।प्रखंड प्रमुख ने कहा कि झारखंड के कई खिलाड़ियों ने अपने हुनर का लोहा मनवाते हुए देश और दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। यहां के कई खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में देश के लिए कप्तानी भी की है। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू कहा कि यहां के खिलाड़ियों के हुनर और क्षमता को प्लेटफॉर्म देकर उनका मार्ग प्रशस्त करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री आमंत्रण राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन विगत एक माह पूर्व



से ही किया गया था। यह फुटबॉल प्रतियोगिता पूरे राज्य भर में उत्साह और उमंग के साथ आयोजित हुआ है। प्रखंड स्तरीय इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया है। जब इतनी बड़ी संख्या में हमारे बच्चे ऐसे खेल आयोजन से जुड़े हैं। इस प्रतियोगिता से खिलाड़ियों में उत्साह जगी है और कई खिलाड़ी उभर कर सामने भी आए हैं, यह प्रखंड के लिए एक अच्छा संकेत है। प्रखंड में अन्य खेलों के साथ फुटबॉल खेल एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

## पोर्टल नही खुलने से प्रज्ञा केंद्र में नही हो पा रहा नये किसानों का रजिस्ट्रेशन

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** मुख्यमंत्री सुखाड़ योजना का लाभ लेने के लिये किसान प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं। पोर्टल नहीं खुलने से किसानों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। नये किसानो का रजिस्ट्रेशन कराने का अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। जबकि प्रज्ञा केन्द्र संचालको के द्वारा पोर्टल नहीं खोलने की बात कह कर किसान को वापस भेज दिया जा रहा है। जिससे किसान नाराज और परेशान नजर आ रहे हैं। प्रज्ञा केंद्र में रजिस्ट्रेशन कराने के लिये प्रज्ञा केन्द्र में किसानों की भीड़ लगी हुई है। झारखण्ड जरकर द्वारा सूखा राहत के तहत 3500 रुपए किसानों को देने की घोषणा के बाद नये किसान रजिस्ट्रेशन कराने के लिये परेशान है। वही पोर्टल नही खुलने के कारण रजिस्ट्रेशन नही होना किसानों के लिये परेसानी का कारण बना हुआ है। जोगेन्द्र महतो, सुलेमान उरांव, संगीता उराइन, निराश




देवी, अशोक महतो, अब्दुल अजीज अन्सारी, मुन्नी उराइन, पेतो उराइन सहित अन्य किसानों का कहना है। कि तीन दिन से प्रज्ञा केन्द्र का चक्कर लगा रहे हैं। लेकीन आज तक सूखा राहत का रजिस्ट्रेसन नही हुआ है।पोर्टल नही खुलने से काफी परेशानी हो रही है। जब की नये किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने का अन्तिम तिथि 30 नवम्बर तक ही है। पोर्टल नही खुलने से काम नही हो रहा है। जिसे प्रज्ञा केन्द्रों का चक्कर काटकर किसान परेशान और निराश हो गये हैं।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नाटक प्रतियोगिता का आयोजन

## बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है नाटक

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** संविधान सप्ताह के अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह रंगकर्मी अरुण राम ने बतलाया कि नाटक बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। अभिनय में जिस चरित्र को निभाते हैं उसमें डूब जाना पड़ता है, उस पात्र का जीवंत करना होता है। नाटक में संवाद के साथ-साथ आंगिक भाव भी प्रदर्शित किया जाता है जो दर्शकों में संदेश देने का कार्य करता है। इस विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी है, इन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इनके दैनिक जीवन में अभिनय की



कौशलता का लाभ मिलेगा। विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने विद्यालय के बच्चों की नाटक में अभिरुचि की सराहना करते हुए बतलाया की अगर इन्हें उचित मंच और अवसर मिले तो यह काफी आगे तक जाएंगे। इन्होंने अपनी प्रतिभा से निर्णायकों को प्रभावित करने का भी कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रदीप कुमार एवं निर्णायक की भूमिका में शिक्षिका नेमहंती मिंज एवं सुमित्रा टोप्पो ने निभाया। नाटक में प्रथम स्थान वर्ग सात के छात्र-छात्राओं ने पाया, द्वितीय स्थान वर्ग आठ तथा तृतीय स्थान मे वर्ग तीन तथा वर्ग पांच की छात्र-छात्राएं संयुक्त रूप से रहे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक प्रतियोगिता का सफल आयोजन में उसुर्लाइन प्राइमरी टीचर एजुकेशन कॉलेज लोहरदगा के प्रशिक्षु शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर नेहा मिंज, सुचिता बाड़ा, अंजना प्रीति खलखो, अर्चना गिद्ध, सुनम सांगा, दिव्या डुंगडुंग, अनूपा निभा खलखो, प्रियंका डुंगडुंग, सुचिता किस्पोट्टा, मीना मेरलेट टोप्पो, अंकिता खलखो, अर्चना केरकेट्टा, पूजा कुजूर, चंचल बरला, रजनी डुंगडुंग, रेशमा इंदवार, प्रभा लकड़ा, संयोजिका किरण देवी, सुमन देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### संदेहास्पद स्थिति में वृद्ध की मौत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के पचपड़वा मोड़ के समीप संदेहास्पद स्थिति में गिरने से पड़ोसी राज्य उड़ीसा के खमेश्वरी पाली गांव निवासी गणेश प्रसाद साहू की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जहां मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गणेश प्रसाद साहू पिछले दिनों अपने बड़े पुत्र के पास पचपड़वा आया हुआ था जहां शाम को घूमने निकला था उसी दौरान पुलिस ने सड़क से शव को बरामद किया और उसे सदर अस्पताल ले लाया रात भर सो अस्पताल में पढ़ा रहा सुबह जब उसकी सूचना परिजनों को मिला तो परिजनों ने शव को पहचान किया और उसका पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार उनका बड़ा पुत्र पिछले कुछ वर्षों से पचपेड़वा में किराना दुकान चलाता था वह अपने बड़े पुत्र से ही मिलने आया था।

### उ.म. विद्यालय अम्बाटोली में जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया निरीक्षण

## विद्यालय में मिली कई गड़बडी, दिये निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के रा.उ. म. विद्यालय अंबाटोली में जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद के द्वारा चावल उठाव करने की बात कही गयी । इसपर डीएसई के द्वारा कहा गया कि एसएमसी के अध्यक्ष एवं संयोजिका द्वारा चावल उठाव करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बच्चो द्वारा बताया गया कि सोमवार को अंडा नही दिया गया था ।अक्सर ऐसा ही होता है । इसपर डीएसई भड़क गए। प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार लगायी गई । एक सप्ताह के अंदर प्रतिपूर्ती करने का निर्देश दिया गया । वहीं मध्याह्न भोजन योजना मे किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही किए जाने की बात कही गई । मेन्यू का अनुपालन करने तथा रसोई गैस का उपयोग करने का



निर्देश दिया गया। साथ ही विद्यालय का रंगरोगण कराने , विद्यालय का साफ सफाई करने, बच्चो को कीट उपलब्ध कराने, वर्ग एक एवम दो के बच्चो को पोशाक उपलब्ध कराने तथा तीन से आठ के बच्चो के खाता डीबीटी के लिए उपलब्ध कराने की बात कहा गया । पाठ योजना के तहत पढाने, प्रतिदिन ई-विद्यावाहिनी मे उपस्थिति दर्ज करने तथा एम0डी0एम0 एसएमएस करने का निर्देश दिया गया ।वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा के0जी0 के बच्चो को मात्रा एवं वर्णमाला पढाया गया ।डीएसई द्वारा एक सप्ताह के अंदर विद्यालय की स्थिति मे सुधार कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।मौके पर सीआरपी विश्वा सिंह एवं शिक्षाक गण उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंध समिति की हुई चुनाव, सुशीला बनी अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय रोगो को पुनः खोलने हेतु विद्यालय प्रबन्धन समिति का चुनाव,ग्राम प्रधान सूरजा मुंडा की अध्यक्षता में आम सभा द्वारा सर्वसम्मति से ग्रामीणों के द्वारा किया गया। साथही प्रबंधन समिति में कुल 12 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष-शुशीला खलखो, उपाध्यक्ष जयमोन खलखो तथा सदस्य के रूप में कच्चू भगत, बसंत लोहरा, बृजमोहन बड़ाईक, सीता देवी, बसंती भगताइन, मुन्नी भगताइन, रतनी टोप्पो, सुनिता लकड़ा, मुन्नी कुमारी, पुतुल कुमारी को चयनित किए गए। आम सभा में पंचायत के मुखिया बीरेंदर भगत, ग्राम वार्ड सदस्य बबलू लोहरा, ग्राम के कमिटी अध्यक्ष प्रकाश खलखो, सुबल टोप्पो, विद्यालय शिक्षक राजेश्वर प्रमाणिक एवं बेड़ो बी आर सी के राजेश कुमार की उपस्तिथि में शान्तिपूर्ण एवं सही मार्गदर्शन के साथ विधालय प्रबन्धन समिति चयन प्रक्रिया को परिपूर्ण किया गया।

### कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के पचधारा गांव निवासी रविंद्र कुमार की पत्नी प्रतिमा देवी कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में बताया गया कि प्रतिमा देवी को किसी बात को लेकर अपने पति के साथ आपस में विवाद हुआ था इसके बाद प्रतिमा ने आक्रोशित होकर कीटनाशक दवा खा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों से उसे विश्रामपुर अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

### जाति प्रमाण पत्र निर्गत संबंधी हुई समीक्षा बैठक

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड कार्यालय सभागार में जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने संबंधी समीक्षा बैठक किया गया इस मौके पर अंचलाधिकारी बोलबा बलिराम माँझी के अध्यक्षता में सभी विद्यालय प्रधानों की बैठक किया गया। जिसमे स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र निर्गत सम्बन्धी विस्तृत समीक्षा की गई. सभी लोगों को निदेश दिया गया कि 30 नवम्बर तक शेष आवेदन अंचल कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा करें। सभी आवेदन को डिस्पोजल कर दिया जायेगा। इस मौके पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ मनमोहन गोस्वामी, सीआरपी विश्वा सिंह, रामानंद कुमार, सोनि कुमारी, रंजीत कुमार, फेडलिस, सुरेश प्रसाद, अशोक कुमार, सुरेश महतो, अनिल मिंज, स्टेला मिंज, आदि उपस्थित थे।

### सिमडेगा स्थित कोर्ट ग्राउंड के पास झारखंड नवनिर्माण दल की हुई बैठक, बोले विजय सिंह

# गलत नीतियों के कारण महंगाई-बेरोजगारी बढ़ी है

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड नवनिर्माण दल का आवश्यक बैठक सिमडेगा स्थित कोर्ट ग्राउंड के पास दल के वरिष्ठ नेता शिवचंद मांझी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि जन विरोधी केंद्र व राज्य सरकार के कारण भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जैसी समस्या आम हो गई है जिसके खिलाफ बड़े लड़ाई की आवश्यकता है। उन्होंने जिले में दल द्वारा संचालित जागो अभियान का संदेश को गांव-गांव ले जाते हुए दल के केंद्रीय समिति द्वारा मजदूर किसानों की समस्याओं को लेकर रांची राजभवन के समक्ष 20 दिसंबर 2022 को आयोजित धरना कार्यक्रम एवं 28 फरवरी 2023




को रांची में झारखंड को बचाने के सवालों को लेकर विशाल महापंचायत की तैयारी में अभी से जुटने की भी अपील कार्यकताओं से की है झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शिवचंद मांझी ने सिमडेगा जिला के हर प्रखंड में पूर्व की भांति दल को सक्रिय बनाते हुए स्थानीय जन समस्याओं को लेकर प्रखंड स्तर पर आंदोलन खड़ा करने की बात कही। बैठक में प्रत्येक पंचायत में क्रय केंद्र खोलते हुए धान खरीदी पर किसानों को हाथों-हाथ भुगतान की गारंटी करने , जिले में महिला उत्पीड़न पर रोक के लिए महिलाओं के बीच दिसंबर माह से जागो महिला अभियान शुरू करने , मजदूर किसानों की समस्याओं को लेकर रांची के राजभवन के समक्ष 20 दिसंबर 2022 को आयोजित धरना कार्यक्रम में जिले से 200 कार्यकताओं को ले जाने तथा 28 फरवरी 2023 को रांची में आयोजित विशाल महापंचायत कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सिमडेगा जिला से लोगों को ले जाने के अलावे स्थानीय जन समस्याओं को लेकर जिले में बैठक , सभा , जनसंपर्क अभियान इत्यादि कार्यक्रम चलाते हुए प्रखंड स्तर पर धरना प्रदर्शन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित करने के अलावे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं । बैठक में असियन समद, सिमोन जरिया, विनोद लेमगा, नायमन कंडुलना, सुनील जोजो, आनंदिनी लुगुन, युदिका बाड़ा, एमलेन समद, नीलिमा समद मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो मुख्यालय स्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की द्वारा मंगलवार को मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत 18 वर्ष से उपर के छात्र छात्राओं में जागरूकता लाते हुए वोटर कार्ड बनाने व चुनाव आयोग से संबंधित जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने कहा कि जिनका जन्म एक अक्टूबर 2005 से पूर्व हुआ है वे वोटर कार्ड बनाने के लिए मतदाता सूची में पंजीकरण कर सकते हैं। वही राकेश कुमार ने कहा कि वे सरकार के द्वारा जारी बेबसाइट पर ऑन लाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। मौके पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका हेनरिता मिंज व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### डॉ. बी आर अंबेदकर पब्लिक स्कूल का अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का परिणाम हुआ घोषित



**बरही।** डॉ बी आर अम्बेदकर पब्लिक स्कूल मलकोको में विद्यार्थियों के अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किए गए। जिसमें विभिन्न कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले विद्यार्थियों का हौसला वर्धन करते हुए सम्मानित भी किया गया। परिणाम जारी करते हुए प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने कहा कि मेहनत और लगन से की गई तैयारी जीवन में सफलता के सोपान गढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सदैव अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और नियमित कार्यतालिका के साथ उसकी प्राप्ति हेतु अग्रसर रहनी चाहिए। मौके पर उपप्राचार्य सूरज कुमार दास ने भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए और बेहतर करने का सलाह दिया। उन्होंने भी कहा कि सफलताएं यह दर्शाते है कि आपने लक्ष्य प्राप्ति में कितनी ईमानदारी दर्शाई है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाए सहित कई अभिभावक भी उपस्थित थे।

### बेलकप्पी में सास, बहू और पति सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकप्पी पंचायत भवन में सास,बहू व पति सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रबंधक रंजीत कुमार सिंह एवं ब्लॉक डाटा प्रबंधक सत्यनारायण कुमार एवं हेल्थ वैलनेस सेंटर के प्रभारी अर्पणा दास की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी सास बहू और पति को बीटीटी के द्वारा बताया गया। उन्होंने बताया कि कम परिवार सुखी परिवार,21 वर्ष में बच्चों की शादी, शादी के बाद कम से कम 2 साल के बाद पहला बच्चा हो, दो बच्चे में 3 साल का अंतर हो एवं दो बच्चों में स्थाई विधि हो। कार्यक्रम में लगभग 50 के बीच सास, बहू और पति उपस्थित थे तथा सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरती देवी, बीटीटी प्रकाश पंडित, नरोत्तम कुमार सहिया सुनीता देवी, आरती वर्णवाल, लक्ष्मी देवी, गणेशी देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### चाणक्य आईएएस एकेडमी में नये बैच की शुरूआत तीन से

**हजारीबाग।** स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी की हजारीबाग शाखा में तीन दिसंबर से जेपीएससी अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरूआत की जा रही है। यह जानकारी चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि इस कोर्स के तहत बेसिक से लेकर पाठ्यक्रम और इंटरव्यू तक की संपूर्ण तैयारी आधुनिक तकनीकों के जरिए कराई जाती है। संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने बताया कि डाउट क्लासेस की अलग व्यवस्था है।

### जीटी रोड पर सड़क दुर्घटना, एक युवक की मौत

**चौपारण।** जीटी रोड महुदी मोड़, जोकट में घर जा रहे बाइक सवार की मौत सोमवार की देर शाम हो गई। 19 वर्षीय युवक रंजन सिंह पिता मनोज सिंह चौपारण से अपने घर नवडीहा, मानगढ़ जा रहा था। इसी बीच बाइक असंतुलित होकर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल हालत में उसे सामुदायिक अस्पताल लाया गया। चिकित्सक टीम ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों की शिकायत पर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज के बाद पुलिस ने शव को मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

### दिल का दौरा पड़ने से आंगनबाड़ी सहायिका की मौत

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के डांड गांव के आंगनबाड़ी केंद्र कोड़ 122 की सहायिका आशा देवी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक आशा देवी गांव के मोहल्ले में आयी बारात को देखकर वापस अपने घर लौट रही थी। घर पहुंच कर गिर पड़ी और बेहोश हो गई। परिजनों से आनन-फानन में उसे नजदीकी डॉक्टर के पास लेकर गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशा देवी के दो पुत्र एवं दो पुत्री है। अंत्येष्टी डांड श्मशान घाट पर किया गया।

### एनसीसी कैंप का एडीजी ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में चल रहे 22 झारखंड बटालियन एनसीसी के आठ दिवसीय शिविर के पांचवे दिन बिहार एंड झारखंड के एनसीसी एडीजी मेजर जनरल ए एस बजाज ने कैंप पहुंचे और जायजा लिया। प्रशिक्षण के दौरान 0.22 राइफल फायरिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं चलनेवाले लीडरशिप क्लासेस के साक्षी बने। कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए मेजर जनरल ने उनका मनोबल बढ़ाया एवं अपने अनुभवों से प्रेरित किया। साथ ही कर्नल हरमीत सिंह एवं उनके पूरी टीम के साथ राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रबंधन का हौसला बढ़ाया।

### चुरचू के मध्य विद्यालय फुसरी में बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

**चरही।** चुरचू प्रखंड की बहेरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुसरी में मंगलवार को 24 छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया गया। बहेरा पंचायत के उपमुखिया शिवचंद मुर्मू ने छात्र-छात्राओं को शर्ट, पैंट, स्वेटर, जूता और मोजा का वितरण किया। मौके पर प्रधानाध्यपक मनोज हंसदा, शिक्षिका रोसा मरांडी, शिक्षक हसीव अहमद, जेठुवा मांझी, जोहन हेम्बरोम, विद्यालय अध्यक्ष मुकुल रविदास आदि मौजूद थे।

## झारखंड विधानसभा निवेदन समिति ने जाना विस्थापितों की समस्या, विस्थापितों को जगी उम्मीद

# विस्थापन समस्या को लेकर जिला प्रशासन शीघ्र ही केंद्र को भेजेगी रिपोर्ट : डीसी

### विस्थापितों की हक दिलाने के लिए दिल्ली तक उठाएंगे आवाज : विधायक अकेला

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** डीवीसी द्वारा विस्थापित 56 मौजा के विस्थापितों की समस्या के समाधान के उद्देश्य से बरही विधानसभा में पहली बार विधानसभा निवेदन समिति की बैठक बरसोत पंचायत के श्रीनगर में संपन्न हुई। जिसमे निवेदन समिति के सभापति स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला, सदस्य झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, डीसी नैंसी सहाय, एसी राकेश रौशन, एसएन दत्ता पुनर्वास व भू-अर्जन पदाधिकारी, डीवीसी निदेशक संजय कुमार, डीएफओ आर एन मिश्रा, प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी, गगन बैठा प्रमंडलीय कार्यपालक अभियंता (स्पेशल विभाग), एसडीओ पूनम



कुजुर, बीडीओ सी आर इंदीवर, सीओ ए डी टोप्पो, एसडीओ (ई) सौरभ लिंडा, सीडीपीओ नीलू कुमारी आदि सहित सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। एसडीपीओ नाजिर अख्तर के निर्देशन में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार स्थानीय पुलिस बल के साथ पूरी विधि व्यवस्था की कमान संभाले थे। जहां श्रीनगर, पंचमधाव आदि गांव के सैकड़ों पीड़ित मौजूद थे। सभा प्रारंभ होने के पूर्व निवेदन समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमे उपस्थित सभी अधिकारियों ने निवेदन समिति के साथ बैठक कर विस्थापितो की समस्याओं पर चर्चा करते हुए गंभीरता से विचार किया। बैठक में कई विस्थापितों से भी राय लिए गए। बैठक समाप्ति के पश्चात आम सभा की कारवाई हुई। हडाही संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने विस्थापितो की समस्या को समिति से अवगत कराया। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता राकेश रौशन ने बताया कि बैठक में विस्थापितो के द्वारा श्रीनगर के कब्जबार जमीन के प्रस्ताव पर गंभीरता से हरेक पहलू पर विचार किया गया है। जल, जंगल को हटाने के लिए राजस्व विभाग और वन विभाग ने संयुक्त रूप से प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय लिया है। जिसके अनुमोदन हेतु राज्य सरकार को भेजा जायेगा। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि विस्थापितों के समर्थन में लिए गए सभी प्रस्तावों को आवश्यकतानुसार केंद्र सरकार तक भेजने का काम किया जाएगा। जल्दी ही विस्थापितों की समस्याओं का समाधान होने की संभावना है। जुगलसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि बरही विधानसभा में विधायक अकेला के द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है, जो बरही के विस्थापन के इतिहास में यह पहला मौका है। जब किसी ने उनके समस्याओं का समाधान करने हेतु निवेदन समिति तक बुलाने का काम किया। झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में भी हजारों विस्थापित है। वह विस्थापितों की दर्द को समझते है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि इस बैठक में ठोस निर्णय लिये गए है, पूर्ण विश्वास है की विस्थापितों को उनका अधिकार मिलेगा। निवेदन समिति के सभापति सह स्थानीय विधायक ने कहा कि समस्याओं का समाधान शीघ्र होने के कगार पर है। इसी उद्देश्य से सभी विभाग के वरीय पदाधिकारियों को बैठक में बुलाया गया है। सबों ने समस्याओं को नजदीकी से जाना हैं। आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विस्थापितों के समस्याओ के समाधान की बात कही गई है। विधायक ने उपायुक्त से धोबघट गांव में सड़क और मतदान केंद्र स्थापित करने की भी मांग किया। इसके साथ ही तिलैया रोड के विस्थापितों को मकान मूल्य के साथ मुआवजा भुगतान करने हेतु उपायुक्त से आग्रह किया। विधायक ने यह भी बताया कि शीघ्र ही जवाहर घाटी स्थित इंटक वेल की शुरूआत होने वाली है। अंत में डीएफओ ने मालिकाना हक दिलाने में वन विभाग की ओर से आने वाली सभी कानूनी प्रक्रिया को शीघ्र निष्पादित करने की बात कही। डीएफओ ने ही धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा की समाप्ति की घोषणा भी किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, विस विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहु सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे. मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान अंसारी, रघुनंदन यादव, बासुदेव यादव, इंद्रदेव यादव, प्रयाग यादव सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। सभा में श्रीनगर, पंचमाधव आदि क्षेत्र के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## बीडीओ ने लंबित पीएम व अंबेडकर आवासों को पूर्ण करने का दिया लक्ष्य



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, बीएफटी, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड के प्रधान सहायक, प्रधानमंत्री आवास लिपिक के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी कृतिबाला लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई। बैठक में लंबित आवास से संबंधित वर्तमान सत्र 2023 तक के आवासों में पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर आवास को पूर्ण करने का लक्ष्य एवं समय सीमा निर्धारित किया गया। विदित हो कि प्रखंड में 674 पीएम आवास और 11 अंबेडकर आवास लंबित है। इसपर सभी पंचायत सचिवों को आदेश दिया गया की जो लाभुक आवास नहीं बना रहे हैं उन्हें नोटिस जारी किया जाय और एक सप्ताह में कोई सुधार नहीं होता है तो वैसे लाभुकों पर कानूनी कार्रवाई की जाय। बैठक में पीएमएवाय समन्वयक अजय कुमार, पंचायत सचिव नागेश्वर यादव, धनेश्वर गोप बीएफटी गुलजार अली, महेंद्र टुडू प्रधान सहायक श्रीकर चौधरी समेत अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, रेडियम स्टीकर लगाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्व के बैठकों में लिये गये निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा किया गया। तत्पश्चात उपायुक्त द्वारा एनएच के नजदीक स्कूलों के समीप वाहन चेंकिंग करने का निर्देश दिये। हेलमेट बेचने वाले दुकानदारों को आईएसआई मार्क का हेलमेट बेचेगा, ऐसा नहीं करने वालों पर सड़क सुरक्षा दल को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोडरमा घाटी में जगह-जगह क्रैस बेरियर का मरम्मती कराने का निर्देश दिये। साथ ही रेडियम स्टीकर लगाने की बात कही। चिन्हिच ब्लैक स्पॉट के पास रेडियम स्टीकर, साइनेज, सड़क सुरक्षा से संबंधित बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। लगातार हेलमेट चेकिंग अभियान चलायें। प्रेशर हॉर्न के खिलाफ कार्रवाई करें और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। बैठक में मुख्य रुप से पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद व अन्य मौजूद रहे।

### उपायुक्त आदित्य रंजन ने की जिला कौशल समिति की बैठक



**समाहरणालय** सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आहूत किया गया। बैठक में आगामी चार वर्षों में विभिन्न कार्य भूमिकाओं के लिए मांग तैयार किया गया। जिला कौशल समिति के तहत स्वरोजगार व रोजगार से जुड़ने हेतु प्रशिक्षण करने हेतु ऑटोमोटिव,इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, पर्यटन, हस्तशिल्प, कृषि आदि के क्षेत्र में मांगों की पहचान की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकार व अन्य मौजूद रहे।

### कोडरमा में रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति धीमी, बैठक में उठा मामला

**समाहरणालय** सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में विभिन्न बैंकों के ऋण-जमा अनुपात वृद्धि, केसीसी ऋण की उपलब्धि, शिक्षा ऋण, कृषि ऋण संबंधी उपलब्धियों, प्रधानमंत्री जनधन खाते में आधार एवं मोबाइल सीडिंग, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम समेत कई बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कार्यों की प्रगति पर समीक्षा किया गया। उपायुक्त द्वारा के.सी.सी और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में वार्षिक ऋण योजना में दूसरी तिमाही सितंबर 2022 तक उपलब्धि 45.08 प्रतिशत है तथा ऋण जमा अनुपात 37.62 प्रतिशत है। उपायुक्त ने सभी बैंकर्स को सीडी रेशियो में वृद्धि लाने का निर्देश दिये। उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, जिला अग्रणी प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड द्वारा संयुक्त रुप से नाबार्ड से संबंधित संभाव्यता युक्त ऋण योजना पुस्तक का विमोचन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व प्रतिनिधि मौजूद थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के 9वीं के छात्र आयुष मेहता के असामयिक निधन से विद्यालय परिवार शोकाकुल

### शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति के लिए की गयी प्रार्थना





नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक के छात्र दुसाध मुहल्ला निवासी आयुष कुमार मेहता, पिता महेश कुमार मेहता, माता रिंकी देवी का 28 नवंबर को असामयिक निधन होने से पूरा विद्यालय परिवार शोकाकुल है। 29 नवंबर को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत छात्र आयुष कुमार मेहता को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कहा कि विद्यालय के छात्र आयुष कुमार मेहता के असामयिक निधन से हम सभी मर्माहत हैं। कहा कि दुख की इस घड़ी में विद्यालय परिवार दिवंगत छात्र के परिजनों के साथ है। शोकसभा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार. करमजीत सिंह जग्गी, प्रधानाध्यापक हरजाप सिंह , विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित सभी कर्मचारी शामिल हुए।

### जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बिरहोरों के बीच कंबल वितरण

## ठंड से बचने के लिये जरूरतमंदों को मिलेगी कंबल : प्रमुख



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहराखुर्द पंचायत के ग्राम धरहरा के बिरहोर कॉलोनी में कंबल का वितरण किया गया। वितरण में प्रमुख रेणु देवी,बीडीओ कृति बाला लकड़ा,जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया मुन्नी देवी, कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर शामिल थे। सरकार के द्वारा दी गई 46 कंबल का वितरण उनके बीच किया गया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि ठंड से बचने के लिए हर जरूरत मंदो की कंबल दी जाएगी ताकि ठंड से लोग बच सकें। इस दौरान जिप सदस्य कुमकुम देवी ने बिरहोर परिवार के बीच बिस्कुट व सिंदूर वितरण की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र कुमार शर्मा, पंसस प्रतिनिधि सेराज अंसारी, वार्ड प्रतिनिधि मुमताज अंसारी, बीएफटी महेंद्र टुडू, वार्ड सदस्य अर्जुन दास, समाजसेवक मनोज कुमार सिंह, विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड मंत्री सत्यम भारती, शिक्षक सैफुल रहमान, अजय मेहता, डीलर मनोज प्रसाद, चंपा बिरहोरिन, मीना बिरहोरिन, एतवा बिरहोर, रोटे बिरहोर, टुनटुन बिरहोर, राजू बिरहोर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### 120 किसानों के बीच आठ क्विंटल गेहूं के उन्नत प्रजाति के बीज का हुआ वितरण

**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा के द्वारा केदारूत पंचायत के कजरा गांव में उन्नत प्रजाति के गेहूं बीज का वितरण किया गया। वितरण अनुसूचित जाति उप-परियोजना के तहत आयोजित की गई थी। जिसमे 120 किसानो के बीच 8 क्विंटल गेहूं के उन्नत प्रजाति के बीज वितरित किए गए। मौके पर ही उपस्थित सभी कृषकों को संस्थान के कृषि वैज्ञानिकों ने बीजों को वैज्ञानिक पद्धति से लगाने की जानकारी दी। विशेष कार्य अधिकारी डा. विशाल नाथ ने उपस्थित किसानों को संस्थान से जुड़कर वैज्ञानिक विधि कृषि कार्य करने की सलाह दी। गेंहू विशेषज्ञ वैज्ञानिक डा प्रियरंजन एवं डा मोनू कुमार ने गेंहू के उन्नत किस्मों और उसके उत्पादन की आधुनिक तकनीकों और बारीकियों की बताते हुए गेंहू की खेती हेतु समय पर सिंचाई, खाद एवं उर्वरकों की उचित उपयोग की जानकारी दी। अनुसूचित जाति उप परियोजना प्रभारी डा कृष्ण प्रकाश ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कृषकों को संस्थान से जुड़कर कृषि संबंधित जानकारी लेते की बात कही ताकि किसानों के से वृद्धि हो सके।

### खेलो झारखंड 2022-23 के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उपायुक्त ने किया शुभारम्भ, कहा

# प्रतियोगिता में भाग लेना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** खेलो झारखंड 2022-23 के तहत रामगढ़ कॉलेज मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का मंगलवार को आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत उपायुक्त माधवी मिश्रा ने विधिवत रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आप सभी के प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप प्रतियोगिता में जीते या हारे ये अलग बात है अपितु प्रतियोगिता में भाग लेना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उपायुक्त ने कहा कि जिस तरह से कोरोना के 2 वर्ष हमारे लिए बहुत कठिनाई से बीते और हम सभी अपने घरों में थे ऐसी स्थिति में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए भी इस तरह की प्रतियोगिता का



होना बहुत ही आवश्यक है। वहीं, उन्होंने सभी से खेल को पढ़ाई की तरह ही जीवन मे शामिल करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न प्रतियोगिताओं को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता आरम्भ की। साथ ही उन्होने 3000 मीटर बॉयज (कक्षा 9 से 12), 100 मीटर बॉयज (कक्षा 9 से 12), 100 मीटर गर्ल्स (कक्षा 9 से 12) के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मौके पर उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़ ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बहुत ही जरूरी है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर महेन्द्र सिंह धोनी सहित अन्य महान खिलाड़ियों की मिसाल पेश की जो खेल के जगत में एक अलग पहचान रखते है । यहां तक कि वे खुद भी खेल के बदौलत ही आज इस मुकाम पर है। अतः आप सब भी खेल के क्षेत्र में आगे आये और अपने राज्य अपने देश को एक बुलन्दी पर पहुचाएं। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दिया गया। ज्ञात हो कि जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता विद्यालय स्तर, प्रखंड स्तर के पश्चात जिला स्तर पर 29 और 30 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिता में 9 से 12 कक्षा संवर्ग के विजयी प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर खेलने हेतु भेजा जाएगा। खेलो झारखंड 2022-23 प्रतियोगिता अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे 3000 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, लांग जंप, शॉट पुट, तीरंदाजी, भला फेक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर सिविल सर्जन रामगढ़, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़, जिला शिक्षा अधीक्षक रामगढ़, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान सहितअन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस जिला महासचिव ने राशन वितरण में आ रहे समस्याओं से मंत्री को कराया अवगत



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** हजारीबाग कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव ने खाद्य वितरण में आ रहे असुविधाओं को राज्य के खाद्य आपूर्ति सह वितमंत्री रामेश्वर उरांव से अवगत कराया। साथ ही मंत्री से राशन वितरण में आ रहे समस्याओं को शीघ्र निदान करने की मांग भी किया। जिला महासचिव ने बताया राशन वितरण के दौरान ई पोस मशीन और वेटिंग मशीन दोनों एक साथ जोड़े जाने से पर्ची निकलने में समय लगता है। एक दिन में अधिकतम 10 लोगों तक का ही पर्ची निकल पा रहा है। जिससे जन वितरण प्रणाली के दुकान में दिनभर भीड़ लगे रहते हैं। लाभुकों को पूरे दिन राशन लेने के लिए इंतजार करना पड़ता है।

कई बार तो नेटवर्क समस्या के कारण लाभुक 2 से 3 दिन तक राशन उठाने के लिए परेशान रहते हैं। इससे जन वितरण केंद्र के दुकानदार और लाभुक दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला महासचिव ने बताया कि मंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं को शीघ्र निदान करने का आश्वासन दिया है।

## न्यूज गैलरी

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई एसएसए, एससीए व जायका मत के संचालित योजनाओं की समीक्षा




**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला योजना शाखा के एसएसए, एससीए, एवं जायका से संबंधित संचालित विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने योजना शाखा से संबंधित संचालित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल, एनआरईपी एवं आरईओ विभाग के तहत किये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। योजना के तहत जिले में वर्तमान में कितने कार्य संचालित है, कितने कार्यों की पूर्ण ली गई है एवं कितने कार्य लंबित है, जिसकी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संचालित एवं लंबित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराते हुए ससमय पूर्ण कराने कि दिशा में आवश्यक निर्देश दिये। तथा योजनाओं से संबंधित भौतिक प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिए। इसके अलावे उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी एवं कार्यपालक अभियंता आरईओ विभाग के पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### अज्ञात बदमाशों ने खलियान में रखे 12 गांज धान में लगायी आग

**भंडरा / लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के कचमची गांव स्थित नगड़ा डाढ़ में विगत रात अज्ञात बदमाशों ने खलियान में रखे 12 गांज धान में आग लगा दिया जिससे धान गांज पूरी तरह खाख हो गया जिसमें अनुमानित एक लाख रुपये नुकसान हुआ। जानकारी के मुताबिक कचमची निवासी विजय खाख और अनिल उरांव गांव स्थित नगड़ा डाढ़ में धान कटकर मिसने के लिए 12 गांज धान रखे थे जिसे रात में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दिया जिससे पूरा गांज जल गया जिसमें किसान को लाखो रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दिया गया है।

### डोभा में मिला अर्द्धविक्षिप्त का शव, पुलिस जांच में जुटी

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के उडुमुडू बारीडीह गांव में मंगलवार की सुबह कदम टोली स्थित डोभा में एक अर्धविक्षिप्त का सड़ा गला शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कुडू पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त की और जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान गम्हरिया नामक करीब 35 वर्षीय युवक के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कुछ वर्ष पहले बारीडीह गांव पहुंचा था और अपना नाम गांव एवं जिले सभी का नाम गम्हरिया ही बताता था। जिसके बाद उसे ग्रामीण गम्हरिया के नाम से ही जानते थे। और गांव में ही रह कर किसी का पशु चराने या पशु चारा काट देता था जिसके बदले में गांव वाकई उसे खाने पीने के लिए दे देते थे। शव की स्थिति देखर अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी मौत तीन चार दिन पहले हुई होगी। पुलिस तमाम पहलुओं पर जांच कर रही है।

### बीडीओ ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा



**भंडरा / लोहरदगा।** प्रखंड सभागार भवन में मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं का समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान बीडीओ ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, बिरसा हरित ग्राम योजना, आदि से सम्बंधित योजनाओं पर चर्चा किया। बैठक में बीडीओ ने लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा नय योजनाओं से सबंधित कार्यो में तेजी लाने को कहा। बैठक में बीपीओ सुदर्शन लकड़ा, एलियो नीता सरकार, आवास कोर्डिनेटर नितलाल नारायण, 15वें वित्त समन्वयक बंदना कच्छप, बीआरसी बीपीओ रामविजय खलखो, पंचायत सचिव रउफ अंसारी, जीतबहान भगत, तिवारी भगत, राजीव कुमार गुप्ता आदि सहित रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### सेन्हा में किसान उत्पादक समूह का गठन की प्रक्रिया शुरू

**लोहरदगा।** बाएएफ और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन सीएसआर के सहयोग से सेन्हा प्रखंड के कण्डरा गांव में किसान उत्पादक समूह का गठन की प्रक्रिया की शुरूवात की गई और किसान उत्पादक समूह के फायदे और उस से होने वाली सामूहिक आमदनी के बारे में किसानों से चर्चा की गई। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर का गठन किया गया। जिसमे 18 गांवो के ग्रामीण उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाएएफ संस्था के राज्य प्रभारी डी.के तिवारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी सेन्हा रघुनंदन वैश्य उपस्थित रह। बाएएफ संस्था से (प्रोजेक्ट ऑफिसर) कमलेश मिश्रा, आनंद मोहन सिंह , आलोक कुमार साहू, प्रेम कुमार, पंकज कुमार,अभिरंजन कुमार सिंह,रामनारायण दास (इंटर्न),चिन्मय साहू (इंटर्न ) एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

डीडीसी की अगुवाई में जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक, कहा

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सिविल सर्जन, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि गुड सैमरिटन में चिन्हित व्यक्तियों को भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल रांची के कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि बरही स्थित केंद्रीय विद्यालय के समीप वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक साइनबोर्ड एक दिन के अंदर लगा लिया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता के लिए चिन्हित किये गये सड़क सुरक्षा नोडल शिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण अगले 10 दिनों के नगर भवन में दिया जाना सुनिश्चित करें।

■ गुड सैमरिटन में चिन्हित व्यक्तिों को भुगतान कराना सुनिश्चित करें सिविल सर्जन : गरिमा सिंह




आपदा के तहत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मिलने वाली मुआवजा के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा जानकारी दी गई कुल 20 मामलों में से 18 मामलों में भुगतान किया जा चुका है, अन्य का प्रगति में है।

जिला परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से वाहन का सघन जांच अभियान चलाएं। साथ ही, राजस्व के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भी कार्रवाई की जाय। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए।

नगर परिषद, कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शहर में पार्किंग स्थल के लिए स्थल का चयन कर लिया गया है।

उत्पाद अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा जानकारी दी गई कि जिला में अवैध शराब निर्माण से संबंधित छापेमारी से कुल 2.17 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को निदेश दिया गया कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं की ऑनलाईन रिपोर्टिंग आईरैड (क्र्म्) एप के माध्यम से ससमय की जाय। पुलिस सड़क दुर्घटना और स्वास्थ्य विभाग अस्पताल में सड़क दुर्घटना से घायल व्यक्ति की रिपोर्टिंग करे। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, डीडीएमो विभाकर कुमार कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल रांची, पथ प्रमण्डल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता रविंद्र कुमार, समाजसेवी संजय बर्म्मन, अरूण राम समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## व्यक्तित्व विकास के लिए छात्र पढ़ाई के साथ साथ अन्य कार्यों में रूचि लें : डालसा सचिव




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) दिनांक 26 नवंबर से 02 दिसम्बर, 2022 तक 'संविधान सप्ताह' मानने का कार्य कर रही है। संविधान सप्ताह के चौथे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा चुन्नी लाल उच्च विद्यालय परिसर में 'संविधान और आपका दायित्व' विषय पर आयोजित डिबेट में पन्द्रह विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें काजल कुमारी को प्रथम पुरस्कार दिया गया। डालसा सचिव ने मौके पर अन्य विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, साथ ही संविधान दिवस को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रिया लकड़ा को बेहतरीन पेंटिंग बनाने के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया। मौके पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि संविधान ने नागरिकों को मौलिक अधिकार दिया है किन्तु मूल कर्तव्यो की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 51 'क' में मूल कर्तव्यों की व्याख्या की गई है जिसका हम सब को पालन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य कमल बारला ने किया। मौके पर अधिवक्ता शशांक कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संविधान की महत्ता की जानकारी देने का काम किया, मौके पर पीएलभी, गौतम लेनिन, रीतु लकड़ा, मनीबाला, जन्मजय यादव, मानस कुमार सिन्हा, बिंदी ब्रजबाला सांगा, अंजना रानी मिंज, मुकेश कुमार, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विजय शंकर, सत्यप्रकाश केसरी,निशा नीलम कुजुर, नीलिमा तिर्की, सुरज कुमार, नाहिद नूर हसन सहित कई शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थी। धन्यवाद ज्ञापन प्रचार्या कमल बारला ने किया, राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्त किया गया।

---

## अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों की हुई मौत एक साथ सदर अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में मंगलवार को अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हुई और उन सभी 5 लोगों के शव को सदर अस्पताल में एक साथ पोस्टमार्टम किया गया। पहला मामला कोलेबिरा थाना क्षेत्र के झपला गांव की है जहां पर मां बाप की डांट से नाराज रीना कुमारी नामक युवती कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया जिसे सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान मंगलवार को निधन हो गया। वही दूसरा मामला सिमडेगा शहरी क्षेत्र के भट्टीटोली के समीप की है जहां पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में 2 लोग घायल हो गए जिसमें से एक युवक की मौत हो गई मृतक की पहचान खरवाटोली निवासी रोहित खलखो के रूप में हो गई जो अपने साथ ही आमंत्रित के साथ खूंटी टोली से अपने घर की ओर जा रहा था इसी दौरान भट्टी टोली के समीप एक सड़क पर लगे बोर्ड को टक्कर मारते हुए



गिर गया और घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि अमन घायल हो गया जिसे रेंस भेजा गया। वही तीसरा घटना रेंगारिह थाना क्षेत्र यह जहां पर लट्ठा खमन जंगल में मोटरसाइकिल दुर्घटना में 21 वर्षीय दीपक केरकेट्टा नामक युवक की मौत हो गई जबकि उसके साथ सोनू डुंगडुंग घायल हो गया। बताया गया कि वह 2 दिन पूर्व सूरत से नौकरी कर वापस लौटा था और सोमवार को सिमडेगा सर घूमने आया था वापस लौट रहा था इसी दौरान लट्ठा खमन जंगल में मोटरसाइकिल से गिरकर उसकी मौत हो गई। वही चौथी घटना जलडेगा प्रखंड के उरदा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रैक किनारे पोल सख्या 548/7 एक वृद्ध की में कटकर मौत हो गई ब्रिज की पहचान नहीं हो पाई इधर घटना स्थल पर एएसआई प्रमोद कुमार पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा। पांचवां मामला रंगारी थाना क्षेत्र की है जहां पर हूं वहां से पुलिस ने आधे कटे गला व्यक्ति को बरामद किया जिसे सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ऐसा कि पहचान जोहन खलखो के रूप में हुई जो 2 दिनों से मानसिक विक्षिप्त रूप से घर में भी लोगों को मारपीट और घर के सामानों को भी आग लगा दिया था। मंगलवार को कुआं में उसको आधा गला कटा हुआ हालत में पुलिस ने सदर अस्पताल सिमडेगा में लाकर भर्ती कराया जहां पर उसकी इलाज चल रही है वहीं पुलिस ने कहा कि मामला संदेहास्पद है इस मामले में छानबीन की जा रही है। इधर एक साथ 5 लोगों का शव सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

---

किस्को क्षेत्र के सैकड़ों किसान मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से रह जाएंगे वंचित

## समस्या के समाधान के लिए वरीय पदाधिकारी से ली जायेगी मशिवरा : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** इस वर्ष पूरे झारखंड राज्य में बारिश अच्छी नहीं होने से किसान वर्ग को काफी नुकसान पहुंचा है। इसे ले राज्य सरकार के द्वारा किसानों के हित में मुख्यमंत्री राहत सुखाड़ योजना के तहत प्रति किसान को 35 सौ रुपए देने का ऐलान किया है। इधर सरकार की ओर से राज्य के अधिकांश प्रखंड को शत-प्रतिशत सुखाड़ घोषित किये जाने के बाद किसानों को लगा था कि कुछ तो राहत मिलेगी। परंतु राज्य सरकार की ओर से की गई घोषणा का लाभ लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के शत प्रतिशत किसानों को नहीं मिलने से वैसे किसान जो योजना से वंचित रह गये हैं उनके चेहरे पर मुस्कान की जगह



मायूसी छाया हुआ है। उल्लेखनीय है कि किस्को प्रखंड को राज्य सरकार की ओर से शत-प्रतिशत सुखाड़ घोषित किया गया है। इस बार किस्को प्रखंड क्षेत्र में अच्छी वर्षा नहीं होने के कारण धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। बता दें कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के किसानों का सबसे बड़ा खेती धान की अच्छी पैदावारी नहीं होने से आर्थिक रूप से काफी क्षति पहुंचा है। इसकी भरपाई करने में किसानों के पसीने छूटने लगे हैं। बहुत से किसान अपनी जमा पूंजी के अलावे विभिन्न बैंकों से ऋण लेकर धान की पैदावारी को लेकर खाद बीज अपने खेतों में डाला था। परंतु वर्षा की दगाबाजी से किसानों की कमर टूट चुकी है। ऐसे में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सुनाई गयी फैसला से मायुस किसानों के चेहरे पर एक बार मुस्कान तो जरूर दिखाई दी थी। परंतु क्षेत्र के शत-प्रतिशत किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पाने की वजह से मुस्कान के जगह मायूसी दिखाई दे रहा है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी सह बीडीओ बुडाय़ं सारू ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया में आ रही समस्या को लेकर सभी किसानों का पंजीकरण नहीं हो पाया है।

---

## एसपी आर रामकुमार ने सेन्हा थाना का किया निरीक्षण, दिया दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा- लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने मंगलवार को सेन्हा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर में साफ सफाई, हाजत, सिरिस्ता, स्वागत कक्ष, बाल कक्ष, पंजी समेत अन्य चीजों को देखा। निरीक्षण के दौरान गुंडा पंजी अपराध पंजी, रनिंग पंजी, रोकड़ पंजी, गुमशुदा पंजी गृह भेदन पंजी,चोरी लूट पंजी, गिरफ्तारी पंजी,अवकाश पंजी, फरारी पंजी, कांड का निष्पादन पंजी, केस डायरी, कांड संख्या, यूडी कांड सहित सभी का विस्तार पूर्वक निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश सेन्हा थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारियों को दिया।मौके पर एसपी ने थाना प्रभारी ऋषिकान्त एवं पुलीस अधिकारियो को कहा की थाने में जनता को सुविधा मिले। जनता को सुरक्षा देना पुलिस का पहला काम है। जनता से मित्र जैसा सम्बन्ध हो और जो व्यक्ति



असमाजिक गतिविधियों में शामिल है, उसे चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करे। अपराध अग्रवाद की गतिविधि पर नजर रखते हुए अंकुश लगाये। थाना में आनेवाले हर व्यक्ति की समस्या का समाधान करना आपका कर्त्तव्य है। इधर थाना पहुंचने पर जवानों द्वारा एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी ऋषिकान्त, एएसआई राजेश शर्मा, दिनेश सिंह, नमिता गोस्वामी, पवन सोरेन, ललित साहू सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद थे।

---

11 दिसंबर को गीता जयंती पर विहिप, बजरंग दल के द्वारा शौर्य पथ संचलन निकाली जायेगी

## संस्कारवान युवाओं का संगठन है विहिप व बजरंग दल : डॉ. टी साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में गीता जयंती के अवसर पर होने वाले विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के शौर्य पथ संचलन की तैयारी जोरों पर है। इसको लेकर विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर बड़े बड़े होर्डिंग बैनर लगाना शुरू कर दिया है। गांव गांव में इसको लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। हर किसी को निमंत्रण देकर शौर्य पथ संचलन में भाग लेने की अपील की जा रही है। विहिप के मुख्य संरक्षक, आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने जिले के विभिन्न ग्राम एवं पंचायतों के सभी सनातनियो से अपील किया है की लोहरदगा में 11 दिसंबर को होने वाले शौर्य पथ संचलन की शोभायात्रा में शामिल होकर



कार्यक्रम को सफल बनाएं। डॉ टी साहू ने बताया कि बजरंग दल का जन्म हिंदू समाज की रक्षा के लिए हुआ है। बजरंग दल ने सदैव हिंदू धर्म की रक्षा के लिए कार्य किया है। चाहे गौ रक्षा का विषय हो या हिंदू कन्या की रक्षा का विषय हो, बजरंग दल हर समय हिंदू समाज की सेवा सुरक्षा के लिए तैयार रहता है। बजरंग दल संस्कारवान युवाओं का संगठन है। आज धर्म एवं देश की रक्षा हेतु विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का साथ देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि युवाओं को आज बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद से जोड़ने की आवश्यकता है और जुड़ना चाहिए ताकि हिंदू समाज को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके। वही विहिप के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि आए दिन विगत रुप से जिस तरह विश्व में लव जिहाद की घटनाएं हो रही है उसे रोकने हेतु मैं केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील करता हूं। कहा कि पूरे भारत में गीता जयंती के अवसर पर शौर्यपथ संचलन शोभा यात्रा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार ने बताया कि 11 दिसंबर 2022 को निकलने वाली पद संचलन शोभा यात्रा को भव्य बनाने में कोई कमी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा इस बार सनातन हिंदुओं की मजबूती का मिसाल लोहरदगा में देखने को मिलेगा।

---

### मॉडल डिग्री कॉलेज बानो विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

**बानो।** मॉडल डिग्री कॉलेज बानो के राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र - छात्राओं ने प्राचार्य डॉ राम कुमार प्रसाद एवं असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तम रॉबर्ट गुड़िया के मार्गदर्शन में फलदायी वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता हेतु अपना विशेष योगदान दिया। छात्र छात्राओ ने पर्यावरण संवर्धन हेतु प्रत्येक नागरिकों को अपना योगदान देने की बात की।इस मौके प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद ने पर्यावरण संरक्षण हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तम रॉबर्ट गुड़िया ने भी पढ़ाई के साथ साथ समाज के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद, असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तम रॉबर्ट गुड़िया, कुमारी शिप्रा, नीलम कुमारी, हर्षवर्धन विद्यार्थियो में नैना, सीमा, आरती, पुष्पलता, अमीषा, बहालेन, ममता, ज्योति, आरती, अंबिका, सुमन, रीता, हेमा नेहा कुमारी, श्रवण, गणपत, लंकेश, लोकेश, जानिसार, उदित, संदीप, कृष्ण, सुकेश, विनोद, अजय सहित सभी राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

## ऐतिहासिक जतरा महोत्सव की शुरूआत, झामुमो संयोजक मंडली ने किया उद्घाटन

❍ आज सुबह 11 बजे से होगा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सैकड़ों वर्षों से सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक जतरा महोत्सव का मंगलवार को झामुमो संयोजक मंडली सदस्यों के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से शफीक खान, अनिल तिर्की, अनिल कंडुलना, ऑस्कर डांग एवं नुवास केरकेट्टा, सिकन्दर बरवा के द्वारा नारियल फोड़कर एवं रिबन काटकर इसकी शुरूआत की गई। इस दौरान आए हुए अतिथियों को आयोजन समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर झामुमो संयोजक मंडली सदस्य सफीक खान ने कहा कि सैकड़ों वर्षो से तामड़ा में यह ऐतिहासिक पारंपरिक जतरा महोत्सव आयोजन होता आ रहा है और बड़ी





खुशी की बात है कि ऐसे आयोजन से हमारी सभ्यता और संस्कृति को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि आने वाले दिनों में इसके संरक्षण के लिए जो भी हो सके हर संभव प्रयास किया जाएगा। वहीं मौके पर अनिल कंडुलना ने कहा इस आयोजन से आसपास के क्षेत्रों में अपनी परंपरा और अपनी सभ्यता की विरासत को बचाए रखने के लिए सार्थक पहल है। यहां के युवाओं के सराहनीय पहल से इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया है जहां पर सभी लोग आपस में मिलजुलकर साल भर के खेती बारी करने के बाद महोत्सव के रूप में 2 दिनों तक उत्साह मना रहे हैं। इधर आए हुए अतिथियों का स्वागत भाषण समिति के अध्यक्ष हीराराम के द्वारा किया गया और सभी लोगों का स्वागत किया। वहीं मौके पर मंच संचालन संयोजक विकास साहू के द्वारा किया गया। वहीं बुधवार को सुबह 11:00 बजे से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन झारखंड के मशहूर कलाकारों के द्वारा किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य संरक्षक शखि यादव, मनोज सिंह, अशोक गुप्ता, फूल चंद ठाकुर, राहुल मिश्रा शत्रुघन श्रीवास्तव, अध्यक्ष हीराराम, उपाध्यक्ष लाल महतो, अरविंद कैथवार, किशोर तूरी, सचिव राहुल कैथवार, अनूप केसरी, रिजवान खलीफा, सह सचिव छोटा साहू, राजकुमार गोप, संतोष साहू, मुकेश गोप, ब्रजनाथ अमन मिश्रा कैथवार, मनीष, बजरंग सुभाष, सरवन, अजय सहित समिति के पदाधिकारियों की भूमिका है।

---

कुडू के तीन पंचायत में आजसू पार्टी महिला मोर्चा का किया गया गठन

## आजसू पार्टी को सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य : नीरू शांति भगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा।** आजसू पार्टी की ओर से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में आजसू पार्टी महिला पंचायत इकाई का गठन किया गया। इधर बैठक के माध्यम से समिति का गठन एवं विस्तार करते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी हित में कार्य करने की बात पूर्व विधायक प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू पार्टी गरीब असहाय एवं जरूरतमंद की समस्याओं को लेकर शुरू से ही संघर्ष करते आई है। कहा कि कार्यकर्ता अपनी जिम्मेवारी का सही तरीके से निर्वहन करें निश्चित रूप से आने वाला समय आजसू पार्टी और पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के द्वारा सजाये गये सपना को साकार करने का होगा। इधर बैठक मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी



लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत महिला प्रवक्ता अंजू देवी लोहरदगा जिला अध्यक्ष अनीता साहू महिला इकाई की कुडू प्रखंड अध्यक्ष बीणा उरांव उपस्थित थे। आजसू पार्टी को सशक्त बनाने हेतु और पार्टी के प्रति लोगों का रूझान बढ़ाने को लेकर पार्टी द्वारा पूरे विधान सभा क्षेत्र के सभी पंचायत एवं प्रखंडो में संगठन विस्तार एवं मजबूती पर जोरदार तरीके से काम किया जा रहा है। इस दौरान कुडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ककड़गढ़ में आजसू पार्टी महिला इकाई का बैठक कर गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सशन्ति उरांव सचिव कोयली देवी संगठन सचिव लुखिया उरांव को बनाया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत लवागाई में अध्यक्ष मीना कुमारी सचिव शांति देवी को बनाया गया। साथ ही ग्राम पंचायत उडूमुडू पंचायत अध्यक्ष के रूप में प्रतिमा उरांव एवं सचिव पद हेतु ललिता उरांव के नाम पर मुहर लगाया गया। मौके पर बड़ी संख्या में आजसू पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### धूमधाम से मनाया गया वरिष्ठ पत्रकार का जन्मदिन



**मेदिनीनगर।** पलामू के वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश अमरेंद्र का 60 वाँ जन्मदिन मंगलवार को स्थानीय कार्यलय में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कार्यलय के सभी कर्मियों के द्वारा जन्मदिन के अवसर पर पत्रकार को उत्तम स्वस्थ और लंबी उम्र का बधाई दिया गया। सभी कर्मियों ने केक खिलाकर आशीर्वाद लिया। मौके पर उपेंद्र कुमार, ओमप्रकाश प्रजापति, विक्की कुमार, श्याम नारायण शर्मा, भोला कुमार, नीतीश कुमार, अंशु कुमार, अमर नाथ सोनी मौजूद रहे।

### टेट पास सहायक शिक्षको के समायोजन पर हुई सुनवाई

**मेदिनीनगर।** झारखंड हाईकोर्ट में टेट पास पारा शिक्षकों के समायोजन से जुड़े मामले पर मंगलवार को सुनवाई हुई।पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने सरकार से पूछा था कि टेट पास शिक्षकों के समायोजन को लेकर क्या कदम उठाए गए हैं। जिसपर सरकार ने अदालत में कहा, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा गठित कमेटी ने कई सुझाव दिए हैं। इसके बाद अदालत ने सरकार को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देते हुए आज फिर मामले की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी सुनील कुमार यादव एवं अन्य के द्वारा करीब 111 याचिकाएं पारा शिक्षकों के सहायक शिक्षक के रूप में वेतन एवं नियमितिकरण के मामले में हाईकोर्ट में दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि पारा शिक्षक 15 वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं। वे शिक्षक पद की अहर्ता भी पूरी करते हैं। याचिका में मुख्य मांग यह की गई है कि राज्य सरकार उनकी सेवा स्थाई करे और उन्हें सहायक शिक्षक के पद पर समायोजित करे।साथ ही समान कार्य के बदले समान वेतन दिया जाए।

### विमला प्रसाद पंचतत्व में विलीन

**मेदिनीनगर।** नई मुहल्ला स्थित जीएलए कालेज के पूर्व प्रो. उमेश चन्द्र प्रसाद की पत्नी विमला प्रसाद 85 वर्ष का निधन ईलाज के दौरान रांची में हो गया था। गुरु शिख सभा श्मशानघाट में इनके छोटे पुत्र संजीव कुमार मुंजी ने मुख अग्नि दिया। शवयात्रा में पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार, प्रो. महेंद्र राम, प्रो राधा रमन किशोर, डा. आनन्द कुमार जगनारायन महतो, कोमल कुमार अंकू, तारेन्द्र सिंह पंकज अग्रवाल अजीत कुमार जांनी चन्द्रवंशी प्रभात कुमार उज्ज्वल सिंह, पत्रकार अभिशेख पांडे, प्रेम सुन्दर प्रसाद, फादर मुकुल मसिह, बिरेन्दर सिंह, प्रदीप अकेला, बिनय कुमार सिन्हा, अमर सिन्हा, नन्दकिशोर सिंह, रबीन कुमार, मनु तिवारी, रजनीकांत सिंह, सत्येन्द्र तिवारी, रविन्द्र सिंह, संतोष पांडेय, बड़े पुत्र राजीव श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### असंगठित कामगार संघ ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** गारू प्रखंड में मंगलवार को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के रूपरेखा बनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की गारू प्रखंड में दिसम्बर में भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। इसकी जानकारी केकेसी कोडिनेटर अनिल कुमार सिंह ने दी। बैठक में लातेहार के केकेसी अध्यक्ष कामिल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मनोज उराँव, 20 सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा,सुनेश्वर उराँव, रामदेव उराँव, दीपक सिंह, दीपक उराँव, रीना देवी, सुगमनिया देवी, मौजूद रहे।

### दुकान में हुई चोरी, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत दंगवार ओपी क्षेत्र के नदी आईन गांव निवासी राकेश कुमार ने अपने दुकान में चोरी की घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की बीते रविवार की शाम अपने एक रिश्तेदार को लेने के लिये गढ़वा गया था। उसी शाम करीब 5 बजे दो अजनबी दुकान पर पहुंचे। जिसमें एक व्यक्ति ने पिता से तंबाकू की मांग की। तभी दूसरा व्यक्ति मेरे ऑनलाइन दुकान से लैपटॉप और अलमीरा में रखे बीस हजार रुपए लेकर फरार हो गये। इस संबंध में दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा ने बताया कि लिखित शिकायत पर केस पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### वार्ड पार्षद ने दर्जनों असहाय वृद्ध को कंबल वितरण किया

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र की वार्ड नम्बर 12 के पार्षद उमा देवी ने अपने वार्ड क्षेत्र दर्जनों असहाय वृद्ध लोगों को बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए कंबल दिया। मौके पर उन्होंने कहा की महिला पार्षद होते हुए भी हमेशा अपने वार्ड की जनता के हर सुख दु:ख में उनके घर तक जाकर मदद करती हूं और सरकार द्वारा हर योजनाओ को लाभ जनता तक पहुंचती रही हूं। मौके पर अनरवा देवी रम कलियां कुमार रीता कुवर, बुधनी देवी, गीता देवी, तेतरी देवी, चानो देवी, माना कुंवर, लगनी देवी, गणेश राम श्याम देव प्रजापति, प्रतिमा देवी आदि लोग मौजूद थे।

### कार ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर , युवक की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग 39 रजडेरवा में स्विफ्ट डिजायर कार ने एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारते हुए भाग निकला। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान घुटूआ के कामता सिंह पिता परसु सिंह के रूप में हुई। घटना मंगलवार को करीब 4:30 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कामता सिंह मेदिनीनगर की ओर से आ रहे थे। जबकि कार सतबरवा की ओर से जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी। मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए भाग निकाला । जबकि एक अन्य को मामुली चोट लगी थी। जानकारी मिलते ही सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है।

### जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की डीडीसी ने की बैठक

# अन्नराज डैम में वाटर स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति गढ़वा की बैठक उप विकास आयुक्त गढ़वा राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न की गई। जिला अंतर्गत खेलकूद एवं पर्यटन आदि को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा लगभग 68 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई है। बैठक में कुछ मुख्य एजेंडा यथा- जलक्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा के उपकरणों को आवश्यकतानुसार क्रय करने के संबंध में तथा जलक्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा के संचालन हेतु प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने हेतु गढ़वा सदर प्रखंड अंतर्गत अन्नराज डैम को चिन्हित किया गया। उक्त डैम में वाटर स्पोर्ट्स के अंतर्गत मोटरचालित (ईंधन द्वारा) एवं गैर-मोटरचालित (बिना ईंधन वाला) दोनों प्रकार की नौकायें संचालित की जाएंगी। स्थल को मनोरम बनाने हेतु मनरेगा से पौधरोपण कराने का भी निर्णय लिया गया। नौका के संचालन एवं देखरेख के कार्यों हेतु स्थानीय लोगों को रखने पर बल दिया गया। सैलानियों एवं जान माल की रक्षा हेतु सुरक्षा के पहलुओं पर भी विशेष चर्चा की गई। स्थल पर कैफिटेरिया (भोजनालय) आदि की व्यवस्था करने पर भी निर्णय लिया गया। जिसके तहत जेएसएलपीएस एवं नाबार्ड के सहयोग से कैफिटेरिया का निर्माण कराया जाएगा। स्थल पर लाइटनिंग एवं सौंदर्यीकरण अथवा अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु 15वें वित्त एवं मनरेगा कि कुछ योजनाओं को भी लागू कर उन्हें मूर्त रूप दिया जाएगा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार, कार्यपालक अभियंता धर्मेंद्र कुमार, एलडीएम इंदु भूषण लाल, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जेएमएम प्रवक्ता, धीरज दुबे एवम अन्य उपस्थित थें।

# चालक की हुई हत्या, घर पर शव पहुंचते ही मचा कोहराम



नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोरबा जिला अंतर्गत दीपिका गांव में वाहन चला रहा डंडई गांव का 28 वर्षीय व्यक्ति शिव शंकर राम की रविवार रात्रि हत्या कर दी गई । मंगलवार को मृतक का शव घर पर पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया । मृतक के चार बच्चे और दो पत्नियां हैं । शव को साथ में लेकर आया विकास कुमार व मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हम दोनों मृतक के वाहन मालिक के घर के अगल बगल में रहकर ही दूसरे वाहन मालिक का वाहन चला रहे थे। घटना के बाद जैसे ही जानकारी मिली तो अपने अपने वाहन को यथा स्थल पर छोड़ हम सभी कोरवा के एमसीएच अस्पताल पहुंच गए। तब तक मृतक की पोस्टमार्टम हो चुकी थी। उसके बाद दूसरे वाहन मालिक के दिए एम्बुलेंस पर लोड कर मृतक के शव को लेकर उसके गांव डंडई आ गए । उन्होंने बताया कि मृतक को वाहन मालिक के बेटे कुणाल की ओर से सप्ताह दिन पहले उसे जान मारने की धमकी दी गई थी । इसकी जानकारी मृतक शिव शंकर ने अपने मोबाइल के माध्यम हम दोनो तक पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद मृतक के शव को वर्तमान वाहन मालिक के बजाय दूसरे वाहन मालिक की ओर से एंबुलेंस रिजर्व कर मृतक के शव को उनके घर तक भेजा गया। उसके सुबह पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा जब पोस्ट मास्टम के लिए एमसीएच अस्पताल लाया गया तो जानकारी के बाद वहां पर पहुंचने के बाद उसकी पहचान हम लोगों ने शिवशंकर के रूप में किया।

# हत्या में संलिप्त फरार आरोपी को बरवाडीह पुलिस ने किया गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह पुलिस ने छिपादोहर के छिपादोहर के ओमप्रकाश यादव हत्या प्रकरण में हत्या में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरवाडी थाना कांड संख्या 86 /21 दिनांक 10/09/ 2021धारा 364 /302 /201/ 34 आईपीसी 27 आर्म्स एक्ट के पुलिस अधीक्षक लातेहार के गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहरा के निर्देश पर ओम प्रकाश यादव चर्चित हत्या प्रकरण में ग्राम केड छिपादोहर को जेजेएमपी उग्रग्रवादी सूरज जी तथा उसके साथियों द्वारा सूरज जी के पत्नी से प्रेम संबंध का आरोप लगाकर हत्या किया गया था। इस कांड में सकलदीप सिंह तथा इसके साथियों के द्वारा ओमप्रकाश यादव को दिनांक 09/09/2021 को छिपादोहर बाजार से हथियार के बल पर उठा कर उकामांड रेलवे ट्रेक के बगल में ओमप्रकाश यादव को गोली मारकर हत्या कर रेलवे ट्रेक के बगल में लाश को फेंक दिया था। जहां से ओम प्रकाश यादव का क्षत क्षविशत शव बरामद किया गया था। इस संबंध में बरवाडी थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने बताया कि हत्या प्रकरण में संलिप्त फरार अभियुक्त सकलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सकलदीप सिंह ग्राम उक्कामाड को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आठ एकड़ में लगा अफीम की खेती नष्ट



**कुंदा (चतरा)।** जिले के कुंदा थाना प्रभारी परमानंद मेहरा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती व जंगली क्षेत्रों में लगाये गये अफीम खेती के उन्मूलन को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को थाना क्षेत्र के हेसातु व नावाडीह के जंगली क्षेत्रों में लगभग 8 एकड़ में लगे अफीम फसल को ट्रैक्टर की सहायता से नष्ट किया गया। अभियान में थाना प्रभारी के सात अन्य पुलिस कर्मी व वनकर्मी शामिल थे।

# सुखाड़ राहत योजना के ऑनलाइन आवेदन करने में तकनीकी खराबी, किसान परेशान



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातु।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के आवेदन में तकनीक खराबी होने के कारण प्रखंड के हजारों किसान है परेशान। सुखा से प्रभावित होने को लेकर राज्य सरकार ने कई प्रखंडों को सुखाड़ घोषित किया है। जिसमें बारियातु प्रखंड शामिल हैं। सभी सुखा ग्रस्त प्रखंड के किसानों को राज्य सरकार ने राहत देने की घोषणा की है जिसको लेकर किसानों को आवेदन करने के लिए प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से वेबसाईट में आवेदन करने को कहा गया है। पर बीते लगभग एक सप्ताह से सरकार द्वारा जारी पोर्टल का साईट लगातार खराब रहने के कारण सदर पंचायत बारियातु, डाढ़ा, फुलसु, बालुभांग, गोनिया, शिबला, साल्वे, टोंटी व अमरवाडीह के हजारों किसानों का ऑनलाइन पोर्टल में आवेदन, केवाइसी एवं msry नहीं हो पा रहा है जिसको लेकर किसान अपने सभी कार्य छोड़ प्रखंड मुख्यालय पहुँच कर कई प्रज्ञा केन्द्रों में दिन बीता कर बैरन लौट रहे हैं। वहीं मंगलवार को किसान मो सईद, प्रदीप उरांव, महेश भगत, छोटन यादव, बिनोद यादव, बढ़न उरांव, बिनिता कुमारी, फनिक ठाकुर, कालेश्वर उरांव, अनरूद ठाकुर, प्रदीप प्रजापति, जावेद अख्तर, जनुवा उरांव, सुरेन्द्र उरांव, मो हारिश, देवलाल, मो अहमद सहित कई किसानों ने प्रज्ञा केन्द्र के समीप खड़ा हो कर उपायुक्त भोर सिंह यादव, विधायक बैजनाथ, कृषि मंत्री बादल पत्र लेख व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से समय सिमा बढाते हुए जारी पोर्ट को दुरूस्त करने का मांग किया है। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार से बात करने पर बताया कि सरकार द्वारा जारी पोर्टल में तकनीकी खराबी की सुचना मिली है दुरूस्त कराने को लेकर विभाग एवं उपायुक्त से वार्ता की गई है बहुत ही जल्द पोर्टल में सुधार हो जाएगा।

# सप्लाई पानी के पाइप की मरम्मत किया गया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में कई जगहों पर सप्लाई पानी के पाइप लीकेज की समस्या आ रही है। जिसे लेकर लगातार विभाग को सूचित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय आईटीआई टंकी के पीछे मंत्री के घर के पास पाईप लिकेज था। जिसका पिछले दस दिन से बहुत पानी बह रहा था। जिसे मंगलवार को नगर निगम से जेसीबी मशीन द्वारा खुदवाकर उसको ठीक किया गया है। पाइप लाइन इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शहर में लगातार लीकेज पाइप का मरम्मत करने का कार्य जारी है। बीते दिन तिनकोनिया गैरेज के पास उपायुक्त पलामू आवास के पानी सप्लाई का पाईप लिकेज हो गया था। जिससे रोज सैकड़ो लीटर पानी बहकर शिवाजी मैदान तक बह रहा था। जिसे भी नगर निगम के जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई कर उसको ठीक किया गया है। मौके पर नगर निगम के जेई अमित, समाजसेवी परशुराम ओझा, विवेका त्रिपाठी मौजुद थे।

# सरकारी स्कूल का नया भवन बनकर तैयार लेकिन यहां नहीं पढ़ रहे हैं बच्चे



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के चैनपुर प्रखंड के तुर्कतल्या उच्च विद्यालय के नवनिर्मित भवन साल 2015 में बनकर तैयार है। मगर साल 2022 तक इस बिल्डिंग में कक्षा शुरू नहीं हो पायी है। खाली पड़े रहने के कारण भवन की हालत जर्जर हो गयी है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। इसका जीता- जागता उदाहरण पलामू जिला है। जहां कई साल पहले बने भव्य सरकारी स्कूल का निर्माण हो गया है, लेकिन हैंडओवर नहीं होने के कारण नवनिर्मित भवन खंडहर में तब्दील हो गया है। वहीं बच्चों को इसका लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। वहीं छात्र-छात्राएं पुराने भवन में ही पढ़ाई करने को मजबूर है। पुराने भवनों में शौचालय तक की सुविधा नहीं है। बता दें कि साल 2014-15 में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत जिले में कई प्रखंडों में अपग्रेडेड उच्च विद्यालयों में भवन का निर्माण कराया गया है। जिले के चैनपुर प्रखंड में तुर्कतल्या उच्च विद्यालय, बूढ़ी वीर सेमरा समेत 6 उच्च विद्यालय के भवन बनकर तैयार है। मगर विभागीय और संवेदक के लापरवाही के कारण आज तक कई विद्यालय को हैंडओवर नहीं किया गया है। जिसके कारण बच्चों को पुराने जर्जर भवन में क्लास करनी पड़ रही है। वहीं शिक्षकों का कहना है कि अगर नये भवन में पढ़ाई शुरू हो जाती है तो बच्चे नये सुविधाओं के साथ पढ़ाई करते हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि नये भवन में पढ़ाई के लिए कई बार अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है। मगर अधिकारियों ने अबतक इस पर किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया है।

### समृद्धि की पाठशाला में मनी पुण्यतिथि

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नागरिकों के द्वारा पाठशाला के बच्चों की सहायतार्थ अपने बच्चों का जन्मदिन, शादी की सालगिरह या पुण्यतिथि या किसी भी बहाने उनकी जरूरतें पूरी करने जरूर पहुंचते हैं। इसी क्रम में एक चैनल के रिश्तेदार स्व. रघुवीर राम की पुण्यतिथि लगभग पांच वर्षों से इसी पाठशाला में मनाई जाती रही है। जिनके परिवार की ओर से प्रत्येक वर्ष बच्चों की आवश्यकतानुसार पाठ्य सामग्री खेलकूद सामाग्री उनके बीच बड़े ही निष्ठा के साथ वितरण किए जाते हैं। इस बार भी उनके पुण्यतिथि के अवसर पर बच्चो के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस कार्य मे पुत्री विद्या देवी, बेटे रोहित कुमार रंजन कुमार, आदित्य वर्धन, विवान वर्धन का योगदान रहा। जिनके कारण जरूरतमंद बच्चों को जरूरत की चीजें मिली।

# पाटन स्वास्थ्य कर्मी ने दम्मा मरीज को टीबी रोग बता कर पैसे की वसूली की



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन प्रखण्ड में स्वास्थ्य समुदाय केंद्र का हाल बेहाल है। यहाँ पर बिना डॉक्टर के हजारों मरीजो का इलाज किया जा रहा है। जिससे लोगो को गम्भीर बीमारी से जूझना पड़ रहा है। उक्त बातें जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों का घोर अभाव है। यहां पर अस्पताल के कंपाउंडर ग्रामीणों का इलाज कर रहे हैं। जिसके वजह से ग्रामीण काफी परेशान है। इसी तरह का एक मामला पाटन प्रखण्ड के काला पहाड़ गांव से सामने आया है। यहां के स्थानीय निवासी मनोज राम की पत्नी संगीता देवी ने बताया कि वह दमा रोग से ग्रसित थी और दो माह पूर्व वह अपने इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गई थी। वहां ड्यूटी पर तैनात टीवी वार्ड प्रभारी संतोष कुमार पांडे के द्वारा महिला संगीता देवी का बिना जांच किए इलाज किया गया। इलाज के दौरान संतोष कुमार ने महिला को टीवी रोग बता कर उसका इलाज सुरु कर दिया। करीब दो महीने तक महिला संतोष कुमार के द्वारा दिए गए दवा का सेवन की। इसके बाद भी दवा का कोई भी असर नहीं हुआ और उसका दम्मा का बीमारी ज्यों का त्यों बना रहा। इसके बाद महिला ने इस घटना की जानकारी पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को दी जानकारी मिलने पर संग्राम सिंह उक्त महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर डॉक्टर राजीव नयन के पास लेकर गए जहां जांच के क्रम में टीवी रोग से संबंधित किसी प्रकार का रिपोर्ट सामने नहीं आया। महिला ने बताया कि पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के टीवी वार्ड प्रभारी संतोष कुमार पांडे के द्वारा हर महीने उससे 500 से 800 रुपये लिए जाते थे। वहीं इस संबंध में जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। जो ग्रामीण मरीजों को गुमराह कर इलाज करते हैं और उन्हें गंभीर बीमारी में धकेल रहे हैं।

### श्रीराम सेना के प्रमुख का जनसंपर्क अभियान जारी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनग।** निगम के भावी मेयर प्रत्याशी सह श्रीराम सेना प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल का जनसंपर्क अभियान 'जनता ही जनार्दन है' का 21 वां दिन शाहपुर स्थित पनेरी बांध रोड में किया गया। जिसमें श्रीराम सेना के वरीय पदाधिकारीगण एवं समाज के अभिभावकगण भी सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि शाहपुर और अन्य जो नए क्षेत्र जो निगम से जोड़े गए हैं। उनका मूलभूत विकास किए बिना ही होल्डिंग टैक्स लिया जा रहा है। स्ट्रीट लाइट की ही भारी कमी है। इसके कारण रात में बुजुर्ग एवं बच्चों को विशेष तौर पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जल निकासी की भी काफी दिक्कत है। बरसात के दिनों में कई क्षेत्रों में लोगों का निकलना कठिनाई से परिपूर्ण हो जाता है। इन्हें क्षेत्रों में पहले विकास किया जाना चाहिए तब टैक्स लिया जाना चाहिए। जनसंपर्क महाअभियान में मुख्य रूप से भूमिका निभाने वाले बड़े भाई संजय केसरी, अरविंद पांडे, मनीष गोस्वामी, राष्ट्रवादी अंकित कुमार लाल, चिंटू गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, विनय कुमार जायसवाल, सतीश जायसवाल, पंकज जयसवाल, चंदन जायसवाल, विनय शंकर जयसवाल, धीरज जायसवाल, राजेंद्र पासवान, अनिल कुमार रवि, दिनेश कुमार पासवान, सुनील कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल एवं कई श्रीराम सैनिक बंधु उपस्थित थे।

सम्पादक की कलम से...

# राज्य में गहराता बिजली संकट

**झारखंड** के लोगों को अभी बिजली संकट से राहत नहीं मिलनेवाली है। कारण राज्य सरकार से मांगे गये पांच सौ करोड़ पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसके कारण बिजली संकट से आम जन को अभी छुटकारा मिल पाना मुश्किल है। रोजाना सुबह और शाम अलग-अलग समय में लोड शेडिंग की जा रही है। विशेषकर पीक ऑवर में। जब बिजली की जरूरत सबसे अधिक होती है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्यभर में लगभग चार से पांच सौ मेगावाट बिजली की कटौती हो रही है। वहीं, राजधानी रांची में यह कटौती लगभग 50 फीसदी हो रही है। निगम के अधिकारियों की मानें तो अलग-अलग जिलों में पावर लॉस या हानि को ध्यान में रखते हुए बिजली कटौती की जा रही है। ऐसे में जिन इलाकों में बिजली हानि अधिक है इन इलाकों में अधिक बिजली कटौती की जा रही है। वहीं, निगम इस समस्या से निपटने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दौरान जेबीवीएनएल ने राज्य सरकार से पांच सौ करोड़ की मांग की है। फिलहाल इस पर निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं, केंद्र सरकार और डीवीसी प्रबंधन से भी वार्ता की जा रही है। जेबीवीएनएल के अतिरिक्त बिजली खरीद पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। ये रोक डीवीसी का बकाया भुगतान नहीं होने पर लगाया गया है। रोक सेंट्रल पावर एक्सचेंज से बिजली खरीद पर लगाया गया है। केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जब तक राज्य सरकार बकाया भुगतान नहीं करती है, तब तक सामान्य बिजली नहीं मिलेगी। वहीं, जेबीवीएनएल को पिछले कुछ समय से राजस्व वसूली में नुकसान हो रहा है। जिसके कारण ये स्थिति हुई है। डीवीसी की ओर से भी दस फीसदी बिजली कटौती की जा रही है। जिससे समस्या विकराल हो गयी है। रांची के अलग-अलग इलाकों में छह घंटे तक की बिजली कटौती की जा रही है। जबकि कुछ इलाकों में आधे घंटे से लेकर दो घंटे तक की कटौती की जा रही है। राजधानी रांची में प्रतिदिन लगभग 300 मेगावाट तक बिजली की जरूरत होती है। पिछले कुछ समय से राजधानी में 260 मेगावाट तक बिजली मिल रही है। जिससे राजधानी में ये समस्या हो रही है। बिजली में कटौती सेंट्रल पुल से किया जा रहा है। पीक ऑवर में सुबह 6 बजे से 10 बजे और शाम को 6 बजे से रात 11 बजे तक लोड शेडिंग की जा रही है।

## आज का इतिहास

**2020 :** भारत के 13वें राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी का निधन हुआ।
**1559 :** महान सम्राट अकबर के बेटे और मुगल वंश के शासक जहांगीर का जन्म।
**1659 :** पिता के तख्त पर कब्जे के लिए औरंगजेब ने अपने बड़े भाई दारा शिकोह को फांसी दी।
**1682 :** ब्रिटिश धर्मसुधारक विलियम पेन को इंग्लैंड छोड़ना पड़ा। वह अमेरिका पहुंचे और पेनिसिल्वानिया की स्थापना की ताकि लोग धार्मिक स्वतंत्रता का इजहार कर सकें।
**1780 :** अमेरिका में गद्दारी और विश्वासघात का पर्यायवाची बन चुके जनरल बेनेडिक्ट अर्नोल्ड ने ब्रिटिश सेना के सामने आत्मसमर्पण करने का वादा किया।
**2010 :** भारतीय संसद ने परमाणु संयंत्र में किसी दुर्घटना की स्थिति में शीघ्र मुआवजा सुनिश्चित करने वाला परमाणु जन दायित्व विधेयक पारित किया।
**2016 :** पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात उर्दू कवि कश्मीरी लाल जाकिर का निधन हुआ था।
**1806 :** न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित किया गया।
**1888 :** क्रांतिकारी कनाईलाल दत्त का जन्म जो भारत की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूल गए।
**1895 :** लोकसभा के अध्यक्ष रहे भारतीय राजनीतिज्ञ सरदार हुकम सिंह का जन्म।
**1903 :** चित्रलेखा जैसी प्रसिद्ध उपन्यास के लेखक भगवतीचरण वर्मा का जन्म हुआ। वह हिन्दी जगत के प्रमुख साहित्यकार थे।
**1923 :** हिंदी के प्रमुख गीतकार शंकरदास केसरीलाल शैलेंद्र का जन्म हुआ।
**1928 :** रास बिहारी बोस और जवाहरलाल नेहरू ने द इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया लीग की भारत में स्थापना की। इसका मकसद प्रवासी भारतीयों को भारत में ब्रिटिश राज हटाने के लिए प्रेरित करना था।

# भारत डेयरी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार

भारत देश ने 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया। यह अवसर महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दिवंगत डॉ. वर्गीज कुरियन की 101वीं जयंती को रेखांकित करता है, जिन्हें भारत की 'श्वेत क्रांति' का सूत्रपात करने का श्रेय दिया जाता है। भारत के डेयरी क्षेत्र में विकास और उन्नति कई मायनों में, वैश्विक मानचित्र पर देश के सम्मान और प्रभाव के रेखा-चित्र का प्रतीक रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, देश के दूध उत्पादन में 44 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गयी है और वर्ष 2020-2021 में, हमने 210 एमटी दूध का उत्पादन किया, जो दुनिया के कुल दूध उत्पादन का 23 प्रतिशत है। भारत की प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2020-21 में 427 ग्राम प्रति दिन रही, जबकि इसी अवधि के दौरान विश्व औसत 394 ग्राम प्रति दिन था। भारत में डेयरी क्षेत्र बड़े पैमाने पर सहकारी संरचना के तहत संगठित है और सहकारी समितियों ने डेयरी किसानों के मोल-भाव की ताकत बढ़ाने और अपने-अपने क्षेत्रों में दूध खरीद तथा दूध बिक्री की कीमत को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चावल और गेहूं जैसी फसलों के परिदृश्य के विपरीत, सरकार डेयरी उत्पादों की कीमतों को निर्धारित नहीं करती है और दूध की खरीद में शामिल नहीं होती है। इससे डेयरी सहकारी समितियों की स्वायत्तता को बढ़ावा मिला है और वे बाजार उन्मुख होने के लिए प्रोत्साहित हुई हैं। वास्तव में, देश की कुछ प्रमुख डेयरी सहकारी समितियों ने प्रदर्शन और लाभ, दोनों में निजी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारत की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी अमूल, देश में सहकारी प्रारूप की शक्ति और सफलता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है। अब जब हम वैश्विक महामारी से उबर रहे हैं, तो लॉकडाउन अवधि के दौरान और उसके बाद डेयरी किसानों की सहायता के लिए, सरकार और डेयरी सहकारी समितियों द्वारा निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डालना उचित होगा। महामारी के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में वृद्धि जारी रही, क्योंकि इसने किसानों के अतिरिक्त दूध की खरीद की, जो अन्यथा निजी और असंगठित क्षेत्र के व्यवसायियों को बेचा जाता था। 2020-21 के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सहायता प्रदान करने के लिए, भारत सरकार ने मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र की योजना- 'डेयरी कार्यों से जुड़े डेयरी सहकारी समिति और किसान उत्पादक संगठन (एसडीसीएफपीओ)' योजना के तहत 'कार्यशील पूंजी ऋण पर ब्याज में छूट' घटक लॉन्च किया। इस तरह के उपायों से हमारे डेयरी उद्योग को पिछले दो वर्षों में सक्षम बने रहने में मदद मिली है। प्रौद्योगिकी की बढ़ती क्षमता का लाभ उठाने के क्रम में, पशुधन प्रबंधन को आसान बनाने और इसकी दक्षता बढ़ाने के लिए ई-गोपाला नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग पशु आधार, पशु पोषण, संजातीय-पशु चिकित्सा दवाएं (ईवीएम), पशु प्रजनन संबंधी सेवाओं और सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, ई-गोपाला ऐप डेयरी पशुओं, गोजातीय वीर्य, भ्रूण आदि की खरीद और बिक्री के लिए भी एक मंच प्रदान करता है। इस कार्य के पूरक के रूप में, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा डेयरी किसानों की सहायता के लिए 'पशु मित्र' नामक एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है, जो किसानों को पशुओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी प्रश्नों का विशेषज्ञों द्वारा सीधे जवाब प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा। यह देखते हुए कि वर्ष 2025 तक भारत का दूध उत्पादन 270 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) तक पहुंच जाने की उम्मीद है, व्यापारिक निगमों को प्रसंस्करण से जुड़ी सुविधाओं में निवेश करने की जरूरत होगी और यह डेयरी क्षेत्र के भीतर 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की क्षमता प्रदान करता है। डेयरी क्षेत्र में मोटे तौर पर बुनियादी ढांचे में पैमाने की दृष्टि से 120-130 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) की कमी है। यह कमी अगले 9-12 वर्षों में निवेश पर 17-20 प्रतिशत के अपेक्षित लाभ के साथ लगभग 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की संभावनाएं खोलती है। निर्यात बाजार में हमारी बढ़ती उपस्थिति डेयरी क्षेत्र में निवेश बढ़ाने का एक और प्रेरक है। उदाहरण के लिए, एचएस कोड 0406 के तहत भारत का पनीर निर्यात 2015-2020 की अवधि के दौरान 16 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। जिन प्रमुख देशों को पनीर का निर्यात किया गया उनमें संयुक्त अरब अमीरात, भूटान और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल थे। वर्तमान में दुनिया भर में 75 से अधिक ऐसे देश हैं जहां दूध की कमी है। इनमें से अधिकांश देश एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका के हैं। यह भारत के लिए नये बाजारों में पैठ बनाने का एक बढ़िया अवसर प्रदान करता है। इसके लिए, राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन जैसी हालिया पहल पता लगाने की क्षमता (ट्रेसबिलिटी) संबंधी मानकों को बेहतर करने की दिशा में एक लंबा सफर तय करेगी और भारतीय कंपनियों को आयात करने वाले देशों द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में सक्षम बनायेगी। डेयरी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) ने डेयरी निवेश त्वरक की स्थापना की है, जिसके तहत गेट्स फाउंडेशन और इन्वेस्ट इंडिया जैसी संस्थाएं निःस्वार्थ सेवाएं प्रदान करने के लिए सहयोग करेंगी। इसमें समस्या समाधान, निवेश सुविधा, निर्यात रणनीति में सहायता, बाजार अनुसंधान, स्थान मूल्यांकन आदि जैसे पहलू शामिल होंगे। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि डेयरी क्षेत्र ने फसलें खराब हो जाने की स्थिति में पारंपरिक किसानों को आय का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान किया है। वर्तमान सरकार के प्रयास डेयरी उद्योग को असंगठित से संगठित क्षेत्र में बदलने पर केंद्रित हैं, जिसका अंतिम लक्ष्य किसानों की आय में वृद्धि करना और मूल्य श्रृंखला में रोजगार का सृजन करना है। पशुपालन अवसंरचना विकास कोष, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पशुपालन ग्रैंड स्टार्ट-अप चैलेंज, और पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड सुविधाओं के विस्तार जैसी हालिया योजनाओं से हमारे डेयरी क्षेत्र में बेहतर मानकों और नवाचारों की शुरूआत होगी। इस प्रकार, डॉ. कुरियन की 101वीं जयंती के अवसर पर हमें यह विश्वास है कि भारत आने वाले समय में डेयरी उत्पादों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

> वास्तव में, देश की कुछ प्रमुख डेयरी सहकारी समितियों ने प्रदर्शन और लाभ, दोनों में निजी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारत की सबसे बड़ी डेयरी कंपनी अमूल, देश में सहकारी प्रारूप की शक्ति और सफलता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है। अब जब हम वैश्विक महामारी से उबर रहे हैं, तो लॉकडाउन अवधि के दौरान और उसके बाद डेयरी किसानों की सहायता के लिए, सरकार और डेयरी सहकारी समितियों द्वारा निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डालना उचित होगा। महामारी के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में वृद्धि जारी रही, क्योंकि इसने किसानों के अतिरिक्त दूध की खरीद की, जो अन्यथा निजी और असंगठित क्षेत्र के व्यवसायियों को बेचा जाता था। 2020-21 के दौरान डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सहायता प्रदान करने के लिए, भारत सरकार ने मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र की योजना- 'डेयरी कार्यों से जुड़े डेयरी सहकारी समिति और किसान उत्पादक संगठन (एसडीसीएफपीओ)' योजना के तहत 'कार्यशील पूंजी ऋण पर ब्याज में छूट' घटक लॉन्च किया। इस तरह के उपायों से हमारे डेयरी उद्योग को पिछले दो वर्षों में सक्षम बने रहने में मदद मिली है।

■ **श्री पुरशोत्तम रुपाला**
**केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

तत्पश्चात मेरे भक्तिभावसे प्रसन्न होकर देवी चण्डिकाने मुझे स्वप्नमें दर्शन दिया और अमृतमयी वाणीमें मुझसे कहा- 'तुम सोयी क्यों हो? उठो और तत्काल गंगाजीके मनोहर तटपर चल जाओ, वहाँ पर विशाल भुजाओंवाले तथा सभी शत्रुओंका दमन करनेवाले नृपश्रेष्ठ है हय एकवीर आयेंगे। दत्तात्रेयजीने महाविद्या नामक मेरा श्रेष्ठ मन्त्र उन्हें प्रदान किया है। वे भी भक्तिपूर्वक निरन्तर मेरी उपासना करते रहते है। उनका मन मुझमें लगा रहता है तथा वे सदा मेरी पूजामें रत रहते हैं। मेरे प्रति आसक्तिभाव रखनेवाले वे सभी प्राणियोंमें एकमात्र मुझे ही देखते हुए सदा मेरे ही परायण रहते हैं। वे महामति एकवीर ही दुःख दूर करेंगे। वे लक्ष्मीपुत्र एकवीर घूमते हुए गंगातटपर आकर तुम्हारी रक्षा करेंगे और उस भयानक राक्षस कालकेतुका वध करके मानिनी एकावलीको मुक्त करेंगे। इसके बाद तुम समस्त शास्त्रोंमें निष्णात उन्हीं सुन्दर राजकुमार एकवीरके साथ एकावलीका विवाह करवा देना' ॥ 53-59 ॥

ऐसा कहकर देवी अन्तर्धान हो गयीं और मैं उसी समय जग गयी। तत्पश्चात मन स्वप्नका वृत्तान्त तथा देवीकी आराधनाकी बात एकावलीको बतायी ॥ 60 ॥

सारी बातें सुनकर उस कमलनयनीके मुख-मण्डलपर प्रसन्नता छा गयी। अत्यन्त सन्तुष्ट होकर पवित्र मुसकानवाली एकावलीने मुझसे कहा- हे प्रिये ! तुम वहाँ शीघ्रतापूर्वक जाओ और मेरा कार्य सिद्ध करो। जो भगवती सत्य वाणीवाली हैं, वे हम दोनोंको मुक्त करेंगी ॥ 61-62 ॥

हे राजन! सखी एकावलीके इस प्रकार प्रेमपूर्वक आदेश देनेपर उस समय प्रस्थान कर देना उचित समझकर मैं उस स्थानसे तुरंत चल पड़ी। हे राजकुमार! भगवती जगदम्बाकी कृपासे मार्गकी जानकारी तथा द्रुतगतिसे चलनेकी क्षमता मुझे प्राप्त हो गयी थी ॥ 63-64 ॥

हे वीर। इस प्रकार मैंने अपने दुःखी होनेका समस्त कारण आपको बता दिया। अब जिस प्रकार मैंने आपको अपने विषयमें बताया, उसी प्रकार आप भी बताइये कि आप कौन हैं तथा किसके पुत्र हैं? ॥ 65 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन! उस यशोवतीकी सुनकर लक्ष्मीपुत्र प्रतापी एकवीरका बात मुखारविन्द प्रसन्नतासे खिल उठा और वे उससे कहने लगे- ॥ 1 ॥

राजा बोले- हे रम्भोरु ! जो तुमने सुन्दर मेरा पूछा है, वह सुनो। एकवीर नामसे प्रसिद्ध लक्ष्मीपुत्र हैहय मैं ही हूँ ॥ 3 ॥

- क्रमशः

# मुख्यमंत्री बनने को लालायित राज्यपाल

भारत में कुल अठाईस राज्य हैं। पुदुचेरी और दिल्ली दो ऐसे केंद्र शासित प्रदेश हैं, जहां विधानसभा हैं। जब तक दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित नहीं किया गया, जम्मू-कश्मीर भी पहले एक राज्य था। हर राज्य का मुखिया राज्यपाल होता है। विधानसभाओं के चुनाव होते हैं। उनमें क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से विभिन्न दलों के चुने गये सदस्य होते हैं। सबसे बड़ी पार्टी के नेता को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है और उसे मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाती है। मुख्यमंत्री राज्य की जनता का चुना हुआ नेता होता है। मुख्यमंत्री की सलाह पर ही मंत्रियों की नियुक्ति की जाती है। यह वेस्टमिंस्टर संसदीय प्रणाली है। भारत में लगभग तीस वर्षों तक इसी प्रणाली का पालन किया जाता रहा। इस प्रणाली ने अच्छी तरह से काम किया और छोटी-मोटी गड़बडियों को तुरंत ठीक कर लिया गया। **एक सरकार :** मगर यहां ऐसे भी लोग हैं, जिन्हें वेस्टमिंस्टर प्रणाली पसंद नहीं है। स्पष्ट रूप से कहें तो, उन्हें राज्य पसंद नहीं; वे निर्वाचित विधानमंडलों को पसंद नहीं करते; और न उन्हें मुख्यमंत्री पसंद हैं। संक्षेप में, वे राज्य सरकारों से छुटकारा पाना चाहते हैं। वे मानते हैं कि अगर 142.6 करोड़ आबादी वाले चीन में एक सरकार हो सकती है, तो 141.2 करोड़ की आबादी वाले भारत में क्यों नहीं? वेस्टमिंस्टर माडल के खिलाफ रुझान बढ़ रहा है। ऐसा ही रुझान रखने वाले कुछ लोगों को राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। एक राज्य का राज्यपाल नाममात्र का प्रमुख (ब्रिटिश सम्राट की तरह) होता है और सरकार राज्यपाल के नाम पर चलाई जाती है। संविधान में राज्यपाल की शक्तियों (अनुच्छेद 163) की व्याख्या और सीमाएं निर्धारित हैंः 'राज्यपाल को अपने कार्यों के निष्पादन में सहायता और सलाह देने के लिए मुख्यमंत्री के साथ एक मंत्रिपरिषद होगी, सिवाय इसके कि जब तक वह संविधान द्वारा या उसके तहत अपने कार्यों या उनमें से किसी का प्रयोग करने के लिए अपने विवेक के इस्तेमाल को बाध्य न हो।' भाषा सहज और सरल है। वेस्टमिंस्टर माडल की पृष्ठभूमि में, जिसे हमने अपनाया, अनुच्छेद 163 के अर्थ ग्रहण में कोई संदेह नहीं है। इंग्लैंड में सम्राट की तरह, राज्यपाल के पास कोई वास्तविक शक्तियां नहीं होती हैं। वह केवल उन्हीं मामलों में अपने विवेक से काम कर सकता है, जहां संविधान में उससे ऐसा करने की अपेक्षा की गई है। फिर भी, थोमस जैसे कुछ लोग इस पर संदेह करते रहे हैं। न्यायमूर्ति कृष्ण अय्यर ने शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य के अपने फैसले में उन्हें किनारे करते हुए कहाः 'हम अपने संविधान की इस शाखा के कानून की घोषणा करते हैं कि राष्ट्रपति और राज्यपाल अपनी औपचारिक संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग केवल कुछ जानी-पहचानी असाधारण स्थितियों को छोडकर, अपने मंत्रियों की सलाह के अनुसार ही करेंगे।' **हद पार करना :** फिर भी हमारे यहां कुछ ऐसे राज्यपाल हैं, जो मुख्यमंत्रियों पर अपना प्रभुत्व जमाना चाहते हैं। वे मुख्यमंत्री बनने के इच्छुक हैं। विधेयक के कानून बनने के लिए राज्यपाल की सहमति आवश्यक है। अनुच्छेद 200 में प्रावधान है कि राज्यपाल अपनी सहमति दे सकता है या उसे वापस कर सकता या राष्ट्रपति को विचार के लिए भेज सकता है। अगर किसी विधेयक पर सहमति नहीं दी जाती, तो उसे पुनर्विचार के लिए विधानमंडल को लौटा दिया जाना चाहिए। अगर विधेयक फिर से संशोधनों के साथ या बिना संशोधन के पारित हो जाता है, तो राज्यपाल उस पर अपनी सहमति देने को बाध्य होता है। मगर कुछ ऐसे राज्यपाल हैं जो विधेयकों पर बस 'बैठे' जाते हैं। फिर ऐसा दिखावा किया जाता है कि राज्यपाल विधेयक पर 'विचार' कर रहे हैं। एक राज्यपाल कितनी बार किसी विधेयक को पढ़ेगा और उस पर विचार करेगा? अगर वह विधेयकों को समझने में असमर्थ है, तो उसे अपनी अक्षमता का हवाला देते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। राज्यपाल राज्य सरकारों का विरोध करते देखे जाते हैं। एक राज्य सरकार नई शिक्षा नीति और तथाकथित त्रिभाषा फामूर्ले का विरोध कर रही है। राज्य के राज्यपाल ने राज्य सरकार के कदम का विरोध किया और नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा सूत्र के गुणों की प्रशंसा की। राज्यपाल ने अन्य मुद्दों पर भी राज्य सरकार का विरोध किया। फिर राज्य सरकार के समर्थन में उस राज्य के सांसदों ने राज्यपाल को वापस बुलाने के लिए राष्ट्रपति को एक हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल असंगत और भडकाऊ टिप्पणी करते हैं।

■ **पी. चिदंबरम**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# बिना हेलमेट के बाइक न चलायें

आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटना में मरनेवालों की संख्या ज्यादातर युवाओं की होती है, जिनमें अधिकांश हेलमेट नहीं पहननेवालों की है। इतना कुछ होने के बावजूद बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठाये युवको को बाइक चलाते आम तौर पर देखा जा सकता है। आज कल के युवाओं में ज्यादातर यह देखा जाता है कि युवा वर्ग के लोग गाड़ी चलाते समय अपने मोबाइल को अपने कानों से दबा कर बाइक चलाते हुए बात करते है। जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वैसे तो प्रशासन के द्वारा बार बार हेलमेट लगाने को लेकर जांच की जाती है। साथ ही गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात करने को लेकर मनाही की जाती है साथ ही साथ गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल से बात न करने की भी सलाह दी जाती है। यह दुर्घटना का कारण बन सकती है। बाइक सवार अपने सिर व कंधे के बीच मोबाइल दबाकर सड़क पर चलते दिखाई देते हैं। इन सब बातों से दुर्घटना की पूरी संभावना रहती है। इन सब बातों पर न ही उनके अभिभावक ध्यान देते हैं और ना ही ट्रेफिक पुलिस। वहीं, आम आदमी इससे मतलब नहीं रखता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि मोबाइल पर बात करना अगर आवश्यक है,तो हम बाइक रोककर एक जगह बात कर सकते हैं। बाइक पर एक हाथ से बाइक चलाना और मोबाइल पर बात करना उनके लिए एवं अन्य लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से ऐसा करने वाले युवकों से अनुरोध करता हूं कि इस तरह बाइक पर मोबाइल से बात करके अपने औरों की जान जोखिम में नहीं डालें।

■ **अरुण पाण्डेय, मेदिनीनगर।**

# चिकित्सा माफियों के आगे बौनी होती सरकारें

संसार में चिकित्सक को दूसरा भगवान माना जाता है। शारीरिक व्याधियों से तडफते जीव को राहत पहुंचाने में चिकित्सक का योगदान, उसकी मानवता और उसके समर्पण को हमेशा ही आदरणीय माना जाता रहा है परन्तु वर्तमान में अनेक चिकित्सकों के व्यवहार, उनकी धनलोलुपता और स्वार्थपरिता के उदाहरणों से समाज निरंतर आहत हो रहा है। सरकारों के प्रयास जहां आम आवाम तक स्वास्थ सेवाओं की अत्याधुनिक तकनीक पहुंचाने हेतु तीव्रगामी हो रहे हैं वहीं सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों की मनमानियां चरम सीमा पर पहुंचती जा रहीं हैं। मरीजों को निजी क्लीनिकों की ओर भेजने का माहौल बनाना, तडफते व्यक्तियों की पीडा को नजरंदाज करना तथा तामीरदारों के साथ बदसलूकी जैसे घटना क्रम आये दिन सुर्खियां बनते रहते हैं। जागरूक तामीरदारों व्दारा चिकित्सक को उसके दायित्व बताने के बदले में मारपीट, फर्जी प्राथमिकी और मरीज की जान का जोखिम भुगतना पडता है। तिस पर डाक्टर्स एसोसिएशन, जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन एवं विभागीय कर्मचारी संघों के बैनर तले आये दिन होने वाली हडतालें, विरोध प्रदर्शन और सुविधाओं की भरमार वाली मांगों के ज्ञापन देने का क्रम ने तीव्रता ग्रहण कर ली है। दवाओं के मूल्यों का निर्धारण करने वाली संस्था तो कब से कान में तेल डालकर सो रही है, शायद ही किसी को पता हो। तभी तो पांच पैसे की लागत से बनने वाली औषधियों के डिब्बों पर भारी भरकम मूल्य छपा रहता है। आश्चर्य तो तब होता है जब सरकार के आदेशानुसार सरकारी अस्पतालों में विभागीय आपूर्ति वाली दवायें निःशुल्क देने की व्यवस्था होने के बाद भी परिसर के बाहर दवाइयों की दुकानों पर हमेशा भारी भीड लगी रहती है। डाक्टरों के चैम्बर्स के बाहर भीड की शक्ल में शारीरिक पीडित अन्दर जाने की मसक्कत करते हैं जबकि अन्दर एमआर यानी कि किसी निजी दवा कम्पनी का प्रतिनिधि डाक्टर को धन कमाने के नुक्से समझा रहा होता है। ऐसे में वहां मौजूद दलाल दर्द से तडफते मरीजों को डाक्टर साहब के घर पर दिखाने की सलाह देकर बहलाते-फुसलाते हैं और कमाते है कमीशन में मोटी रकम। परिसर के बाहर दवाइयों की दुकानों पर भीड, सरकारी डाक्टर के बंगलों तथा निजी क्लीनिकों पर मरीजों का तांता, भारी बजट के बाद भी बदहाल सरकारी अस्पताल, चैम्बरों से नदारत चिकित्सक, परीक्षणों की सुविधाओं की उपलब्धता के बाद भी निजी डायग्नोसिस सेन्टर्स की संख्या में इजाफा जैसे अनेक प्रत्यक्ष गवाह हैं जिनकी गवाही को एसोसिएशन के संख्याबल, उनके धमकी भरे क्रियाकलाप तथा चोर-चोर मौसेरे भाई की कहावत का चरितार्थ होते स्वरूप के व्दारा नकार दिया जाता है। इस मन-तंत्र की व्यवस्था को लागू करने वाले अधिकारियों के द्वारा जागरूक नागरिकों को गुमराह करके विधायिका को ही एक मात्र उत्तरदायी ठहराया जाता है। खादी पर दाग लगाने वाले अधिकारियों का एक बडा वर्ग जरूरतमंदों की ब्रेन वाशिंग करके नेताओं को चोर सावित करने में लगा रहता है ताकि उनकी ओर उठने वाली अंगुलियों को इच्छित दिशा में मोडा जा सके। चिकित्सकों के विरुध्द होने वाली शिकायतों की जांच का जिम्मा भी उन्हीं में से वरिष्ठ हो चुके चिकित्साविद् को ही सौंपा जाता है जो अपने अतीत की घटनाओं को सामने रखकर वर्तमान पर आख्या प्रस्ततु करते है। सरकारी महकमे से मोटी पगार पाने वाले डाक्टरों की निजी प्रेक्टिस से होने वाली अनगिनत आय का कोई लेखा-जोखा न तो रखा जाता है और न ही उन पर विभागीय छापे ही पडते हैं। पैथोलोजी से लेकर सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे सेन्टर्स पर बिना डिग्रीधारी लोगों की मौजूदगी रहती है, इन सेन्टर्स की रिपोर्ट पर जरूर डिग्रीधारी के कथित हस्ताक्षर होते हैं। प्रश्न यह उठता है कि जब सरकारी चिकित्सालयों में जांचों से लेकर दवाइयों तक का मुफ्त में इंतजाम है तो फिर परिसर के बाहर फार्मास्टि के नाम पर दवाइयों की दुकानें, पैथोलोजिस्ट के नाम पर जांच केन्द्र तथा रेडियोलोजिस्ट के नाम पर सेन्टर की संख्याओं में आशातीत वृध्दि कैसे हो रही है।

■ **डा. रवीन्द्र अरजरिया**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं:** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### हरदोई में कार खाई में गिरी, तीन की हुई मौत




**हरदोई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के बेहटा गोकुल क्षेत्र में एक कार के खाई में पलटने से उसमें सवार दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सांडी क्षेत्र के पिंडारी गांव निवासी पट्टे (59),पट्टे का छोटा भाई हिम्मत (52), नेहा (09) , हिमांशु (11), विशोक (10) और रामदेवी (58) सोमवार शाम बेहटा धीरा गांव तिलक चढ़ाने गए हुए थे। तिलक के बाद सभी देर रात कार से वापस लौट रहे थे कि इसी बीच बेहटा गोकुल और नेवादा मस्तीपुर गांव के बीच खलीफा पुलिया के पास मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित हो गयी और खाई में जा गिरी। उन्होने बताया कि घायलों को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान हिम्मत,पट्टे और नेहा की मौत हो गई जबकि अन्य की हालत गंभीर बनी हुयी है।

### बिहार में शराबबंदी पूरी तरह से फेल : सम्राट चौधरी

**समस्तीपुर (एजेंसी)।** बिहार विधान परिषद् मे प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने आज कहा कि प्रदेश में शराबबंदी कानून पूरी तरह से फेल हो चुका है और यहां शराब माफियाओं का राज कायम हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता श्री चौधरी मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बिहार में कुव्यवस्था के कारण प्रशासनिक व्यवस्था चौपट हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश मे शराबबंदी कानून पूरी तरह फेल हो चुका है और यहां शराब माफियाओ का राज कायम हो गया है। श्री चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सिद्धांतविहीन राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि श्री कुमार का अब कोई सिद्धांत नहीं रह गया है। उन्होंने दावा किया कि महागठबंधन का कुढ़नी विधानसभा उप चुनाव में गोपालगंज से भी बुरा हाल होगा और इस सीट पर भाजपा की जीत दर्ज होगी। इस अवसर पर भाजपा के विधान पार्षद तरुण कुमार, भाजपा के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार चौधरी एवं जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा भी उपस्थित थे।

### समस्तीपुर में एक अपराधी की पीट-पीटकर हत्या, तीन घायल

**समस्तीपुर (एजेंसी)।** बिहार मे समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को ज्वेलर्स दुकान को लूटने पहुंचे एक अपराधी को आक्रोशित लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला तथा तीन अन्य को घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के नीम चौक स्थित एक ज्वेलर्स दुकान में दो बाइक पर सवार छह अपराधी लूटपाट की नीयत से पहुंचे थे। इसी दौरान लोगों ने सभी अपराधियों को धेर लिया। इसके बाद अपराधियों ने गोली-बारी शुरू कर दी, जिसमें गोली लगने से स्थानीय एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली-बारी के बाद लोग आक्रोशित हो गए और चारों अपराधियों को पकड़कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में एक अपराधी की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गये। उग्र लोगों ने अपराधियों के दो बाइक को भी जला दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी अपराधियों को हिरासत मे लेकर इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल मे भर्ती कराया है। मृतक अपराधी की पहचान जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र निवासी अमन कुमार के रूप में की गयी है।

### सारण में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा कचहरी - मशरक रेलखंड के तेनुआ डुमरिया हाल्ट स्टेशन के समीप मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि तेनुआ डुमरिया हाल्ट स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष है और उसकी तत्काल पहचान नहीं की जा सकी है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान कराने की कोशिश की रही है।

### सारण में बिजली का करंट लगने से महिला की मौत

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में मंगलवार को बिजली का करंट लगने से एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि तेघरा गांव निवासी रमेश साह की 25 वर्षीय पत्नी संगीता देवी हीटर से पानी गर्म कर रही थी। इस दौरान बिजली का करंट लगने से संगीता देवी की मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# बिहार में नहीं थम रहा अभ्यर्थियों का हंगामा, बीपीएससी के छात्रों ने घेरा सीएम आवास

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में 67वीं बीपीएससी की परीक्षा से जुड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। 8 मई को हुई प्रारंभिक परीक्षा के पेपर लीक आउट के सामने आने के बाद परीक्षा का रद्द किया जाना और फिर दोबारा दो पालियों में परीक्षा कराने के साथ ही पर्सेंटाइल सिस्टम का विरोध किया जा रहा है। अभ्यर्थियों में पटना में अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास को घेर लिया है। बड़ी संख्या में सुरक्षाबल मौके पर मौजूद हैं। एक प्रतिनिधिमंडल को सीएम हाउस में बुलाया गया है। मंगलवार को बड़ी तादाद में छात्र बीपीएससी कार्यालय के सामने पहुंच गये और विरोध में जमकर नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां लेकर ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने रिजल्ट को लेकर नाराजगी जताई है और कट ऑफ विवाद को लेकर हंगामा किया है।




बीपीएससी कार्यालय के गेट पर मंगलवार को बड़ी तादाद में पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। छात्रों ने मांग की है कि 67वीं बीपीएससी के प्री परीक्षा में जिन प्रश्नों के उत्तर बदले गये हैं उसके बदले कट ऑफ घटाकर रिजल्ट जारी किया जाए। वो कहते हैं, जैसे मेरे 108 नंबर आये हैं और पिछड़े वर्ग के साथ ही ईडबल्यूएस का कट ऑफ 109 है। आयोग बार-बार रिजल्ट में संशोधन कर रहा है। जैसे उसने हाल-फि लहाल भी आंदोलन के दबाव में एक सवाल को हटा दिया और 15 प्रतिभागियों को प्री में पास कर दिया। आयोग पारदर्शिता बिल्कुल नहीं बरतता।

वहीं अभ्यार्थी कहते है,पहले पेपर का लीक होना और अब तो ऐसा लग रहा जैसे बिहार सरकार और न्यायिक सेवा के उच्च पदाधिकारी अपने परिवार से जुड़े लोगों को घुसाने की जुगत साफ तौर पर लगा रहे हैं। अब तो आयोग से दिल हटने सा लगा है।

## बीपीएससी में हो रहे प्रश्न-पत्र में उलटफेर की सीबीआई जांच होनी चाहिए : विजय कुमार सिन्हा



**67वीं** बीपीएससी परीक्षा को लेकर हंगामा जारी है। इसी बीच मंगलवार को विपक्ष के नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने बीपीएससी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों का समर्थन किया। उन्होंने छात्रों के बीच आकर कहा कि बीपीएससी में हो रहे प्रश्न-पत्र में उलटफेर की सीबीआई से जांच होनी चाहिए। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस तरह से छात्रों के साथ गलत किया जा रहा हैं, प्रश्न पत्र में गलती की जा रही है। इसके बाद भी सुधार नहीं किया जा रहा। यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। उन्होंने कहा कि बीपीएससी में हो रहे प्रश्न पत्र में उलटफेर की सीबीआई से जांच होनी चाहिए। माननीय मुख्यमंत्री से भी यह आग्रह है कि इस कार्यालय में ऊंचे पद पर बैठे वरीय अधिकारियों की जल्द से जल्द बर्खास्तगी होनी चाहिए। बता दें कि अभ्यर्थियों ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाया है। अभ्यर्थियों की मांग है कि पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। इसके अलावा अभ्यर्थियों ने परीक्षा नियंत्रक सह सचिव अमरेंद्र कुमार को भी उनके पद से हटाने की मांग की है।

### एक दिसंबर से शुरू होगा 'प्रतिबद्ध : 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय' अभियान

# खत्म होंगे कूड़े के ढेर, बनेंगे सेल्फी पॉइंट : योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने की मुहिम में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उनकी टीम लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में अब स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत 'प्रतिबद्ध : 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय' अभियान एक दिसंबर से शुरू किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत प्रदेश के 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों 'गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स' को पूर्णतया विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित करने की योजना है। इस अभियान को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन नगर निकाय निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों को पत्र के जरिए समय सीमा के अंदर अभियान चलाकर उद्देश्य की पूर्ति के निर्देश जारी किए गए हैं। इन स्थानों पर सफाई के बाद सौंदर्यीकरण भी होगा और कई स्थानों को सेल्फी पॉइंट के तौर पर विकसित किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन, उत्तर प्रदेश की निदेशक नेहा शर्मा की तरफ से सभी नगर आयुक्तों एवं



अधिशासी अधिकारियों को इस आशय का पत्र जारी किया गया है। पत्र में अभियान से जुड़े सभी दिशा निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय भारत सरकार द्वारा आजादी @ 75 अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतिम माह के उपलक्ष्य में 'प्रतिबद्ध 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय' अभियान एक दिसंबर 2022 से शुरू किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थान (गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स) को पूर्णतया (स्थायी रूप से) विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित कराया जाना है। अभियान की शुरूआत योजनाबद्ध प्रचार-प्रसार के साथ की जानी है। इसके लिए नगरीय निकाय स्तर पर गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स को चिन्हित कर आवश्यक संसाधन व कार्य सुनिश्चित करना होगा। यह भी निर्देश दिया गया है कि अभियान का समापन समारोह जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हो। मिशन मोड में संचालित अभियान की रिकॉर्डिंग एवं डॉक्यूमेंटेशन भी किया जाएगा। इसके लिए डीएसएलआर कैमरा, ड्रोन इत्यादि की भी व्यवस्था की जाएगी। जारी निर्देश में कहा गया है कि अभियान हेतु आईईसी के माध्यम से स्थानीय लोगों में व्यापक जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार भी आवश्यक है। उपलब्ध संसाधनों का उचित आंकलन कर आवश्यकतानुरूप मैनपावर का प्रबंधन भी करना अनिवार्य है, ताकि गतिविधि को पूर्ण मनोयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। अभियान के तहत समस्त नगरीय निकायों से अपेक्षा की जाती है कि सर्वप्रथम अपने निकाय में समस्त गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स को पुनः चिन्हित करते हुए एक दिसंबर से तीन दिसंबर तक संचालित इस अभियान के अंतर्गत इनका स्थायी रूप से विलोपन की समस्त सुव्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। विलोपन किए गए गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स से प्राप्त कूड़े को गीले और सूखे कूड़े के रूप में अलग किया जाए एवं शेष कूड़े का वैज्ञानिक विधि द्वारा निस्तारण कराना सुनिश्चित हो। साथ ही प्लास्टिक, बोतल, कॉच इत्यादि का आंकलन कर प्राप्त आंकड़ों का डॉक्यूमेंट कर निकाय स्तर पर सुरक्षित करें।

'प्रतिबद्ध 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय' अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निकायों को तीन मुख्य श्रेणियों क्रमशः नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में जनसंख्या आधारित पांच उप श्रेणियों के अंतर्गत राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार की राशि क्या होगी, फिलहाल इस बाबत जानकारी नहीं दी गई है लेकिन प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन निकायों को पूरे प्रदेश में प्रचारित किया जाएगा और दूसरे निकायों के लिए उन्हें आदर्श निकाय बनाया जाएगा।

## शिक्षकों के आंदोलन को लेकर ओडिशा विधानसभा में हंगामा, सदन स्थगित

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा विधानसभा का प्रश्नकाल मंगलवार को शिक्षकों की हड़ताल को लेकर विपक्षी दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के कड़े विरोध व हंगामे के कारण लगातार दूसरे दिन भी स्थगित करना पड़ा। सदन की कार्यवाही को साढ़े 11 बजे तक स्थगित करना पड़ा। सदन की कार्यवाही मंगलवार को प्रश्नकाल के लिए जैसी ही शुरू हुयी विपक्षी कांग्रेस और भाजपा सदस्य सदन के बीचो बीच आ गए और नारेबाजी करने लगे। मंगलवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर चुकी शिक्षकों की हड़ताल पर अध्यक्ष बी के अरुख के फैसले पर सरकार की प्रतिक्रिया जानने के लिए कांग्रेस के सदस्य अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गये और पार्टी विधायक ताराप्रसाद बाहिनीपति एक कुर्सी पर खड़े हो गए। अध्यक्ष को सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान सदन की कार्यवाही को दो बार स्थगित करना पड़ा क्योंकि विपक्षी कांग्रेस और भाजपा सदस्यों ने सदन की कार्यवाही ठप कर दी। अध्यक्ष को गतिरोध को हल करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलानी पड़ी।



सदन हालांकि सामान्य स्थिति में फिर से शुरू हो गया और सदस्यों ने अध्यक्ष के फैसले के बाद शून्यकाल में भाग लिया तथा सरकार से शिक्षकों की हड़ताल पर विशेष ध्यान देने को कहा। संविदा प्रणाली को समाप्त करने, ग्रेड पे प्रणाली को लागू करने और पुरानी पेंशन प्रणाली की बहाली सहित तीन सूत्री मांगों को लेकर राज्य भर के हजारों प्राथमिक शिक्षक रविवार से महात्मा गांधी मार्ग पर अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। सोमवार की तरह मंगलवार को भी सदन में हंगामा हुआ और नारेबाजी कर प्रश्नकाल के कामकाज को बाधित किया। अध्यक्ष ने मंत्री प्रदीप कुमार अमात से सवाल का जवाब मांगा, जिस पर मंत्री खड़े होकर जवाब देने लगे, जो नारेबाजी और विपक्षी सदस्यों के विरोध के कारण सुनाई नहीं दे सका।

## यहूदियों पर भी इतना जुल्म हिटलर ने नहीं किया था : मो. आजम खान



**रामपुर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा)के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान ने किसी पार्टी विशेष का नाम लिए कहा है कि जिस तरह से जुल्म ढहाए जा रहे हैं, उस तरह से तो हिटलर ने भी यहूदियों के साथ ऐसा जुल्म नहीं किया था। सपा नेता ने कहा कि वह नहीं जानते थे कि जनता पर अत्याचार करना सरकारों का काम है और अगर उन्हें यह पता होता तो वह अपने 50 साल के जीवन में कई और तारीख लिख सकते थे। रामपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री आजम ने कहा, क्या कोई व्यक्ति या सरकार इस कदर इतना नीचे गिर सकती है कि वह लोगों पर अत्याचार करने लगे? जेल फिर से मेरा इंतजार कर रही है, जहां मेरे खिलाफ सबसे ज्यादा अत्याचार होते हैं। ऐसे अत्याचार तो हिटलर ने भी यहूदियों के खिलाफ नहीं किए थे। सपा नेता ने कहा कि वह एक भी मामले में खुद को बेगुनाह साबित नहीं कर पाए। कभी अपने करीबी माने जाने वाले और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने वाले नेताओं पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी को अमीर लोग छोड़ कर चले गए और बस वफादार लोग ही पार्टी में रह गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गोहत्या के 50 मामले वाले लोग भाजपा का मंच साझा कर रहे हैं। श्री आजम ने कहा, मुझे लगभग हर दिन अदालत में पेश होना पड़ता है और जो आरोप लगाए है उसमें हर धारा में उम्रकैद की सजा है। ऐसी सजा के लिए कई जीवन चाहिए। मेरा बेटा वकीलों से सलाह ले रहा है कि इन सजाओं से कैसे बचा जाए। हम अपनी बेगुनाही साबित नहीं कर सके।

## ममता को करना था वस्त्र वितरण लेकिन समय पर नहीं ला सके अधिकारी, नाराज मुख्यमंत्री मंच पर बैठीं

- सीएम ममता मंगलवार को उत्तर 24 परगना दौरे पर पहुंची
- हिंगलगंज में प्रशासनिक बैठक से पहले मुख्यमंत्री का वस्त्र वितरण का कार्यक्रम था लेकिन समय पर कपड़े नहीं मिलने से वह बेहद नाराज हुई

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को उत्तर 24 परगना दौरे पर पहुंची हैं। यहां जरूरतमंदों के बीच में कंबल और अन्य शीत वस्त्र वितरित करना था लेकिन जब बनर्जी ने मंच से वितरण का ऐलान किया उसके बाद भी शीत वस्त्र नहीं पहुंचे थे। इसे लेकर उन्होंने तीखी नाराजगी जताई तथा डीएम और बीडीओ के साथ साथ एसपी को फटकार लगाई। इससे बाद वह मंच पर ही गुस्सा होकर बैठ गईं। हिंगलगंज में प्रशासनिक बैठक से



पहले मुख्यमंत्री का वस्त्र वितरण का कार्यक्रम था लेकिन समय पर कपड़े नहीं मिलने से वह बेहद नाराज हुई। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए साफ कर दिया कि जब तक वस्त्र वितरण के लिए नहीं मिल जाता तब तक वह सभा नहीं शुरू करेंगी।

**मुख्यमंत्री ने मंदिर में की पूजा**

इधर हिंगलगंज की जनसभा से पहले शमशेरनगर में भी उनकी एक जनसभा थी। वहां बनबीबी मंदिर में उन्होंने पूजा पाठ की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रकृति की पूजा की जिसके बाद हिंगलगंज पहुंची। नाराजगी के बाद वहां एकत्रित भीड़ की ओर हाथ हिलाते हुए ममता ने कहा कि आप लोग भी बैठिए मैं भी मंच पर बैठती हूं। जब तक वितरण के लिए शीत वस्त्र नहीं आ जाते हैं तब तक मैं यहीं बैठी रहूंगी। मुख्यमंत्री ने डीएम को फटकार लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने आपको 15 हजार वस्त्र वितरण के लिए फंड दिए थे लेकिन वे अभी तक क्यों नहीं पहुंचे। दरअसल कार्यक्रम की शुरूआत में ही उन्होंने अधिकारियों से वितरण के लिए शीत वस्त्र मांगे लेकिन एक अधिकारी ने दूसरे से और दूसरे ने तीसरे से इस बारे में पूछना शुरू कर दिया जिससे सीएम बेहद नाराज हो गईं। वह 15 मिनट तक बैठी रही और बाद में कंबल लाया गया जिनमें से 1000 कंबल वितरित हुए हैं। संबोधन करते हुए उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए वह जीवन भर लड़ती रही हैं। अगर कोई वंचित हो गया तो उन्हें बेहद गुस्सा आएगा।

## कोलकाता में 17 दिसंबर को होगी पूर्वी क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक, केंद्रीय गृहमंत्री शाह होंगे शामिल

**कोलकाता (एजेंसी)।** राज्य सचिवालय नवान्न में पूर्वी क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक आगामी 17 दिसंबर को होगी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अलावा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, ओडिशा के नवीन पटनायक और सिक्किम के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। बैठक के दौरान ममता बनर्जी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अगल से मुलाकात हो सकती है। केन्द्रीय गृह मंत्री इस पूर्वी क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उपाध्यक्ष हैं। अगर नीतीश कुमार इस बैठक में शामिल होते हैं तो ऐसा पहली बार होगा, जब भाजपा का साथ छोड़ने के बाद वह केन्द्रीय गृह मंत्री के साथ एक मंच पर होंगे। पूर्वी क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की शाह से अलग से मुलाकात भी हो सकती है। सूत्रों ने यह भी बताया है कि इस बैठक के बाद अमित शाह भी अपनी पार्टी के पदाधिकारियों और नेताओं के साथ अलग से बैठक कर सकते हैं। विधानसभा चुनाव के बाद अमित शाह का यह दूसरा बंगाल दौरा होगा।

# नीतीश कुमार को अधिकारियों पर नहीं रहा पहले जैसा भरोसा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में सत्ता समीकरण बदलने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमर के महागठबंधन के साथ आने के बाद अधिकारियों के साथ उनके व्यवहार में बदलाव दिख रहा है। या तो उनमें पहले जैसा आत्मविश्वास नहीं रहा या फिर वह अधिकारियों पर पहले की तरह भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि सरकारी कार्यक्रमों के दौरान उन्हें वहां मौजूद अधिकारियों से यह वादा कराना पड़ रहा है कि अमुक काम वह करेंगे न! यही नहीं वे अधिकारियों को मंच पर बुला कर उनसे शपथ दिलवाते हैं कि वे दिए गए काम को ईमानदारी से करेंगे। ऐसा ही एक वाकया बीते दिन दिखा। मौका था, राज्य में शराबबंदी कानून के अनुपालन से संबंधित कार्यक्रम का। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के व्यवहार से अधिकारियों में खुद को अपमानित किए जाने की भावना



उत्पन्न होने लगी है। हालांकि, सरकार के सामने अधिकारी कुछ बोल नहीं पाते हैं, लेकिन दबी जुबान यह चर्चा होने लगी है कि या तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अधिकारियों पर भरोसा नहीं हो पा रहा है अथवा मुख्यमंत्री उन्हें जलील कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि यह मुख्यमंत्री का काम है कि वह अधिकारियों को टास्क दें और अधिकारी उसे पूरा करें। लेकिन सार्वजनिक रूप से यह शपथ दिलवाया जाना एक तरह से अधिकारियों को अपमानित किये जाने के समान ही है। कहा जा रहा है कि जिस तरह से सत्ता में रहते हुए लालू यादव अधिकारियों को सार्वजनिक तौर पर अपमानित करते थे, ठीक उसी तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी करने लगे हैं। पिछले ही दिनों मद्य निषेध दिवस के मौके पर पटना में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना के जिलाधिकारी डा. चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो को मंच पर बुलाकर यह शपथ दिलवायी कि वे पटना में दारू बंद करायेंगे। इससे इतना तो साफ हो ही गया कि मुख्यमंत्री भी कबूल कर रहे हैं शराबबंदी कानून के बावजूद यहां दारु बिक रही है। प्रशासनिक हलको में कहा जा रहा है कि सरकार के आदेशानुसार अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हीं हैं और उस दिशा में कठोर कार्रवाई भी करते हैं। बावजूद इसके, उनको मंच पर बुलाकर सार्वजनिक रूप से कार्रवाई किये जाने का दिशा-निर्देश दिया जाना एक तरह से उन्हें अपमानित किये जाने के समान ही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से कहा कि राज्य के अंदर रहकर शराब का अवैध धंधा करने वाले असली धंधेबाजों को पकड़ने की जरूरत है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद मुख्य सचिव आमिर सुबहानी को मंच से ही निर्देश देते हुए कहा कि असली धंधेबाज को पकड़कर जेल भेजिए। हर विभाग से शराबबंदी को लेकर यह प्रचार-प्रसार कराईये। उन्होंने मंच से पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों की ओर इशारा करते हुआ कहा कि समाज में सुधार के इस अभियान को और तेज गति से बढ़ाईये। यह कोई पहला मौका नहीं था, इसके पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र देते हुए राज्य के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी से यह कह दिया था कि आपने प्रवचन तो अच्छा दिया, लेकिन आप भूल गए हैं आपका काम है देखना। आप बहाली कराइए। आपको हम मुख्य सचिव बनाकर रखे हैं। यही नहीं उन्होंने अपने प्रधान सचिव दीपक कुमार पर भी निशाना साधते हुए कहा था कि आपको मुख्य सचिव बनाया था, लेकिन आपने भी नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी नहीं की। ये महज वो उदाहरण हैं। इसके अलावा भी कई मौकों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नौकरशाहों पर निशाना साध चुके हैं। इससे साफ है कि राज्य में नौकरशाही को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के व्यवहार में परिवर्तन आया है और यह परिवर्तन सार्वजनिक कार्यक्रमों में उजागर होने लगा है। यही नहीं यह परिवर्तन नौकरशाही को महसूस भी हो रहा है।

## भागवत की हिंदुत्व विचारधारा समाज को बांटने वाली : जाप

**पटना (एजेंसी)।** जन अधिकारी पार्टी (जाप) के अध्यक्ष राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने हिंदू और हिंदू धर्म को लेकर राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर आज कहा कि श्री भागवत की हिंदुत्व विचारधारा समाज को बांटने वाली है। श्री यादव ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हिंदू सिर्फ एक धर्म नहीं है, यह एक विचारधारा है। यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है। हिंदुत्व का मतलब कट्टर हिंसावादी विचारधारा नहीं बल्कि मानवतावादी विचारधारा है। उन्होंने कहा कि श्री भागवत ने हिंदुत्व की जो विचारधारा बताई है उसके हिसाब से उन्हें सिख, ईसाई, मुसलमान, दलित या ईसाई सभी से नफरत है जबकि हिंदुत्व प्रेम की विचारधारा है। जाप के अध्यक्ष ने सवालिया लहजे में कहा कि जब पूरा देश हिंदू है तो लव जिहाद का मुद्दा कैसे उठ रहा है। उन्होंने श्री कहा कि अगर हिंदू एक है तो समाज क्यों बंटा



हुआ है। क्यों दलित और आदिवासियों को शादी व अन्य संस्कारों से अलग रखा जाता है। उल्लेखनीय है कि श्री भागवत ने सोमवार को दरभंगा के नागेंद्र झा स्टेडियम में आयोजित आरएसएस नागरिक एकत्रीकरण को संबोधित करते हुए कहा था कि संघ का सपना सभी को एक साथ जोड़ना है। उन्होंने कहा कि देश में रहनेवाले सभी लोग हिन्दू हैं। वर्तमान में वे चाहे जो कुछ है लेकिन जिनके पूर्वज हिन्दू थे वे आज भी हिन्दू ही हैं। श्री यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान को भी आड़े हाथ लिया, जिसमें उन्होंने कहा था वर्ष 2002 में हमने जो किया क्या उसका सबक भूल गए। उन्होंने कहा कि इसका मतलब श्री शाह ने स्वीकार कर लिया है कि वर्ष 2002 का दंगा उन्होंने ही करवाया था। उन्होंने उच्चतम न्यायालय से श्री शाह के बयान के आलोक में गुजरात दंगों की एक बार फिर से जांच कराये जाने की मांग की। जाप सुप्रीमो ने कहा कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के जूरी अध्यक्ष इजराइली फिल्मकार नादाब लिपिड ने हिंदी फिल्म द्यद कश्मीर फाइल्सह्व को वल्गर और प्रोपेगेंडा बताया है। उन्होंने कहा कि प्रोपेगेंडा और दुष्प्रचार कर दुनिया में भारत का नाम खराब करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। श्री यादव ने कहा कि श्रद्धा हत्याकांड के बाद 11 ऐसे मामले सामने आए लेकिन भाजपा नेताओं और बड़े मीडिया संस्थाओं ने इस पर क्यों चुप्पी साध ली। उन्होंने पासी समाज के समर्थन में अपील की कि ताड़ी बेचकर रोजी-रोटी चलाने वाले पासी समाज के लोगों को जेल न भेजें।

## न्यूज गैलरी

### लैंगर के आस्ट्रेलियाई टीम को कायर कहनेवाले बयान पर भड़के कमिंस

**पर्थ (एजेंसी)।** टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को पूर्व कोच जस्टिन लैंगर को करारा जवाब देते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम में कोई कायर नहीं है और उनके इस तरह के बयान से वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का ध्यान नहीं भटकेगा। लैंगर ने पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को कायर बताया और कहा था कि कुछ खिलाड़ियों ने उनकी पीठ के पीछे जो किया और ड्रेसिंग रूम की बातें सार्वजनिक की, उससे उन्हें नफरत है। कमिंस ने पहले टेस्ट से पूर्व कहा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में कोई कायर नहीं है। कभी नहीं थी। उन्होंने कहा कि मैं निजी संवाद को कभी सार्वजनिक नहीं करता। कई बार मैदान से बाहर के मसलों पर फोकस होना निराशाजनक होता है लेकिन इससे हमारी टीम पर कोई असर नहीं पड़ेगा। गौर हो कि लैंगर ने इस साल फरवरी में मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उनके अनुबंध में दीर्घकालिन विस्तार से इनकार कर दिया था। लैंगर ने बाद में अपना बयान वापिस लेते हुए कहा था कि खिलाड़ी उनके छोटे भाई जैसे है।

### कनाडा ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीता पहला डेविस कप खिताब



**मलागा (एजेंसी)।** कनाडा ने डेनिस शापोवालोव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे की जीत की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 2–0 से हराकर पहला डेविस कप खिताब अपने नाम किया। ऑगर अलियासिमे ने एलेक्स डि मिनॉर को 6–3, 6–4 से शिकस्त देकर अपनी टीम को विजयी अंक दिलाया। इससे पहले शापोवालोव ने थानासी कोकिनाकिस को 6–2, 6–4 से हराकर शुरूआत की।

### नेमार के बिना स्विटजरलैंड को हराकर अंतिम–16 में पहुंचा ब्राजील

**दोहा (एजेंसी)।** स्टार स्ट्राइकर नेमार के बिना उतरी ब्राजील फुटबॉल टीम ने विश्व कप के मुकाबले में स्विटजरलैंड को 1–0 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। बेहद उबाऊ पहले हाफ के बाद ब्राजील के लिए केसमिरो ने 83वें मिनट में गोल किया। पांच बार के चैम्पियन ब्राजील को अभी ग्रुप जी में आखिरी मुकाबला खेलना है, लेकिन टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। नेमार को पहले मैच में दाहिने टखने में चोट लगी थी और वह टीम होटल में ही इलाज करा रहे हैं। टीम डॉक्टरों ने अभी यह नहीं बताया है कि वह कब खेल सकेंगे या खेल सकेंगे भी या नहीं। इस जीत के बाद ब्राजील के दो मैचों में छह अंक है और स्विटजलैंड के तीन अंक है। सर्बिया और कैमरून के एक एक अंक हैं जिन्होंने 3–3 से ड्रॉ खेला। स्विटजरलैंड को अगले चरण में पहुंचने के लिए अगले मैच में सर्बिया को हराना होगा। ब्राजील और कैमरून के बीच मैच पर निर्भर होगा कि मैच ड्रॉ होने पर भी स्विस टीम अगले चरण में पहुंच पाएगी या नहीं। स्विट्जरलैंड ने इस साल नेशंस लीग में पुर्तगाल और स्पेन को हराया है। पिछले साल इस टीम ने यूरोपीय चैम्पियनशिप में विश्व चैम्पियन फ्रांस को बाहर का रास्ता दिखाया था। टीम अपने विश्व कप क्वालीफाइंग ग्रुप में यूरो 2020 विजेता इटली से ऊपर रही थी।

# सउदी अरब के खिलाफ मेक्सिको के लिए करो या मरो का मुकाबला



**कतर (एजेंसी)।** पिछले 44 साल में पहली बार ग्रुप चरण से बाहर होने से बचने के लिए मेक्सिको को विश्व कप फुटबॉल में ग्रुप सी के अपने आखिरी मैच में बुधवार को सउदी अरब को हर हालत में हराना होगा और दूसरे मैच का नतीजा भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। मेक्सिको पिछले सात विश्व कप में प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है, लेकिन इस बार ग्रुप सी में अंकतालिका में सबसे नीचे है। उसे लुसैल स्टेडियम पर बुधवार को होनेवाला मैच हर हालत में जीतना होगा। मेक्सिको आखिरी बार 1978 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हुआ था। उसे जीत दर्ज करने के अलावा यह दुआ भी करनी होगी कि लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना टीम पोलैंड से हार जाए। अगर मेक्सिको जीत जाता है और अर्जेंटीना भी अपना मैच जीत जाता है तो फैसला गोल औसत के आधार पर होगा। मेक्सिको ने अभी तक इस विश्व कप में एक भी गोल नहीं किया है। फॉरवर्ड हेनरी मार्टिन ने कहा कि अगले मैच में हमारे पास ज्यादा मौके नहीं है। हमें हर मौका भुनाना होगा। हम दूसरे मैचों पर निर्भर नहीं रहना चाहते। मेक्सिको और पोलैंड के बीच पहला मैच गोलरहित ड्रॉ रहा था जबकि दूसरे मैच में अर्जेंटीना ने उसे 2-0 से मात दी थी। मेक्सिको 1982 में स्पेन में हुए विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका जबकि 1990 में इटली में विश्व कप में उस पर प्रतिबंध लगा था क्योंकि उसने कोंकाकाफ अंडर 20 टूर्नामेंट में अधिक उम्र के खिलाड़ियों को उतारा था।

# हेगले ओवल में पहली बार वनडे मैच खेलेगा भारत

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच श्रृंखला का तीसरा और अंतिम वनडे मैच क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जाएगा। पहला मैच जीतने के बाद न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ली हुई है जबकि हैमिल्टन में दूसरा मैच बारिश में धुल गया था। केवल एक मैच शेष बचा है और भारतीय टीम हर हार में जीत दर्ज करते हुए सीरीज ड्रॉ करवाना चाहेगी। लेकिन मौसम बड़ा कारक होगा। यह पहली बार होगा जब भारत हेगले ओवल में वनडे मैच खेलेगा। दूसरी और मेजबान न्यूजीलैंड ने इस स्थान पर कुल 11 एक दिवसीय मैच खेले हैं जिसमें 10 जीते और सिर्फ एक हारा हैं। टॉम लेथम और कप्तान केन विलियमसन के बीच चौथे विकेट के लिए नाबाद 221 रन की साझेदारी के कारण न्यूजीलैंड ने पहला गेम सात विकेट से जीता, जबकि भारतीय गेंदबाज संघर्ष करते दिखे थे। शिखर धवन एंड कंपनी को अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। पहले मैच के दौरान मेजबानों ने दिखाया कि वे सर्वश्रेष्ठ क्यों हैं और मेन इन ब्लू को इस खेल के लिए अपने कड़ी मेहनत की आवश्यकता होगी। टी-20 इंटरनेशनल श्रृंखला में 1-0 की जीत के बाद वनडे श्रृंखला को बराबर करना भारतीय पक्ष के लिए मनोबल बढ़ाने वाला होगा जो कि उसके वरिष्ठ खिलाड़ियों के बिना खेल रहे हैं। बुधवार 30 नवम्बर को तापमान 18 डिग्री के उच्च स्तर पर पहुंच जाएगा। भारत के न्यूजीलैंड के पूरे दौरे में मौसम ने एक प्रमुख कारक की भूमिका निभाई है और बुधवार कोई अपवाद नहीं होगा। खेल के दिन 0.9 एमएम की तीव्रता के साथ एक घंटे की बारिश का अनुमान है। 92 प्रतिशत क्लाउड कवर और 7 प्रतिशत गरज के साथ बारिश का जोखिम भी होगा।

### मेरा लक्ष्य टीम के लिए विकेट लेना है, लेकिन मौसम हमारे हाथ में नहीं : अर्शदीप

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच टी–20 और वनडे सीरीज उतनी रोमांचक नहीं रही, जितनी लोगों ने उम्मीद की थी। दौरे में अब तक खेले गए पांच मैचों में से तीन मैच बारिश से प्रभावित हुए हैं।



पहला टी–20 भी बारिश के कारण धुला, जबकि तीसरा बारिश के कारण टाई हुआ जिससे भारत टी–20 सीरीज 1–0 से जीत पाया, लेकिन वनडे सीरीज में भारत पिछड़ने की कगार पर है। टीम इंडिया न्यूजीलैंड दौरे के अंतिम मैच के लिए कमर कस रही है। टीम को सीरीज ड्रा करवाने की चुनौती है, लेकिन क्राइस्टचर्च में होने वाले मैच में बारिश की संभावना है। वहीं तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह विकेट चटकाने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर बारिश होती है तो फिर उनका कोई नियंत्रण नहीं रहेगा। उन्होंने न्यूजीलैंड में मौसम के बारे में अपने विचार प्रकट किए। अर्शदीप ने कहा कि देखिए…मौसम हमारे हाथ में नहीं है, मौसम एक ऐसी चीज है जिसे हम नियंत्रित नहीं कर सकते। इसलिए यह जरूरी है कि जब भी हमें मौका मिले हम अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएं।

### रंग-बिरंगा ध्वज लिये मैदान में दौड़ा दर्शक

**लुसैल/कतर (एजेंसी)।** पुर्तगाल और उरूग्वे के बीच विश्व कप फुटबॉल मैच के दौरान एक दर्शक रंग-बिरंगा ध्वज लिए मैदान पर उतर पड़ा जिसने सुपरमैन वाली नीली टीशर्ट पहन रखी थी जिस पर लिखा था, 'सेव यूक्रेन'। सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया और बाहर ले गए। इससे पहले उसने झंडा जमीन पर रख दिया था। रैफरी ने बाद में झंडा उठाकर साइड में रखा जहां से कर्मचारी उसे उठाकर ले गए। उस व्यक्ति की टीशर्ट के पीछे लिखा था, ईरानी महिलाओं के लिए सम्मान। टूर्नामेंट के पहले सप्ताह में सात यूरोपीय टीमों को रंग बिरंगा वन लव आर्मबैंड पहनने की अनुमति नहीं दी गई। कुछ प्रशंसकों ने शिकायत की कि उन्हें एलजीबीटीक्यू अधिकारों की परिचायक रंग बिरंगी चीजें मैदान में ले जाने की अनुमति नहीं मिल रही है।

### आकाश चोपड़ा बोले-

# सैमसन को प्लेइंग इलेवन में मौका देना चाहिए, नहीं तो खूब आलोचना होगी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आकाश चोपड़ा को लगता है कि भारत को



न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम वनडे में संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी खिलाना चाहिए, जो बांग्लादेश के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम मैच बुधवार, 30 नवम्बर को क्राइस्टचर्च में खेला जायेगा। कीवी टीम ने पहला मैच सात विकेट से जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है, जबकि दूसरा मैच बारिश के कारण नतीजा नहीं निकला।

अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा कि भारत को आखिरी वनडे मैच में कुलदीप यादव, उमरान मलिक, दीपक हुड्डा और सैमसन को मौका चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मैच कुलदीप को दो, उमरान मलिक को भी जरूर खिलाओ। दीपक हुड्डा को भी शामिल करो, लेकिन संजू सैमसन को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की कोशिश करो। अगर आप संजू सैमसन को मौका नहीं देते हैं, तो आपकी बहुत आलोचना होगी, अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो फिर सुनने के लिए तैयार रहें। हालांकि, चोपड़ा ने टीम प्रबंधन के लिए चयन पहेली को स्वीकार किया कि क्या वे सैमसन और हुड्डा दोनों को खिलाना चाहते हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि लेकिन अगर आप उसे (सैमसन) खिलाते हैं, तो आप दीपक हुड्डा को कैसे मौका देंगे? अगर आप उसे भी शामिल करते हैं, तो आप ऋषभ पंत को नहीं शामिल कर पायेंगे। आप क्या करेंगे? आप अगली सीरीज में सूर्यकुमार यादव को आराम दे रहे हैं। इसलिए उसे यहां आराम करने की कोई आवश्यकता नहीं है, वैसे भी वह खराब दौर में नहीं है, यह सब खेलने के लिए है। हुड्डा को छठा गेंदबाजी विकल्प मानकर कीवी के खिलाफ दूसरे वनडे मैच सैमसन की जगह प्लेइंग इलेवन में रखा गया था। 50 ओवर के क्रिकेट में मेन इन ब्लू के लिए केरल के बल्लेबाज के शानदार हालिया प्रदर्शन को देखते हुए इस फैसले की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई।

चोपड़ा को उम्मीद है कि शुभमन गिल और शिखर धवन शीर्ष क्रम में अपना अच्छा काम जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि शुभमन गिल बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और शिखर धवन वैसे भी अच्छा खेलते हैं, उन्होंने पहले मैच में अच्छा खेला था और उनसे तीसरे मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। साथ ही उनको उम्मीद है कि ऋषभ पंत बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि ऋषभ पंत को रन बनाने चाहिए नहीं तो काफी हंगामा होगा, क्योंकि जब वह रन नहीं बनाते हैं तो काफी हंगामा होता है। जब वह रन बनाते हैं तो काफी जश्न भी होता है। वह हंगामे और हंगामा के बीच के सफर को कवर करते हैं। चोपड़ा चाहते हैं कि भारत अंतिम वनडे मैच में टॉस जीतने पर लक्ष्य का पीछा करने का विकल्प चुनकर खुद पर थोड़ा दबाव बनाये। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज को लगता है कि केन विलियमसन एंड कंपनी के पास सीरीज जीतने का मौका है।

### बीसीसीआई के निशाने पर रोहित

# रिटायर होने के लिए नहीं कहेंगे, लेकिन हार्दिक को बनाया जा सकता है कप्तान



**मुंबई (एजेंसी)।** इसमें कोई शक नहीं कि 2024 में होनेवाले आईसीसी टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट में हमें कुछ वो दिग्गज टीम में नजर नहीं आएंगे जो इस बार ऑस्ट्रेलिया में हुए टूर्नामेंट में दिखाई दिए। रोहित शर्मा फिलहाल तीनों फॉर्मेट के कप्तान हैं, लेकिन आगामी समय में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) कप्तान बदलने के इरादे में है। साथ ही सीमित ओवरों व टेस्ट का कप्तान अलग-अलग करने की मांग भी कई देर से उठ रही है। अब इस बीच रोहित निशाने पर हैं, जिसका कारण उनकी ना सिर्फ बढ़ती उम्र है बल्कि भविष्य में टीम के लिए नए कप्तान को तैयार करना भी है।

**रिटायर होने के लिए नहीं कहेंगे :** सूत्रों के अनुसार, टी-20 विश्व कप के अभियान में जबर्दस्त ठहराव के बाद बीसीसीआई विशेष रूप से सबसे छोटे प्रारूप में टीम के भीतर बदलाव करने के लिए प्रबंधन के साथ बातचीत कर रहा है। बीसीसीआई के एक करीबी सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई कभी किसी को रिटायर होने के लिए नहीं कहता। यह किसी भी खिलाड़ी का व्यक्तिगत निर्णय है। लेकिन हां, 2023 में कुछ ही टी-20 मैच होने हैं, ऐसे में ज्यादातर सीनियर्स वनडे और टेस्ट मैचों पर ध्यान देंगे। अगर आप नहीं चाहते हैं तो आपको रिटायर की घोषणा करने की जरूरत नहीं है। आप अगले साल ज्यादातर सीनियर्स को टी-20 खेलते हुए नहीं देख पाएंगे।

**इसे बनाया जा सकता है कप्तान :** हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-0 से टी-20 सीरीज जीती। कई रिपोर्टों के अनुसार, बीसीसीआई सभी प्रारूपों में अलग-अलग कप्तान रखने के अंग्रेजी क्रिकेट टेम्पलेट का पालन करने के विचार पर विचार कर रहा है। प्रबंधन का मानना है कि टीम को क्रिकेट की आक्रामक शैली को विकसित करना चाहिए, जिसे हार्दिक समझते हैं। हार्दिक को टीम के कप्तान के रूप में जिम्मेदारी मिल सकती है, बीसीसीआई भी वरिष्ठ खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने का इरादा कर रहा है।

### उज्बेकिस्तान को हराकर चीन बना विश्व शतरंज चैम्पियन

**येरूशलम/इजराइल (एजेंसी)।** 2018 के फीडे विश्व शतरंज ओलंपियाड विजेता चीन नें एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज में धमाकेदार वापसी करते हुए विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है । बड़ी बात यह रही की चीन अपने सभी प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भी यह खिताब जीतने में कामयाब रहा। चीन की टीम नें फाइनल में उज्बेकिस्तान को लगातार दो मुकाबलों में 2.5-1.5 से पराजित करते हुए खियात्ब अपने नाम किया, चीन के फाइनल मुकाबले जीतने में जिंसी बाई और ली डी नें मुख्य भूमिका निभाई, इस प्रकार चीन स्वर्ण पदक तो उज्बेकिस्तान रजत पदक जीतने में कामयाब रहा। वहीं भारत कांस्य पदक का मुकाबला स्पेन से हार गया , दोनों के बीच हुए बेस्ट ऑफ 2 के मुकाबले 2-2 से बेनतीजा रहे और ऐसे में परिणाम टाईब्रेक से तय किया गया,जिसमें पहले बोर्ड पर विदित गुजराती को संटोस लताशा नें तो दूसरे बोर्ड पर निहाल सरीन को अंटोन डेविड नें पराजित करते हुए स्पेन को 3-1 से जीत दिला दी।

# न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डोल ने बताया पंत और सैमसन में कौन है बेहतर

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में



बहुचर्चित बहसों में से एक सीमित ओवरों के प्रारूप में विकेटकीपर बल्लेबाज स्लॉट के बारे में रही है। टी-20 विश्व कप 2022 में भारत ने टूर्नामेंट के पहले भाग के लिए अनुभवी दिनेश कार्तिक को आजमाया और फिर अंतिम दो मैचों में ऋषभ पंत को प्लेइंग-11 में जगह दी। दोनों महत्वपूर्ण चरणों में प्रभाव छोड़ने में विफल रहे, हालांकि चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए पंत को जारी रखा जो अभी तक फलदायी नहीं रहा है। हालांकि, लोग लगातार संजू सैमसन को मौका देने की बात कर रहे हैं जिन्हें बार-बार अंदेखा किया जा रहा है। वहीं, इस पर बोलते हुए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डोल ने महसूस किया कि जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ अपने धमाकेदार शतक को छोड़कर एक दिवसीय प्रारूप में पंत प्रभावशाली नहीं रहे हैं। डोल ने कहा, 'ऋषभ पंत का रिकॉर्ड एक अच्छा नमूना आकार है। उन्होंने सिर्फ 30 गेम खेले हैं और केवल 35 का औसत है, स्ट्राइक रेट अच्छा है। लेकिन 11 मैचों में संजू का औसत 60 का है और मुझे नहीं लगता कि वह किसी से कम नहीं है। मुझे लगता है कि वह भी एक अवसर का हकदार है।

उन्होंने कहा, 'ऋषभ पंत बनाम संजू सैमसन की बहस मेरे लिए एक दिलचस्प है। ऋषभ पंत के बारे में बहुत सारी बातें हैं और वह भविष्य में कैसे होगा। लेकिन सीमित ओवरों के प्रारूप में, उन्होंने ऐसा नहीं किया है। अविश्वसनीय टेस्ट खिलाड़ी और वह टेस्ट में विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में अच्छा है, इससे कोई समस्या नहीं है? लेकिन क्या वह सबसे अच्छा सफेद गेंद कीपर बल्लेबाज है? मैं आश्वस्त नहीं हूं। गौर हो कि न्यूजीलैंड दौरे के दौरान भी संजू सैमसन को मौका नहीं मिला है। उन्होंने सिर्फ पहला मैच खेला जिसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें बारिश के कारण रद्द हुए दूसरे मैच में मौका नहीं मिला। अब देखना होगा कि वह तीसरे मैच में जगह बना पाते हैं या नहीं जो बुधवार 30 नवम्बर को खेला जायेगा। भारतीय टीम सीनियर खिलाड़ियों के बिना इस समय न्यूजीलैंड में है। भारत ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में टी-20 सीरीज 1-0 से अपने नाम की जबकि वनडे की कप्तानी कर रहे शिखर धवन तीसरे मैच में जीत दर्ज करने के साथ सीरीज को 1-1 से ड्रॉ करना चाहेंगे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा

### ○ अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होनेवाले पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 की घोषणा की है। कमिंस ने टेस्ट टीम में एक बदलाव की पुष्टि की है। जुलाई में गाले में श्रीलंका के हाथों ऑस्ट्रेलिया की निराशाजनक हार के बाद अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के लाइन-अप में वापस आ गए हैं। मिचेल स्वेपसन को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंख्ला के लिए नहीं चुना गया जिन्होंने तीन विकेट के लिए 103 रन दिए थे। अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है, बाएं हाथ के



मार्कस हैरिस श्रृंखला के लिए टीम में वापस बुलाए जाने के बावजूद चयन से चूक गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला अगले साल के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण है। कमिंस की टीम वर्तमान में व्यस्त आगामी कार्यक्रम से पहले स्टैंडिंग में शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भारत में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला शुरू करने से पहले वर्ष के अंत में तीन टेस्ट के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करनी है जो उनकी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप भाग्य का फैसला कर सकती है।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग-11**

डेविड वार्नर, उस्मान ख्वाजा, मारनस लेबुस्चगने, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन, एलेक्स केरी, पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन।

### टिम साउदी ने केंद्रीय अनुबंध से हटने को लेकर दिया जवाब, कहा- बहुत आगे का नहीं सोचा

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी ने संकेत दिया है कि वह निकट भविष्य में केंद्रीय अनुबंध से हटने पर विचार कर सकते हैं। इस बहस ने मार्टिन गप्टिल के बाद बहुत ध्यान आकर्षित किया है जिन्हें काफी समय से किनारे पर रखा गया था और अंततः 23 नवंबर को ब्लैक कैप्स द्वारा उन्हें रिलीज पर दिया गया था। गुप्टिल ही नहीं बल्कि ट्रेंट बोल्ट और कॉलिन डी ग्रैंडहोम भी हाल ही में न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध से मुक्त हुए थे। इसने इन खिलाड़ियों के लिए विदेशी घरेलू टी-20 लीग में खेलने के अवसर तलाशने के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। साउथी एक क्रिकेटर के रूप में अपने भविष्य को लेकर अनिश्चित हैं और उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह न्यूजीलैंड के लिए खेलना जारी रखना चाहते हैं या अपने अंतरराष्ट्रीय करियर पर विराम लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैंने बहुत आगे का नहीं सोचा है। साउथी ने कहा, 'आने वाले महीनों में बहुत आगे देखने से पहले चिंता करने के लिए पर्याप्त क्रिकेट है, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसके साथ सभी खिलाड़ी बने रहने और खेल के बदलते परिदृश्य के बारे में सोचने की कोशिश कर रहे हैं।'



# हमारे शिल्पकार भारत की विरासत के राजदूत, संस्कृति के प्रकाश स्तंभ : धनखड़



नयी दिल्ली (एजेंसी)। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को यहां कपड़ा मंत्रालय द्वारा आयोजित शिल्प गुरु और राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में देश के शिल्पकारों को भारत की विरासत का राजदूत और संस्कृति के प्रकाश-स्तंभ की संज्ञा दी। इस कार्यक्रम को कपड़ा, वाणिज्य एवं उद्योग तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री पीयूष गोयल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में देश भर से अपने-अपने क्षेत्र में सिद्धहस्त शिल्पकारों को वर्ष 2017, 2018 और 2019 के लिए 30 शिल्प गुरु पुरस्कार और 78 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें से 36 महिलाएं हैं। इन पुरस्कारों का मुख्य उद्देश्य शिल्प कौशल में उनकी उत्कृष्टता और भारतीय हस्तशिल्प और वस्त्र क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए मान्यता देना है। कोविड19 महामारी के संकट के दौरान समारोह बीच में भौतिक रूप से नहीं हो सकता था। विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा, शिल्पकार हमारी संस्कृति के प्रकाश स्तंभ हैं। मुझे आज यह कहने का सौभाग्य मिला है कि आप हमारी संस्कृति और रचनाधर्मिता के सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली अंगारे हैं। आप दुनिया को यह दिखाते हैं कि भारत के पास कौशल का विशाल खजाना है।

**◆श्री धनखड़ ने कहा, आज हम निवेश और अवसर के लिए विश्व स्तर पर सबसे पसंदीदा गंतव्य हैं और हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र से जुड़े शिल्पकारों ने इस वृद्धि में अपनी भूमिका निभाई है।**

श्री धनखड़ ने कहा, आज हम निवेश और अवसर के लिए विश्व स्तर पर सबसे पसंदीदा गंतव्य हैं और हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र से जुड़े शिल्पकारों ने इस वृद्धि में अपनी भूमिका निभाई है। कारीगरों की शिल्प कौशल और कौशल के बारे में बात करते हुए उप-राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे परिष्कृत कौशल भारत को गौरवान्वित करते हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता यह दर्शाती है कि दुनिया प्रधानमंत्री और उनके दृष्टिकोण को सुन रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि दशक के अंत तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। श्री गोयल ने संबोधन के दौरान कहा कि हस्तकला हथकरघा एक आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी भारत के लिए आधारशिला है जो बाकी दुनिया के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत का हस्तशिल्प/हथकरघा निर्यात बढ़ रहा है। साथ ही, हमारे उत्पाद दूसरों की तुलना में अधिक टिकाऊ होते हैं। उन्होंने कहा कि सदियों से हमारे शिल्पकारों ने पत्थर, धातु, चंदन और मिट्टी में जीवन लाने के लिए अपने स्वयं के - अक्सर अद्वितीय-तरीकों और तकनीकों का विकास किया है।

## न्यूज गैलरी

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नयी दिल्ली। अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों आई तेजी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मंगलवार को भी स्थिर रहीं। अंतराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.32 प्रतिशत उछलकर 85.12 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.05 प्रतिशत की तेजी लेकर 78.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### नये उच्च स्तर पर पहुंचा निफ्टी सेंसेक्स में भी तेजी




दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में आज के कारोबार में खरीदारी देखने को मिल रही है। जिसके चलते आज के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इंडेक्स में मजबूती दिखाई दे रही है। आज निफ्टी 18604 अंकों का लेवल पार कर नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। जबकि सेंसेक्स में 100 अंकों से ज्यादा की तेजी है। आज के कारोबार में निफ्टी पर बैंक और फाइनेंशियल इंडेक्स फ्लैट दिख रहे हैं। जबकि ऑटो इंडेक्स पर दबाव दिख रहा है। वहीं आईटी, फार्मा, मेटल, रियल्टी और एफएमसीजी इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। वहीं सेंसेक्स 30 के 24 शेयर हरे निशान पर ट्रेड कर रहे हैं। फिलहाल कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 169 अंकों की बढ़त है और यह 62,674 अंकों के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 61 अंक बढ़कर 18623 अंकों के लेवल पर कारोबार कर रहा है। आज कारोबार में हैवीवेट शेयरों में खरीदारी देखने को मिल रही है।

### सरकार को ओएनजीसी से 5001 करोड़ रुपये का मिला लाभांश: दीपम

ओएनजीसी
ONGC

नई दिल्ली। सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) से लाभांश के रूप में 5,001 करोड़ रुपये मिले हैं। वित्त मंत्रालय के निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। दीपम सचिव ने सोमवार को ट्वीट कर बताया कि सरकार को ओएनजीसी से लाभांश के तौर पर 5,001 करोड़ रुपये मिले हैं। इस तरह चालू वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) से अभी तक कुल 23,797 करोड़ रुपये का लाभांश मिल चुका है। दरअसल, दीपम ने 2020 में सीपीएसई को एक सुसंगत लाभांश नीति का पालन करने और लाभप्रदता, निवेश की आवश्यकताओं, नकद या आरक्षित और निवल मूल्य जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए उच्च लाभांश का भुगतान करने के प्रयास की सलाह दी थी। दीपम के दिशा-निदेर्शों के मुताबिक सीपीएसई को कर के बाद लाभ का 30 फीसदी (पीएटी) या निवल मूल्य का पांच फीसदी, जो भी अधिक हो का न्यूनतम वार्षिक लाभांश देना जरूरी है।

## फोर्ब्स ने जारी की भारत के 100 सबसे अमीरों की सूची, गौतम अडानी और मुकेश अंबानी शीर्ष स्थान पर बरकरार



नई दिल्ली। फोर्ब्स 2022 की भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सूची जारी हो गई है। सूची के मुताबिक, भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संयुक्त संपत्ति 25 अरब डॉलर बढ़कर 800 अरब डॉलर हो गई है। शेयर बाजार में एक साल पहले की तुलना में मामूली गिरावट के बावजूद रकम में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सबसे बड़ी गिरावट रुपए की कमजोरी की वजह से आई, जिसमें इसी अवधि में 10 फीसदी तक गिरावट दर्ज की गई। गौतम अडानी ने सूची में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जिनके बाद मुकेश अंबानी हैं, जो सूची में दूसरे स्थान पर हैं। फोर्ब्स के आंकड़ों के मुताबिक, टॉप 10 सबसे अमीर लोगों की कुल संपत्ति 385 अरब डॉलर है। भारत के सबसे अमीर व्यक्ति की कुल संपत्ति 150 अरब डॉलर है जबकि सबसे अमीर महिला की कुल संपत्ति 16.4 अरब डॉलर है। इस लिस्ट में 9 महिलाएं हैं। अडानी ग्रुप के अध्यक्ष की कुल संपत्ति 1,211,460.11 करोड़ रुपए है। दमानी ने 2002 में एक स्टोर के साथ रिटेल में प्रवेश किया और अब भारत में 271 डीमार्ट स्टोर हैं। दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माण कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के चेयरमैन साइरस पूनावाला की कुल संपत्ति 173,642.62 करोड़ रुपए है। पूनावाला की संपत्ति में स्टड फार्म भी शामिल हैं।

### भारत-यूएई समझौते से जुड़ेगी जीसीसी

नई दिल्ली। अगर भारत और छह सदस्यीय खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता शुरू करने में और देरी होती है तब जीसीसी के अन्य सदस्य देशों के पास समान नियम और शर्तों पर भारत-यूएई व्यापार समझौते में शामिल होने का विकल्प होगा। मामले के जानकार सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मुक्त व्यापार समझौते में, देशों ने एक शर्त रखी थी कि अगर दोनों देश सहमत होते हैं तब किसी तीसरे देश या राष्ट्रों के समूह के पास व्यापार समझौते में एक पक्ष के तौर पर शामिल होने का विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि उस देश को भारत को वही रियायतें देनी होंगी जो यूएई ने दी थीं। भारत यूएई मुक्त व्यापार समझौते के मुताबिक, ह्यकोई भी देश, देशों का समूह या सीमा शुल्क क्षेत्र (जिसका संदर्भ बाद में ह्यसहमति देने वाले पक्ष के रूप में दिया जाता है) इस समझौते में शामिल हो सकते हैं। हालांकि ऐसे नियमों और शर्तों के अधीन इस समझौते को स्वीकार करने वाले पक्षों की सहमति हो सकती है और इस समझौते में शामिल होने वाले पक्ष और या पक्षों के समूह, लागू आंतरिक कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार मंजूरी का पालन कर सकते हैं। भारत-यूएई एफटीए मसौदे के अनुसार, ह्यसमझौते में शामिल होना संयुक्त समिति के पास सहमति पत्र जमा होने की तारीख से 60 दिनों तक प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि अन्य देशों को समझौते में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एफटीए में यह उपबंध जोड़ा गया और इसे एक क्षेत्रीय समझौता बनाया गया है। जीसीसी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और भारत को पिछले सप्ताह एफटीए वार्ता शुरू करनी थी। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि समयसीमा में देरी हुई है क्योंकि वे अभी भी संदर्भ के शर्तों पर काम कर रहे हैं और दोनों पक्ष एक साथ अन्य देशों के साथ व्यापार सौदों पर बातचीत कर रहे हैं।

## रेइट कंपनियों के पास किराया योग्य सम्पत्ति में 6.85 की वृद्धि : रिपोर्ट

**मुंबई।** बाजार अनुसंधान कंपनी स्मॉलकेस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की अनुषंगी विंडमिल कैपिटल की एक ताजा अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार देश में सूचीबद्ध रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रेइट) के पास कुल पट्टा योग्य क्षेत्र सालाना आधार पर 6.85 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इस वर्ष सितंबर के अंत में 9.36 करोड़ वर्ग फुट तक पहुंच गया। पिछले साल इस माह उनके पास किराए पर देले योग्य कुल क्षेत्र 8.76 करोड़ वर्ग फुट था। रेइट के पास सबसे अधिक पट्टा योग्य क्षेत्र बेंगलूरू में है जबकि नोएडा में इस क्षेत्र में सालाना आधार पर सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार रेइट कंपनियों में सबसे ऊंचा निवेश प्रतिफल ब्रुकफील्ड ने दिया। इसने दिसंबर में कारोबार शुरू करने के बाद 17.85 प्रतिशत की दर से प्रतिफल दिया है। रेइट एक ऐसी कंपनी होती हैं जो किराए पर चढ़ाने योग्य अचल संपत्ति का स्वामित्व रखने के साथ उनका परिचानल और वित्त पोषण करती हैं। निवेशकों के लिए म्युचुअल फंड की तर्ज पर रेइट की यूनिटों में निवेश करके अचल सम्पत्ति को सीधे खरीदे बगैर उसमें निवेश से लाभांश अर्जित करने का अवसर मिलता है।

## डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स : इंडिया ने जमशेदपुर में टाटा स्टीपल के लिये 2022 डेल्टा टेक्नोलॉजी डे इवेंट का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पावर और थर्मल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस में दुनिया की प्रमुख कंपनी डेल्टा ने हाल ही में जमेशदपुर में विगत 24 नवंबर को टेक्नो्लॉजी डे इवेंट का आयोजन किया। इस इवेंट में टाटा ग्रुप के 140 लोगों ने भाग लिया। यह इवेंट डेल्टा का दृष्टिकोण दिखाता है, जिसमें हमारी धरती की सबसे महत्ववपूर्ण समस्याकओं में से कुछ को हल करने के लिये भागीदारियों को प्रोत्साहिहित किया जाता है और हर किसी को प्रभावी सकारात्मोक बदलाव के लिये सक्षम बनाया जाता है। डेल्टात का हर काम स्थायित्व पर केन्द्रित होता है। यह उपलब्धियों की सराहना करने, सम्बंकधों को बढ़ावा देने और एक अनुकूल भविष्यो की योजना बनाने का एक अवसर था। टाटा स्टींल अपने उत्सर्जन कम करने के लिये प्रतिबद्ध है और स्टीाल बनाने में सीओ 2 न्यूलट्रल होने की महत्वा्कांक्षा रखती है। इसे



हासिल करने के लिये, टाटा स्टी ल सीओ 2 का उत्सेर्जन कम करने हेतु कई परियोजनाओं में शामिल है। इसके अलावा, एक बेहतर कल के लिये अभिनव, पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा-सक्षम समाधान प्रदान करना पिछले 50 वर्षों से डेल्टार का कॉर्पोरेट मिशन रहा है। ऐसी चुनौतियों का सामना करने में डेल्टार का एक लंबा इतिहास है और समाज के कम कार्बन वाले भविष्य में हम स्टीाल की महत्व पूर्ण भूमिका पर बड़ा विश्वाास रखते हैं। इसलिए स्थाि्यित्वा की यात्रा में टाटा ग्रुप की सहायता के लिये डेल्टां इलेक्ट्रॉनिक्सक टेक्नोालॉजी डे इवेंट का आयोजन टाटा ग्रुप को सहकार्य का एक मंच देने और उद्योग के तकनीक से सम्बंलधित नये चलन दिखाने के लिये हुआ था, ताकि समग्र और स्था यी वृद्धि की बेहतर तैयारी हो सके। डेल्टान और टाटा ग्रुप, दोनों के वरिष्ठ् प्रबंधन ने इस मौके पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

## मोतीलाल ओसवाल समूह शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट परियोजना में करेगा 450 करोड़ रुपये का निवेश



**मुंबई (एजेंसी)।** मोतीलाल ओसवाल अल्टरनेट्स (एमओए), की वैकल्पिक निवेश शाखा मोतीलाल ओसवाल ग्रुप ने शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट की दो परियोजनाओं के लिए तय तरीके से 450 करोड़ रुपये के कर्ज देने की प्रतिबद्धता जतायी है। यह जानकारी मोतीलाल ओसवाल समूह की विगत सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी। बयान के मुताबिक यह निवेश दो परियोजनाओं में किया जाएगा, जिनमें से एक परियोजना दिल्ली के पास मानेसर में पट्टे वाली एक वाणिज्यिक परियोजना है जो आंशिक रूप से पूर्ण हो चुकी है। दूसरी परियोजना 2021 में शुरू की गयी एक आवासीय टाउनशिप परियोजना है और इसकी बिक्री उत्साहजनक है। बयान में कहा गया है कि व्यवस्थित ऋण अनुबंध के अनुसार किया जाएगा। शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट इस धन का उपयोग परियोजना के लिए कार्यशील पूंजी, ऋण की अदायगी और वित्तीय परियोजना पूरी करने के लिए करेगा। एमओए वर्तमान में पांच रियल एस्टेट फंड और कई अलग-अलग गैर परिवर्तनीय रिण-पत्र निवेश योजनाओं का प्रबंधन करता है। कंपनी इस समय 6,000 करोड़ रुपये की निवेश सम्पत्तियों का प्रबंध कर रही है। एमओए के रियल एस्टेट फंड्स के मुख्य कार्यकारी शरद मित्तल ने यह जानकारी देते हुए कहा, हमने अपने मंच के जरिए शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट के साथ हाल ही में एक अनुबंध किया है। यह उसके साथ हमारा पहला निवेश है।

## ओयो को पहली छमाही में 63 करोड़ रुपए का कर-पूर्व लाभ दर्ज किया

**नई दिल्ली।** होटल के कमरे मुहैया कराने वाले ऑनलाइन मंच ओयो ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 63 करोड़ रुपए का कर-पूर्व लाभ (एबिटा) दर्ज किया है। आईपीओ लाने की तैयारियों में जुटे ओयो ने सोमवार को बाजार नियामक सेबी को अपने वित्तीय विवरण की जानकारी देते हुए कहा कि अप्रैल-सितंबर 2022 की छमाही में उसका राजस्व 24 प्रतिशत बढ़कर 2,905 करोड़ रुपए हो गया। इस दौरान उसकी एबिटा आय 63 करोड़ रुपए हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में उसे 280 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। ओयो अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है और इसके लिए उसने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अर्जी लगाई हुई है।

## शक्ति नीति के तहत पांच साल में 4500 मेगावाट बिजली की खरीद की योजना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बिजली की कमी का सामना कर रहे राज्यों की मदद करने और उत्पादन संयंत्रों को उनकी क्षमता बढ़ाने में मदद करने की योजना के तहत पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड ने 4,500 मेगावाट की आपूर्ति के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। यह जानकारी बिजली मंत्रायल की एक विज्ञप्ति में दी गयी है। बिजली आपूर्ति निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि 21 दिसंबर है। पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) है। विज्ञप्ति के अनुसार यह निविदा शक्ति नीति के शक्ति नीति के पैरा (5) के तहत पहली बार जारी की गयी है और इसके तहत बिजली की आपूर्ति अप्रैल 2023 से शुरू हो जाएगी। बयान के अनुसार कोयला मंत्रालय से इसके लिए सालाना लगभग 27 लाख टन कोयला



आवंटित करने काने का अनुरोध किया गया है। विद्युत मंत्रालय ने शक्ति नीति के पैरा बी (5) के तहत प्रतिस्पर्धी आधार पर या वित्त, स्वामित्व और संचालन (एफओओ) के आधार पर 4500 मेगावाट की कुल बिजली खरीद के लिए एक योजना शुरू की है। बयान के मुताबिक इस योजना में गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, नयी दिल्ली नगर निगम और तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने रुचि दिखायी है।

## एलन मस्क का दावा- एपल ने अपने एप स्टोर से ट्विटर को वापस लेने की दी धमकी

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क का दावा है कि एपल ने ट्विटर ऐप को आईओस ऐप स्टोर से हटाने की धमकी दी है। मस्क ने एक ट्वीट में ये भी दावा किया कि एपल ने प्लेटफॉर्म पर ज्यादातर विज्ञापन बंद कर दिए है। मस्क ने लिखा, 'एपल ने ट्विटर पर ज्यादातर विज्ञापन बंद कर दिए है। क्या वे अमेरिका में फ्री स्पीच से नफरत करते हैं। एक अन्य ट्वीट में मस्क ने एपल के सीईओ टिम कुक से पूछा, 'यहां क्या चल रहा है। इसके अलावा मस्क ने एक पोल में पूछा कि क्या एपल को उन सभी सेंसरशिप एक्शन को पब्लिश करना चाहिए जो उसके ग्राहकों को प्रभावित करते हैं। हालांकि मस्क के दावों पर एपल की ओर से अभी तक किसी तरह का कोई जवाब नहीं आया है। मस्क ने कुछ और भी ट्वीट किए है जिनसे पता चलता है कि उनके और एपल के बीच तनाव बढ़ रहा है।

# क्रूड ऑयल की कीमतों में रिकॉर्ड गिरावट, क्या घटेंगे तेल के दाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड बीते सोमवार यानी 28 नवंबर 2022 को जनवरी महीने के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर गिर गया है। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में इस गिरावट के बाद अब तेल के दाम घटने की उम्मीद बढ़ गई है। इसकी एक वजह ये भी है कि चीन में सख्त कोविड प्रतिबंधों और 5 दिसंबर से रूसी तेल पर जी -7 मूल्य कैप के कारण मांग पर असर पड़ा है। ब्रेंट की बात करें तो ये $2.6/बैरल या 3 फीसदी से ज्यादा फिसलकर $80.97 के स्तर पर आ गया है। रूस सहित तेल निर्यातकों के ओपेक+ समूह द्वारा एक और उत्पादन में कटौती की आशंका ने तेज गिरावट में योगदान दिया है। समूह की एक बैठक मौजूदा उत्पादन सीमा पर 4 दिसंबर को होने वाली है। ब्रेंट में लगातार तीन हफ्तों से कमजोरी देखी जा रही है। इसका नतीजा है कि भारतीय रिफाइनरों द्वारा खरीदे गए कच्चे तेल का मिश्रण मार्च में औसतन $112.8 से गिरकर $82/बैरल हो गया है। ये उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। मौजूदा समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगभग 85 डॉलर प्रति बैरल पर तेल को दशार्ती हैं। इस प्रकार, हाल की गिरावट, ईंधन की कीमतों में कटौती की गुंजाइश छोड़ती है अगर तेल इस स्तर पर रहता है या आने वाले दिनों में और लड़खड़ाता है तो लोगों को इसका फायदा मिल सकता है।

### 22 मई को कम की गई थीं कीमतें

तेल की कीमतों में पिछली बार 22 मई को कटौती की गई थी इस दौरान सरकार ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद ब्रेंट में तेजी के बाद उपभोक्ताओं को राहत के रूप में पेट्रोल पर 8 रुपये और डीजल पर 6 रुपये उत्पाद शुल्क घटाया था। इसके बाद से तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। इधर बाजार पर नजर रखने वालों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में पेट्रोल पर 10 रुपए और डीजल पर 14 रुपए की अंडर-रिकवरी हुई है। इस महीने की शुरूआत में पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों ने मार्जिन (ओवर-रिकवरी) का संकेत दिया था। इसे कई लोग अनुमानित मूल्य मानते थे।

## सरकार ने इसरो को विस्फोटक नियम के प्रावधानों से छूट दी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अंतरिक्ष रॉकेट के लिए ठोस प्रणोदक के निर्माण, भंडारण, उपयोग और परिवहन के लिए मंजूरी लेने के नियम से छूट दी है। ठोस प्रणोदक अंतरिक्ष रॉकेट में इस्तेमाल होने वाला मुख्य ईंधन है। सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के तहत यह फैसला किया। इससे पहले, इसरो को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की एक शाखा पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से लाइसेंस लेना पड़ता था। डीपीआईआईटी की एक अधिसूचना के अनुसार यह छूट कुछ शर्तों के तहत दी गई है। शर्तों के अनुसार इसरो को विस्फोटकों के निर्माण, भंडारण, परिवहन और उपयोग के लिए विस्फोटक भंडारण एवं परिवहन समिति (एसटीईसी) के दिशानिदेर्शों का पालन करना होगा।

## पेज एक के शेष

### 2023 तक राज्य...

पहचान करने का निर्देश सरकार ने दिया है। साथ ही, गांव में कृषि उद्योग के अतिरिक्त नौकरी के अवसर सृजित करने पर अधिक जोर दिया जायेगा।

यह भी मिला है निर्देश : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के प्रत्येक जिले में चयन मानदंडों के आधार पर सौर गांवों में तब्दील किये जानेवाले गांवों की प्राथमिकता सूची की पहचान, चिन्हित गांवों की सूची उपायुक्तों के साथ साझा करने, गांवों में आजीविका को लेकर सौर ऊर्जा के नये प्रयोगों को लागू करने की संभावनाओं या क्षमता का आकलन करने, सामुदायिक सौर प्रतिष्ठानों के लिए उपयुक्त सरकारी और निजी भूमिवाले गांवों में भूमि बैंकों की पहचान कर नक्शा बनाने और गांवों की मांग को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित का निर्देश दिया है। किसानों को ध्यान में रखते हुए माइनर इरिगेशन में भी सौर ऊर्जा के उपयोग पर ध्यान देने का निर्देश मिला है।

### दावा : शराब के ठेके...

तो टार्गेट मुताबिक बिक्री (सेल) कैसे करें? शराब के होलसेलर कहते हैं- ब्रांडेड कंपनियां मनोनुकूल शराब/बीयर की आपूर्ति ही नहीं कर रही और कंपनियां कहती हैं उन्हें माल सप्लाई का भुगतान ही नहीं हो रहा तो आगे सप्लाई करें कैसे? इस चुहे-बिल्ली और लूटपाट के खेल में झारखंड के सरकारी राजस्व का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है।

### रुपये के डिजिटलीकरण...

बैंक डिजिटल करेंसी या डिजिटल रुपया आरबीआई द्वारा जारी करेंसी नोटों का एक डिजिटल रूप है। डिजिटल करेंसी या रुपया पैसे का एक इलेक्ट्रॉनिक रूप है, जिसका उपयोग कांटेक्ट रहित लेन-देन में किया जा सकता है। केंद्रीय बजट 2022 पेश करते हुए, केंद्रीय वित्त मंत्री ने पहले घोषणा की थी कि केंद्रीय बैंक जल्द ही अपनी डिजिटल मुद्रा शुरू करेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए आठ बैंकों को चुना गया है। पहले चरण में चार बैंक हैं। इनमें एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं। इसके बाद इसमें बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक इसमें शामिल होंगे। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत चार शहरों मुंबई, नयी दिल्ली, बेंगलुरु व भुवनेश्वर से होगी। इसके बाद इसका विस्तार अहमदाबाद, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, कोचीन, लखनऊ, पटना व शिमला में होगा। इसका विस्तार धीरे-धीरे अन्य बैंकों के बीच भी होगा। कोई यदि चाहेगा तो इसे कागजी नोट में भी हासिल कर सकता है। रिजर्व बैंक ने डिजिटल करेंसी को दो कैटेगरी सीबीडीसी-डब्लू और सीबीडीसी-आर में बांटा है। सीबीडीसी-डब्लू मतलब होलसेल करेंसी और सीबीडीसी-आर का मतलब रिटेल करेंसी से है। लेकिन इन पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा।

